GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-06-09-2023

# गुटका खरीदने के विवाद में मारपीट, केस

**चरगांवा (एसएनबी)**। गुलरिहा क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज में सोमवार की शाम गुटके की दुकान पर वाद विवाद में दुकानदार ने लाठी-डंडे से पीटकर एक युवक को अधमरा कर दिया। घायल की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस सोमवार की रात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। शिवपुर सहबाजगंज निवासी युवक विजय चौहान ने आरोप लगाया है कि सोमवार की शाम समुंद्र चौहान की दुकान पर गुटका खरीदने गया था, वहां किसी बात को लेकर दुकानदार से वाद विवाद हो गया। दुकानदार ने युवक को लाठी डंडे से बुरी पीटकर घायल कर दिया। जिससे युवक के सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गया। घायल की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस आरोपित के खिलाफ धारा 323,504,506 व 308 आईपीसी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# स्कूली बस में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़

**बड़हलगंज (एसएनबी )**। कोतवाली क्षेत्र के फरसाड़ गांव के पास स्कूली बस में घुसकर मनबढ़ युवकों ने मारपीट किया और बस में तोड़फोड़ की। स्कूल प्रशासन ने तहरीर देकर चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दिए गये तहरीर में सेंट जोसेफ स्कूल कोड़ारी बड़हलगंज के प्रधानाचार्य फादर थामस फिलिप ने लिखा है कि बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस को फरसाड़ के पास रोककर अवनीश यादव, वैभव पांडेय, मनीष यादव, अंगद यादव व अज्ञात पता अज्ञात ने ड्राइवर व कंडक्टर के साथ मारपीट किया। उसमें बैठे एक छात्र को भी मार दिया। जाते जाते बस में लगे कैमरे को तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस धारा 147, 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)**। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को कैम्पियरगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल पुत्र बसंत निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर टोला अहिरौली थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 376, 147, 342, 506 भादसं व पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# किशोरी का अपहरण केस दर्ज

**पिपराइच (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक 4 सितंबर को 15 वर्षीय किशोरी को भगा ले गया। लड़की के पिता ने बनकटिया गांव निवासी चन्दन प्रजापति पर भगाने का आरोप लगाया है।लड़की के पिता ने बताया कि बनकटिया गांव में आरोपी के घर पता करने गया था। इस दौरान चन्दन के मां बाप व भाई ने जानमाल की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने लड़की के पिता के तहरीर पर अपहरण व जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज की है।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार, नाबालिग मुक्त

**चिलुआताल (एसएनबी)।** नाबालिग का अपहरण करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपहृता को मुक्त कराया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम करन भारती पुत्र जयहिन्द भारती निवासी जंगल बहादुर अली सन्झाई थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 363,504,506 भा0द0सं0 के तहत कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई वीरेंद्र बहादुर सिंह, आरक्षी धीरेंद्र यादव, आरक्षी उपेंद्र गौड़ व महिला आरक्षी प्रियंका राय शामिल रहीं।

# छत से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

**समधिया (एसएनबी)।** सहजनवा थाना अंतर्गत ग्राम भिटनी निवासी कविता देवी पत्नी रमाशंकर 30 वर्ष छत से गिरकर घायल हो गई। उसके कमर तथा पैर की हड्डियों फ्रैक्चर हो गया है। जिसे परिजनों ने नजदीकी प्राइवेट अस्पताल संतकबीरनगर ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार कविता अपने छत पर कपड़ा फैलाने के लिए गयी। कपड़ा फैलाते समय छत का छज्जा अचानक टूट गया जिससे वह नीचे जमीन पर गिर पड़ी। परिजनों ने तत्काल निजी साधन से संतकबीरनगर जिले के अशोका अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

# नारियल पानी वाले ने चाकू लेकर दौड़ाया भाग कर बचाई जान

**गोरखपुर(एसएनबी)**। कैंट इलाके के बेतियाहाता के एक अस्पताल के भर्ती मरीज के परिजन को नारियल पानी बेचने वाले ने चाकू लेकर दौड़ा लिया। पीड़ित ने भाग कर जान बचाई, मौजूद लोगो ने दुकानदार को पकड़ा और सूचना पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित की तहरीर पर थाना कैंट पुलिस केस दर्ज कर लिया है। कैंट इलाके के बेतियाहाता निवासी विजेंद्र सहाय मिश्रा ने तहरीर में बताया की बेतियाहाता के आस्था हास्पिटल में उनके मामा का डेंगू का इलाज चल रहा है। सोमवार की शाम करीब 7 बजे मरीज के लिए नारियल पानी लेने प्रज्ञा हास्पिटल के सामने नारियल पानी वाले ठेले पर पहुंचे और नारियल पानी लेकर पांच सौ का नोट दिए और बाकी के पैसे जल्दी वापस करने को बोले, इतने में दुकानदार ने विजेंद्र को मां बहन की भद्दी भद्दी गली देने लगा विरोध करने पर नारियल कटने वाला चाकू लेकर दौड़ा लिया। विजेंद्र भाग कर अस्पताल में गए तो दुकानदार ने अपने तीन चार साथियों के साथ अस्पताल में घुस कर उन्हे बाहर खींच कर ले जाने लगा लेकिन तभी आस पास के लोग इकट्ठे होने लगे जिन्हे देख कर भागने की कोशिश में था लेकिन लोगो ने उसे पकड़ लिया और पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।

# महाराष्ट्र में दर्ज रेप का मुकदमा गुलरिहा ट्रांसफर

भटहट (एसएनबी)। महाराष्ट्र से दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मुकदमा गुलरिहा थाने में ट्रांसफर हुआ है। गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार को पीड़िता के निशानदेही पर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए एक आरोपित को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

**पुलिस ने एक आरोपित को उठाया**

उप्र के जौनपुर जनपद का एक व्यक्ति महाराष्ट्र में अपने परिवार के साथ रहता है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक आरोपित के रिस्तेदार महाराष्ट्र में पीड़िता के पड़ोस में रहते हैं। आरोपित के मौसेरे भाई को फेसबुक से चौटिंग के दौरान नाबालिग पीड़िता से नजदीकी हो गई। नाबालिग को महाराष्ट्र से गोरखपुर ले आए । शहर में रहने के लिए होटल में कमरा बुक करने का प्रयास किया, लेकिन किशोरी साथ होने के कारण होटल में कमरा नहीं मिला। आरोपित उनको लेकर गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो में स्थित अपने घर ले गया। आरोप है कि एक सप्ताह तक नाबालिग से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के बाद उसे वापस महराष्ट्र छोड़कर मोबाईल बंद कर लिया। युवकों को तलाश में पीड़िता ने काफी प्रयास किया। युवकों का पता न चलने पर पीड़ित के पिता ने महराष्ट्र में मुकदमा दर्ज कराया। जनवरी 2023 में घटनास्थल के आधार पर मुकदमे को गोरखपुर उत्तर प्रदेश स्थानांतरित किया गया। घटनास्थल का थाना स्पष्ट न होने के कारण मुकदमा हस्तांतरित नहीं हो पाया। पांच सितंबर को पीड़िता अपने पिता के साथ पुनः गुलरिहा थाने पहुंची तो पुलिस साथ लेकर घटना स्थल पहुंच गई। उसकी निशानदेही पर घटना स्पष्ट होते एक आरोपित को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस मुकदमा हस्तांतरित करने के साथ दूसरे आरोपित को गिरफ्तार करने की कार्रवाई में जुटी हुई है । इस संबंध में गुलरिहा इंस्पेक्टर जेएन शुक्ला ने बताया कि लड़की का मामला है जांच पूरी होने पहले कुछ भी बताने में असमर्थ है। जांच पूरी होने के बाताऐंगे।

# मनबढ़ ने विद्यालय का चहारदीवारी गिराया

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** प्राथमिक विद्यालय कुरसा की निर्माणाधीन चहारदीवारी को एक मनबढ़ व्यक्ति ने गिरा दिया। चहारदीवारी गिराने का विरोध करने पर उसने ग्राम प्रधान मझौरा को गालियां और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ग्राम प्रधान की तहरीर पर आरोपित के विरूद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासी ग्राम प्रधान जयप्रकाश कन्नौजिया ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम कुरसा निवासी दीपचंद पासवान पुत्र रमाकांत मनबढ़ किस्म का व्यक्ति है। वह सोमवार को प्राथमिक विद्यालय कुरसा पर आया। उस समय मेरे द्वारा विद्यालय के बाउंड्रीवाल का काम कराया जा रहा था। जिसका उन्होंने विरोध करते हुए निर्माणाधीन चहारदीवारी को गिराना शुरू कर दिया। मना करने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। यह भी आरोप है कि पहले उसने अपने लिए प्रधान से सौर ऊर्जा लाइट की मांग भी किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा तहरीर मिली है। आरोपित दीपनरायन पासवान के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ऑनलाइन ठगी के शिकार पुलिस से लगा रहे गुहार

गोरखपुर(एसएसबी)। आज के आनलाइन मार्केटिंग के दौर ने जहां लोगो को तमाम सुविधाएं दी है। वहीं आनलाइन ठगो ने लोगो को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अनलाइन ठग इंटरनेट के जरिए बैठे बैठे लोगो को अपना शिकार बना रहे हैं। ठगों के द्वारा ठगी के लिए सबसे ज्यादा एनीडेस्क एप का इस्तेमाल किया जा रहा है। ठग कस्टमर केयर प्रतिनिधि बन कर कस्टमर की समस्या का समाधान करने के लिए एनीडेस्क एप डोवनलोड करवाते है और सारे पैसे उड़ा लेते हैं।

**रोज हो रहे है लोग ऑनलाइन ठगी के शिकार**

झारखंडी के टुकड़ा नम्बर 2 के कृष्ण प्रताप नारायण 30 अगस्त को अपनी पत्नी का रेलवे टिकट आईआरसीटीसी के जरिए कैंसिल करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन बार बार प्रयास के बाद भी टिकट कैंसिल नही हुआ, तभी एक अज्ञात न से उनको फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को आईआरसीटीसी का कर्मचारी बता कर टिकट कैंसिल करने में मदद का यकीन दिलाया और उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज दिया जो की एनीडेस्क एप का था। ष्ण प्रताप ने एप डाउनलोड किया और थोड़ी ही देर में उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 125 लाख उड़ा दिए। ष्ण प्रताप ने तत्काल साइबर अपराध और क्रेडिट कार्ड आफिस में सूचना दी। साथ ही सोमवार को थाना एम्स जाकर मुकदमा दर्ज करवाया।

कुछ इसीतरह अनलाइन ठगी के शिकार बेतियाहाता के हनुमान मंदिर के पास रहने वाले नान्हु लाल सोनी के साथ 9 जून को हुई। शेयरचौट एप की खराबी दूर करने के लिए अनजान न से फोन आया। फोन पर सामने से खुद को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बता कर आप की खराबी दूर करने के लिए एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाया और फिर नान्हू के खाते और क्रेडिट कार्ड से 16 लाख उड़ा दिए। नान्हू लाल ने इसकी शिकायत साइबर सेल में की थी। सोमवार को थाना कैंट में मुकदमा दर्ज करवाया।

# फोन पर दी जान से मारने की धमकी, केस

गोरखपुर (एसएनबी)। मंगलवार को कैंट इलाके के रुस्तमपुर ढाला निवासी शिवप्रताप यादव ने किसी अज्ञात के फोन पर जान से मरने और गाली गलौज करने की शिकायत दर्ज करवाई है। शिवप्रताप के शिकायत पर सोमवार को थाना कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच कर रही है।

शिवप्रताप ने बताया है की उसने कई कानून का सहयोग कर अपराधियों को सजा दिलवाया है। थाना खोराबार में दर्ज एक मुकदमे में 6 कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध साक्ष्य देकर आजीवन कारावास की सजा करवाने में सहयाग किया था। उसने बताए की सोमवार को सुबह करीब 10 बजे किसी अज्ञात ने फोन कर के लोकेशन लेने का प्रयास कर रहा था लेकिन जब असफल हो गया तो मां -बहन की भद्दी भद्दी गली देने लगा और साथ ही पूरे परिवार को उड़ा देने की धमकी देने लगा। धमकी से शिव प्रताप का पूरा परिवार भयभीत है।

# पीकू सेंटर में जांच के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल

गोरखपुर (एसएनबी)। भटहट सीएचसी में स्थापित पिकू सेंटर में इलाज के लिए आने वाले बच्चों के परिजनों से जांच के नाम पर जमकर वसूली की जा रही है। मंगलवार को इलाज के लिए पहुंचने वाले एक अभिभावक से बच्चे की जांच के नाम पर वसूली का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है।

भटहट प्रतिनिधि के अनुसार इधर प्रभारी सीएचसी अधीक्षक डा.अश्वनी चौरसिया ने वायरल वीडियो में पैसा वसूलने वाले युवक को अपने अस्पताल का कर्मचारी नहीं होना बताकर पल्ला झाड़ लिया जबकि शासन के मंशा के अनुसार पिकू सेंटर में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क होनी चाहिए। पिपरा चुरामन गांव निवासी राज किशोर गौड़ एक सप्ताह पहले हैदराबाद से वापस लौटे हैं। उनके 18 माह के बेटे को पिछले कुछ दिनों से शौच व पेशाब में दुर्गंध की शिकायत थी। बच्चे को दिखाने के लिए भटहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे तो उन्हें नौ नंबर वार्ड में बैठने वाले पिकू सेंटर के डाक्टर को दिखाने के लिए कहा गया। नौ नंबर वार्ड के डाक्टर ने बच्चे को देखने के बाद जांच कराने के लिए तीसरी मंजिल पर स्थापित गहन चिकित्सा केंद्र (पीकू) में भेज दिया गया। वहां बताया गया कि पूरी जांच के लिए 1300 रुपए लगेंगे। परिजन ने कुछ कम करने सिफारिश कि तो सौ रुपया कम लेने की बात कही गई। इसके साथ ही यूरीन का सैम्पल कलेक्ट न होने पर 1100 सौ रुपया मांगा गया। परिजन के पास एक हजार रुपए ही नगद थे तो उससे सौ रुपए आनलाइन पेमेंट भी लिया गया। इस दौरान वहीं बैठे एक व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। प्रभारी अधीक्षक डा. चौरसिया ने वायरल वीडियो में वसूली कर रहे युवक को बाहरी बताया है। चर्चा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राइवेट पैथोलाजी के कर्मचारी जांच कराने वाले मरीजों की तलाश में घूमते रहते हैं। उनके इस खेल में सरकारी कर्मचारी भी पूरा सहयोग करते हैं। इधर सिरसिया निवासी जयनारायण राय ने मामले की शिकायत सीएमओ डा. आशुतोष कुमरा दूबे से की। तब उन्होंने जांच करने का आश्वासन दिया।

**जय नरायण राय ने की सीएमओ से शिकायत तथा उन्होंने जांच का दिया आश्वासन**

# जमीन दिखा कर एसएसबी जवान से हड़प लिए ₹9 लाख

गोरखपुर(एसएनबी)। खोराबार थाने के ग्राम भैसाहा निवासी हरिश गुप्ता पुत्र रामबेलास गुप्ता ने जमीन दिखा कर बांसगांव निवासी अजीत सिंह पुत्र दिनेश सिंह से नौ लाख रुपए ले लिए और फिर जमीन की तय मूल्य से मुकर गया। अजीत के एडवांस के पैसे वापस मांगने पर गाली गलौज और जान से मरने की धमकी देने लगा। जिसके बाद सोमवार को अजीत ने थाना एम्स में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है।

नंदानगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार अजीत ने अपनी तहरीर में बताया की उसके साले प्रवीण सिंह थाना मदनपुर, देवरिया एसएसबी में हेड कांस्टेबल हैं और अररिया बिहार में तैनात है। उनको मकान बनवाने के लिए 5 डिसमिल जमीन की तलास थी। इसलिए प्रवीण ने अपने जीजा अजीत को जमीन तलास करने के लिए कहा। अजीत की मुलाकात हरिश गुप्ता से हुई। हरीश ने अपनी एक जमीन ग्राम तकिया मेदनीपुर में दिखाई। जमीन हरिश गुप्ता के नाम थी जिसका उसने इंतखाप भी दिखाया। जमीन पसंद आने पर 5 डिसमिल जमीन की कीमत 25 लाख में तय हुई। अजीत और उसके साले प्रवीण ने नौ लाख एडवांस के तौर पर दिए और जमीन पर बाउंड्री करवा कर बाकी की रकम बैनामा के समय देना तय हुआ। पैसे की व्यवस्था करने के बाद जब बैनामा करवाने की बात आई तो हरिश जमीन की तय कीमत से 5 लाख ज्यादा मांगने लगा। तब अजीत ने अपने एडवांस के पैसे लौटा देने की बात कही। हरिश ने पैसे कुछ दिनों में लौटने को कहा था लेकिन फिर आज कल कह कर टालता रहा। काफी समय बीत जाने पर जब पैसे के लिए दबाव दिया तो हरिश गली गलौज और जान से मरने की धमकी देने लगा और पैसे देने से इंकार कर दिया। साथ ही जमीन पर कराई गई बाउंड्री भी तोड़ दिया। पुलिस ने हरीश गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस ने दर्ज किया केस**

# रिश्वत लेने के मामले में खोराबार थाने का दारोगा सस्पेंड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बीते 26 अगस्त को खोराबार इलाके में मारपीट के मामले में एक पक्ष से पैसा लेकर मदद करने वाले दारोगा अभिजीत सिंह को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सस्पेंड कर दिया। पिछले माह पीड़ित छोटेलाल राजभर ने एसएसपी से मिलकर शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत के आधार पर अंडर ट्रेनिंग एएसपी ने थाने पर पहुंच कर जांच की। जांच के दौरान मामला सही पाया गया जहां दारोगा के खिलाफ एक्शन लिया गया।

**पीड़ित छोटेलाल ने एसएसपी से मिलकर दर्ज करायी थी शिकायत**

**खोराबार प्रतिनिधि** के मुताबिक खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल सिकरी बाईपास स्थित एक देशी शराब की दुकान के पास चीखना बेचने वाले दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। हल्का नम्बर तीन के जंगल सिकरी के दारोगा अभिजीत सिंह ने एक पक्ष के लगभग 75 वर्षीय वृद्ध छोटे लाल राजभर से 1500 रुपये मदद करने के नाम पर ले लिया था। कई दिन थाने पर दौड़ने के बाद भी जब दारोगा ने वृद्ध की कोई मदद नही किया। पीड़ित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया था। मामले पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले की जांच अंडर ट्रेनिग एएसपी आदित्य को सौप दी। बीतें मंगलावर की दोपहर में खोराबार थाने पहुंचे एएसपी ने घंटों दारोगा से पूछताछ किया। पूछताछ और जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आयी कि दारोगा ने पीड़ित से पैसा लिया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने दारोगा को सस्पेंड कर दिया।

**पहले भी हो चुकी है शिकायत :**

खोराबार थाना क्षेत्र का हल्का नं. 3 के उसी दारोगा की एक मामले में पहले भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पीड़ित शिकायत कर चुके हैं। कुछ माह पूर्व एक मामले में युवक को मारने पीटने के मामले में भी पीड़ित ने उक्त दारोगा की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से किया था और मामले में कई दिन पीड़ित के घर जांच पड़ताल करने तत्कालीन सीओ पहंचे थे। यही नही इसके पूर्व में बेलघाट थाने पर एक मुकदमा की विवेचना के दौरान निलंबित हुए थे। उरूवा थाने से दारोगा एक मामले में जेल भी जा चुके हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खोराबार (एसएनबी)।** बीते एक वर्ष से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को थाना प्रभारी जयंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश की जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। बीते नवम्बर महीने में खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल रमलखना अम्बेडकर टोला निवासिनी दुर्गावती देवी के घर मे गांव का ही रहने वाला युवक बलदेव उर्फ मिंटू पुत्र रामरक्षा रात में खिड़की के रास्ते घर में घुस गया और कमरे में सो रही एक किशोरी के साथ मारपीट करके जबरिया दुष्कर्म किया। किशोरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन जागे और दरवाजे को तोड़कर किशोरी को बाहर निकाला इस दौरान युवक फरार हो गया। परिजन घटना की सूचना पुलिस को दिए। आरोप है कि युवक के परिजन महिला के दरवाजे पर चढ़कर मारपीट किये। दुर्गावती देवी की तहरीर पर पुलिस धारा 376, 452, 323, 504, 506 आईपीसी व 3/4 पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज करके युवक की तलाश कर रही थी। मंगलवार को थाना प्रभारी जयंत सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म का अभियुक्त रामनगर कडजहा में खड़ा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार लिया।

# दुकान से बच्चों को मिला सड़ा केक शिक्षक को खिलाया, बिगड़ी तबीयत

**भटहट (एसएनबी)**। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमहां बुजुर्ग में स्थित एक परिषदीय विद्यालय के आठवीं कक्षा के बच्चे शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक को केक काटकर खिलाया। चंद सेकंड बाद ही शिक्षक को उल्टी होने लगी। इसके बाद केक को ध्यान से देखा गया तो उसमें कीड़े नजर आए। केक अंदर से सड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस केक को जब्त कर दुकानदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत जैनपुर के टोला निवासी एक व्यक्ति की करमहां बुजुर्ग चौराहे पर बेकर्स की दुकान है। मंगलवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर करमहां बुजुर्ग के आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ लगभग आधा दर्जन छात्र चौराहे पर पहुंचे और उक्त दुकानदार से केक लिया। दुकानदार ने ढाई सौ रुपए में बच्चों को केक दिया। बच्चे केक लेकर स्कूल पर पहुंचे और शिक्षकों के साथ शिक्षक दिवस मनाने के लिए केक काटने लगे। केक का पहला टुकड़ा बच्चों ने शिक्षक को खिलाया। केक खाते ही शिक्षक को उल्टियां होने लगी। उसके बाद केक को ध्यान से देखा गया तो उसमें कीड़े पड़े हुए थे। बच्चे केक लेकर दुकानदार के पास पहुंचे तो वह अपनी गलती स्वीकार करने की बजाय बच्चों को डांट कर भगा दिया। उसके बाद शिक्षक की सूचना पर पुलिस पहुंची और केक को जांच के लिए पैक कराते हुए दुकानदार को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

> **उल्टी होने पर ध्यान से केक को देखा तो नजर आए कीड़े**
>
> **परिषदीय विद्यालय में शिक्षक दिवस पर आयोजित किया था कार्यक्रम**
>
> **सूचना पर पहुंची पुलिस, दुकानदार को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

# नाबालिग का अपहरण, मां-बाप और बेटे पर केस

**सहजनवा**। गीडा पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर उसकी बेटी के अपहरण का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने युवक और उसके मात-पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने बेटी के साथ दुष्कर्म कर हत्या की आशंका भी जताई है।

# गुटखा खरीदने के विवाद में जानलेवा हमला, केस

**गुलरिहा**। गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर शहबाजगंज में सोमवार की शाम गुटखा खरीदने के विवाद में दुकानदार ने लाठी-डंडे से एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जमीन दिखा एसएसबी जवान के हड़प लिए 9 लाख रुपए

**SHOCKING**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (5 Sept):** खोराबार के ग्राम भैंसाहा निवासी हरिश गुप्ता पुत्र रामकैलास गुप्ता ने जमीन दिखा कर बांसगांव निवासी अजीत सिंह पुत्र दिनेश सिंह से नौ लाख रुपए ले लिए और फिर जमीन की तय मूल्य से मुकर गया. अजीत के एडवांस के पैसे वापस मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा. जिसके बाद सोमवार को अजीत ने थाना एम्स में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है. फिलहाल पुलिस ने शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है.




### तलाश रहे थे जमीन

अजीत ने अपनी तहरीर में बताया की उसके साले प्रवीण सिंह थाना मदनपुर, देवरिया एसएसबी में हेड कांस्टेबल हैं और अररिया बिहार में तैनात है. उनको मकान बनवाने के लिए 5 डिसमिल जमीन की तलाश थी, इसलिए प्रवीण ने अपने जीजा अजीत को जमीन तलाश करने के लिए कहा. अजीत की मुलाकात हरिश गुप्ता से हुई. हरिश ने अपनी एक जमीन ग्राम तकिया मेदनीपुर में दिखाई. जमीन हरिश गुप्ता के नाम थी जिसका उसने इंतखाब भी दिखाया. जमीन पसंद आने पर 5 डिसमिल जमीन की कीमत 25 लाख में तय हुई. अजीत और उसके साले प्रवीण ने नौ लाख एडवांस के तौर पर दिए और जमीन पर बाउंड्री करवा कर बाकी की रकम बैनामा के समय देना तय हुआ.

### मांगने लगा अधिक कीमत

पैसे की व्यवस्था करने के बाद जब बैनामा करवाने की बात आई तो हरिश जमीन की तय कीमत से 5 लाख ज्यादा मांगने लगा. तब अजीत ने अपने एडवांस के पैसे लौटा देने की बात कही. हरिश ने पैसे कुछ दिनों में लौटने को कहा था, लेकिन फिर आज कल कह कर टालता रहा. काफी समय बीत जाने पर जब पैसे के लिए दबाव दिया तो हरिश गाली-गलौज और जान से मरने की धमकी देने लगा और पैसे देने से इनकार कर दिया. साथ ही जमीन पर कराई गई बाउंड्री भी तोड़ दी. पुलिस ने हरीश गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है.

# तेरह चौकी प्रभारी बदले गए कार्यक्षेत्र

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार की रात करीब एक बजे तेरह चौकी प्रभारियों का कार्य क्षेत्र बदले गए हैं।

चौकी प्रभारियों का कार्यक्षेत्र बदले गए हैं उनमे दारोगा विशाल उपाध्याय चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर से चौकी प्रभारी पादरी बाजार,विशाल शुक्ला चौकी प्रभारी भड़सार से चौकी प्रभारी सरहरी ,कमलेश यादव पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी आजाद चौक, अभय नरायण सिंह चौकी प्रभारी आजाद नगर से चौकी प्रभारी कस्बा पीपीगंज , सर्वेश राय पुलिस लाइन से एसएसआई चौरी चौरा, अरविन्द कुमार यादव थाना पीपीगंज से चौकी प्रभारी मडवरिया कुआं, रूपेश पाल चौकी प्रभारी नथमलपुर से चौकी प्रभारी मजनू, आशीष दूबे थाना बड़हलगंज से चौकी प्रभारी होमोपैथिक, मेडिकल कालेज बडहलगंज, दिनेश बहादुर सिंह चौकी प्रभारी मजनूसे चौकी प्रभारी माल्हनपार, नंदलाल यादव चौकी प्रभारी माल्हनपार से थाना बासगांव दिनेश कुमार चौधरी चौकी प्रभारी होमोपैथिक मेडिकल कालेज बड़हलगंज से थाना बडहलगंज और विवेक सिंह थाना गीड़ा से चौकी प्रभारी नथमलपुर के पद पर तैनात किया गया।

**कई चौकी प्रभारी चौकी से भेजे गए थाने**

# मनबढ़ों ने महिला को पीटा, तीन पर केस

चौरीचौरा। क्षेत्र के फुलवरिया के कुर्मी टोला में शनिवार की सुबह नाली सफाई के विवाद में गांव के ही तीन लोगों ने एक महिला की पिटाई कर दिया था। मंगलवार को पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। यशोदा देवी ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे के करीब नाला सफाई के विवाद ने बगल के ही मदन चौधरी, रत्नेश चौधरी व मुराली ने रॉड से मारकर उसका सिर फोड़ दिया था।

# नौ महीने बाद पकड़ा गया रेप का आरोपित

खोराबार। घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी बलदेव उर्फ मिंटू को खोराबार पुलिस ने नौ माह बाद गिरफ्तार किया। आरोप है कि मिंटू ने घर में घुसकर किशोरी के साथ न सिर्फ रेप किया बल्कि उस कमरे में सो रही लड़की की पिटाई भी की। खोराबार के जंगल रामलखना अम्बेडकर टोला निवासी मिंटू को मंगलवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दुकानदार ने बच्चों को दिया सड़ा केक, अनुदेशक की तबीयत बिगड़ी



दुकानदार से पूछताछ करती पुलिस ● जागरण

- शिक्षक दिवस पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने करमहा बुजुर्ग चौराहे से खरीदा था केक
- शिकायत करने पर दुकान मालिक ने बच्चों को भगाया, पुलिस ने दुकानदार को हिरासत में लिया

जागरण संवाददाता, भटहट : करमहा बुजुर्ग स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को दुकानदार ने सड़ा केक दे दिया। काटकर खाने के बाद विद्यालय के अनुदेशक शिवेन्द्र शर्मा की तबियत बिगड़ गई, उन्हें उल्टियां आने लगीं। शिक्षकों की सूचना पर गुलरिहा पुलिस ने जांच के लिए केक को कब्जे में ले लिया है। पूछताछ के लिए पुलिस ने दुकानदार को हिरासत में लिया है।

जैनपुर के रहने वाले एक व्यक्ति की करमहां बुजुर्ग चौराहे पर दुकान है। शिक्षक दिवस के लिए केक खरीदने पूर्व माध्यमिक विद्यालय के आठवी के छात्र सतीश के साथ आधा दर्जन बच्चे दुकान पर पहुंचे। दुकानदार ने 250 रुपये लेकर बच्चों को केक दिया।

स्कूल में बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर केक काटा। बच्चों ने केक का पहला टुकड़ा अनुदेशक को खिलाया। केक खाते ही अनुदेशक को उल्टियां आने लगीं। शिक्षकों का ध्यान केक की तरफ गया तो उसमें कीड़े रेंग रहे थे। बच्चे केक लेकर दुकानदार के पास पहुंचे, तो उसने डांटकर भगा दिया। चौकी प्रभारी भटहट विनय कुमार सिंह ने बताया कि केक को जांच के लिए भेजा गया है। शिक्षकों की शिकायत पर दुकानदार से पूछताछ चल रही है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चोरी कर भाग रहे युवक को दबोचा

गोरखपुर। पैडलेगंज चौराहे के समीप स्थित जल निगम कार्यालय के स्टोर से चोरी कर भाग रहे एक युवक को कर्मचारी भोला कुशवाहा व राजवीर पांडेय ने दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरा युवक सामग्री लेकर फरार हो गया।



मरीजों को फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाने की शिकायतों के मद्देनजर मंगलवार रात सिटी मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह, एडिशनल सिटी मजिस्ट्रेट केशरी नंदन तिवारी, एसपी सिटी केके बिश्नोई ने जिला व महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

# पीकू सेंटर में जांच लिए 11 सौ वसूले

जासं, भटहट: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित पीकू सेंटर में इलाज के लिए जाने वाले बच्चों के जांच के नाम पर स्वजन से वसूली का मामला प्रकाश में आया है। इससे संबंधित एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो मंगलवार को एक अभिभावक से जांच के नाम पर वसूली से जुड़ा है। सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक डा. अश्वनी चौरसिया ने कहा है कि वीडियो में पैसा लेने वाला युवक अस्पताल का कर्मचारी नहीं है। वह बाहरी है।

पिपराचुरामन के राजकिशोर गौड़ के 18 माह के बेटे को पिछले कुछ दिनों से शौच व पेशाब में दुर्गंध की

**इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित सीएमओ ने कहा-कराएंगे जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित है बाल गहन चिकित्सा इकाई**

शिकायत थी। इलाज के लिए वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। उन्हें नौ नंबर वार्ड में बैठने वाले बाल गहन चिकित्सा इकाई (पीकू) के चिकित्सक को दिखाने के लिए कहा गया।

चिकित्सक ने बच्चे को देखने के बाद जांच के लिए तीसरी मंजिल पर भेजा। वहां कर्मचारियों ने बताया कि पूरी जांच के लिए 13 सौ रुपये लगेंगे। राजकिशोर के पास एक हजार ही थे। उन्होंने उसे दे दिया। इसके बाद कर्मचारी ने सौ रुपये आनलाइन भी ले लिया। इस दौरान वहां बैठे एक व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। यहां चर्चा है कि प्राइवेट पैथोलाजी संचालकों के कर्मचारी भी घूमते रहते हैं।

बता दें कि पीकू सेंटर में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह निश्शुल्क होती हैं। मामले की जानकारी राजकिशोर ने सिरसिया के जयनारायण राय को दी। उन्होंने इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आशुतोष कुमार दुबे से की है। सीएमओ ने जांच करने का आश्वासन दिया है।

# नारियल पानी वाले ने चाकू लेकर दौड़ाया

गोरखपुर। बेतियाहाता स्थित एक अस्पताल में भर्ती मरीज के तीमारदार को नारियल पानी बेचने वाले ने चाकू लेकर दौड़ा लिया। पीड़ित ने अस्पताल में भागकर अपनी जान बचाई। मौजूद लोगों ने दुकानदार को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। पीड़ित की तहरीर पर थाना कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

कैंट क्षेत्र के बेतियाहाता निवासी विजेंद्र सहाय मिश्रा ने अपने तहरीर में बताया कि बेतियाहाता के आस्था हॉस्पिटल में उनके मामा का इलाज चल रहा है। सोमवार शाम 7 बजे मरीज के लिए नारियल पानी लेने गए। नारियल पानी लेकर पांच सौ का नोट दिए। पैसे जल्दी वापस करने को बोले। इतने में दुकानदार विजेंद्र को गाली देने लगा। विरोध करने पर नारियल कटने वाला चाकू लेकर दौड़ा लिया। विजेंद्र भाग कर अस्पताल में गया तो दुकानदार अपने साथियों के साथ अस्पताल में घुसकर खींच कर ले जाने लगा। वहां मौजूद लोगों ने पकड़ कर उसे पुलिस को सौंप दिया।

## मनबढ़ ने गिराई विद्यालय की चहारदीवारी, मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट : प्राथमिक विद्यालय कुरसा में निर्माणाधीन चहारदीवारी को मनबढ़ों ने सोमवार को गिरा दिया। विरोध करने पर मझौरा ग्राम प्रधान जय प्रकाश कन्नौजिया को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। ग्राम प्रधान की तहरीर पर हरपुर-बुदहट थाना पुलिस कुरसा के दीपचंद पासवान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि वह विद्यालय की चहारदीवारी बनवा रहे थे। इसी दौरान आरोपित आया और सौर ऊर्जा लाइट की मांग करते हुए निर्माण कराने का कारण पूछा। इसके बाद गिराने लगा। थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

## मां के साथ ननिहाल आई किशोरी गायब, मुकदमा

गोरखपुर : गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव में मां के साथ ननिहाल आई 16 वर्षीय किशोरी गायब हो गई। मां के सूचना देने के बाद पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बेलघाट के एक गांव की महिला रक्षाबंधन के दिन 16 वर्षीय बेटी के साथ मायके आई थी। सोमवार को उसने तहरीर देकर बताया कि रविवार को उसकी बेटी घर से बाहर गई थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटी। आसपास व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई, पर कोई जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है। (जासं)

# मारपीट में मदद करने के नाम पर दरोगा ने लिया पैसा, सस्पेंड

खोराबार, हिन्दुस्तान संवाद। मारपीट में मदद के नाम पर 75 साल के बुजुर्ग से एक दरोगा ने पैसा ले लिया। बुजुर्ग का जब काम नहीं हुआ तो वह एसएसपी के पास पहुंच गया और दरोगा अभिजीत सिंह की शिकायत की। एसएसपी ने मामले की जांच अंडर ट्रेनी एएसपी आदित्य से कराई।

एएसपी की रिपोर्ट के बाद एसएसपी ने मंगलवार को अभिजीत को सस्पेंड कर दिया। बिहार के छात्र के अपहरण के मामले में इससे पहले उरुवा थाने से दरोगा अभिजीत सिंह अपहरण के मामले में जेल भी जा चुका है। उसके बाद बेलघाट से भी संस्पेंड किया गया था। इन कार्रवाइयों के बाद भी उसमें सुधार नहीं आया।

खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल सिकरी बाईपास स्थित एक देशी शराब की दुकान के पास चिखना बेचने वाले दो पक्षों में किसी बात को लेकर 26 अगस्त 2023 को विवाद हो गया था। हल्का नम्बर तीन जंगल सिकरी में तैनात दरोगा अभिजीत सिंह ने एक पक्ष के 75 वर्षीय छोटेलाल राजभर से 1500 रुपये मदद करने के नाम पर ले लिया था। कई दिन थाने पर दौड़ने के बाद भी जब दरोगा ने छोटेलाल की कोई मदद नहीं की तो छोटेलाल ने एसएसपी को 29 अगस्त को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसएसपी ने अंडर ट्रेनिग एएसपी आदित्य को जांच सौंप दी। एएसपी आदित्य ने खोराबार थाने पहुंचकर दरोगा (अभिजीत सिंह) से पूछताछ करने के बाद रिपोर्ट एसएसपी को सौंप दिया था।



अभिजीत सिंह, आरोपी दरोगा

> खोराबार थाने पर तैनात उप निरीक्षक अभिजीत कुमार को कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता, गैरजिम्मेदाराना एवं अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। – डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

## छात्र का अपहरण कर फिरौती मांगने में जा चुका है जेल

दरोगा अभिजीत सिंह के खिलाफ यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। अभिजीत सिंह की जिले के उरुवा थाने से अंडर ट्रेनी दरोगा के रूप में तैनाती हुई थी। यहां पर बिहार से आए छात्र को अगवा करने और रिहाई के बदले 2.80 लाख रुपये मांगने के आरोप में वह जेल जा चुका है। क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे गिरफ्तार किया था। पुलिस ने छात्र को मुक्त कराके घर वालों को सुपुर्द कर दिया था। यही नहीं, इसके पूर्व में बेलघाट थाने पर एक मुकदमा की विवेचना के दौरान भी मिली लापरवाही और गंभीर आरोप के बाद उसे निलंबित किया गया था। खोराबार थाने पर तैनाती के दौरान इससे पहले भी एक मामले में दरोगा की जांच हुई थी।

# किशोरी से हैवानियत करने वाले हुए गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : किशोरी को कमरे में बंधक बना दुष्कर्म करने के आरोपित बलदेव उर्फ मिंटू को खोराबार थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। नौ माह से आरोपित की तलाश चल रही थी।

खोराबार क्षेत्र में यह घटना नवंबर 2022 में हुई थी। रात को किशोरी कमरे में अकेली सो रही थी। पड़ोस में रहने वाले बलदेव ने बंधक बना दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर पिटाई की। चेहरे पर कई जगह दांत से काट लिया। चीख सुन पहुंचे परिवार के लोगों ने आरोपित को कमरे में बंद कर घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम में दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित फरार हो गया। शिकायत करने पर आरोपित के घरवाले पीड़ित परिवार को धमकाने लगे। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार जयंत सिंह ने बताया कि किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार की सुबह बलदेव उर्फ मिंटू को गिरफ्तार किया गया।

# मुंबई से किशोरी को लाकर किया दुष्कर्म

जासं, भटहट : मुंबई से किशोरी को लाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित की पहचान हो गई है। मंगलवार को स्वजन के साथ गुलरिहा थाने पहुंची पीड़ित ने अपना बयान दर्ज कराया। विवेचक को साथ लेकर वह घटनास्थल पर गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

जौनपुर की रहने वाली पीड़ित का परिवार मुंबई में रहता है। गुलरिहा क्षेत्र के रहने वाले रितेश के रिश्तेदार भी पड़ोस में रहते हैं। फेसबुक के जरिये किशोरी से जान-पहचान होने पर रितेश रिश्तेदार की मदद से जनवरी में गोरखपुर लेकर चला आया। आरोप है कि शादी करने का झांसा देकर अपने घर ले गया, जहां दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसे मुंबई ले जाकर छोड़ दिया। रितेश को ढूंढते हुए पीड़ित स्वजन संग गोरखपुर आई, लेकिन पता नहीं चला। मुंबई लौटने के बाद उसने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया। घटनास्थल गोरखपुर होने की वजह से मुंबई पुलिस ने मुकदमा स्थानांतरित कर दिया।

# गुटखा खरीदने गए युवक को दुकानदार ने पीटा

**गोरखपुर** : गुलरिहा के शिवपुर सहबाजगंज में सोमवार की शाम गुटखा खरीदने गए युवक को दुकानदार ने लाठी-डंडे से पीट दिया। सिर में चोट लगने से युवक विजय चौहान बेहोश हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पर गुलरिहा थाना पुलिस ने दुकानदार समुद्र चौहान के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। (जासं)

# मनबढ़ों ने महिला को पीटा तीन पर मुकदमा दर्ज

**मुंडेरा बाजार** : चौरी चौरा के फुलवरिया कुर्मी टोला में शनिवार की सुबह नाली सफाई के विवाद को लेकर गांव के तीन लोगों ने यशोदा देवी को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने मदन चौधरी, रत्नेश चौधरी और मुराली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। (जासं)

# फोन पर दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

जासं. गोरखपुर : रुस्तमपुर के शिवप्रताप यादव को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। कैंट थाना पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

शिवप्रताप ने थाना प्रभारी को बताया कि अपराधियों को सजा दिलवाने में उन्होंने पुलिस का सहयोग किया है। खोराबार में थाने में दर्ज एक मुकदमे में छह अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में सहयोग किया है। सोमवार रात 10 बजे अनजान नंबर से फोन कर धमकी दी गई।

# नारियल पानी वाले ने चाकू लेकर दौड़ाया, भागकर बचाई जान

जासं. गोरखपुर : बेतियाहाता के एक अस्पताल के भर्ती रोगी को नारियल पानी बेचने वाले ने चाकू लेकर दौड़ा लिया। पीड़ित ने भागकर जान बचाई। स्थानीय लोगों ने आरोपित को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

बेतियाहाता के विजेंद्र सहाय मिश्रा ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उनके मामा का आस्था हास्पिटल में डेंगू का उपचार चल रहा है। सोमवार शाम सात बजे उनके लिए नारियल पानी लेने प्रज्ञा हास्पिटल के सामने स्थित ठेले पर पहुंचे। दुकानदार को उन्होंने 500 का नोट दिया। बाकी रुपये मांगे तो गाली देने लगा। विरोध करने पर चाकू लेकर दौड़ा लिया। जान बचाने को वह भागे तो दुकानदार चार साथियों के साथ पहुंचकर ले जाने लगा। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# दारोगा ने मदद के नाम पर लिए रुपये, निलंबित

जासं, गोरखपुर : एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने मंगलवार की शाम बुजुर्ग से 1500 रुपये लेने के आरोपित दारोगा अभिजीत कुमार को निलंबित कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर प्रशिक्षु एएसपी (सहायक पुलिस अधीक्षक) आदित्य सिंह मामले की जांच कर रहे थें।

26 अगस्त की शाम को खोराबार के जंगल सिकरी बाईपास पर शराब की दुकान के पास चखना बेचने वाले दो दुकानदारों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के छोटेलाल राजभर का आरोप है कि हल्का दारोगा अभिजीत ने मदद का भरोसा देकर 1500 रुपये ले लिए। कई दिन थाने के चक्कर लगाने के बाद भी मदद नहीं की। 29 अगस्त को पुलिस कार्यालय पहुंचे छोटेलाल ने एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को मामले की जानकारी दी तो उन्होंने प्रशिक्षु एएसपी आदित्य सिंह को जांच सौंप दी। जांच में लापरवाही बरतने और अनुशासनहीनता करने की पुष्टि हुई।

**पहले भी हो चुकी है शिकायत :** दारोगा अभिजीत पर नियम विरुद्ध कार्य करने की शिकायत पहले भी अधिकारियों को मिली थी। दो माह पहले एक युवक को पीटने का आरोप लगा था। एसएसपी से शिकायत करने पर सीओ कैंट ने पीड़ित के घर जाकर जांच की थी। उरुवां व बेलघाट में तैनाती के दौरान भी मनमानी करने पर कार्रवाई हुई थी।

## नौकरी के नाम पर ठगने वाला जालसाज गिरफ्तार

कुई बाजार : नौकरी के नाम पर ठगने वाले आरोपित को सिकरीगंज पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पहचान दुर्गाबाड़ी हुमायूंपुर के अमर चौधरी के रूप में की है। थाना प्रभारी मनीष यादव ने बताया ने बताया कि बांसगांव के जितेन्द्र बहादुर पाल ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। (जासं)

## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

पीपीगंज : कैंट के मोहद्दीपुर की आशा देवी ने मंगलवार को पीपीगंज थाना पुलिस को तहरीर देकर बेटी के पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। आशा ने बताया कि एक वर्ष पहले बेटी श्वेता की शादी नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड नंबर सात के आदित्य निषाद उर्फ त्रिलोकी से हुई थी। ससुराल पहुंचने पर पति, सास इशरावती समेत ननद व देवर कार व जेवर की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। (जासं)

# मधुमिता की बहन निधि ने एसएसपी को भेजा पत्र, जताया जान का खतरा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला ने शूटर संतोष राय से जान का खतरा जताया है। एसएसपी गोरखपुर को पत्र लिख आरोप लगाया है कि पैरोल पर छूटने के बाद से ही पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी व उनकी पत्नी मधुमणि के इशारे पर संतोष राय हत्या की योजना बना रहा है। अप्रैल में वह लखीमपुर खीरी आया था और कई बदमाशों से मिला भी था।

निधि का आरोप है कि 24 अगस्त को उनके पास छह बार धमकी भरा फोन आया था। एसएसपी को भेजे गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि मधुमिता की हत्या करने वाला शूटर संतोष राय पैरोल पर जेल से बाहर है। अप्रैल 2023 में शूटर को लखीमपुर खीरी में देखा गया था। तब इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी। जानकारी मिली है कि इस समय भी संतोष अपने साथियों के साथ लखीमपुर में खीरी में रुककर उनकी हत्या की योजना बना रहा है। पंजीकृत डाक से भेजे गए पत्र में चार अप्रैल 2023 को पुलिस महानिदेशक को भेजा गया शिकायती पत्र भी संलग्न है। जिले की पुलिस इस मामले में कुछ भी नहीं बोल रही है।

**आरटीआइ के तहत मांगा रिहाई का आधार :** जनसूचना अधिकार के तहत निधि शुक्ला ने उत्तर प्रदेश सरकार व राज्यपाल से अमरमणि त्रिपाठी व मधुमणि की समय से पहले हुई रिहाई का आधार पूछा है। इतना ही नहीं उन्होंने बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहे उपचार व मेडिकल रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी मांगी है।

# मोबाइल फोन लूटने वाला बदमाश हुआ गिरफ्तार

जासं. गोरखपुर : युवक का मोबाइल फोन लूटने वाले बदमाश को शाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। दो वर्ष से उसकी तलाश चल रही थी।

जंगल धूसड़ का आकाश विश्वकर्मा दो सितंबर 2021 की शाम पप्पू कटरा के पास मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान पहुंचे बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन लूट लिया था। पुलिस ने दो आरोपितों को जेल भेजा था। वारदात में शामिल पिपराइच में मीरगंज, बंगला टोला पर रहने वाले शिवनाथ उर्फ नाटे निषाद की तलाश चल रही थी। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि शिवनाथ को मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

# किशोरी के अपहरण मामले में केस दर्ज

पिपराइच : एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को चंदन प्रजापति के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि आरोपित युवक ने उसकी 15 वर्षीय किशोरी को भगा ले गया। आरोपित के घर पूछताछ करने गये तो उसके स्वजन ने गाली देकर भगा दिया। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# स्कूल बस में घुसकर मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

### बड़हलगंज पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात को बनाया आरोपी

चिल्लूपार। बड़हलगंज थाना क्षेत्र के साऊखोर में सोमवार शाम स्कूल बस में छात्र से मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।
आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। उधर, इस घटना के बाद से छात्र-छात्राओं में दहशत का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम करीब दो बजे बड़हलगंज के सेंट जोसेफ स्कूल की बस छात्र-छात्राओं को लेकर लौट रही थी। जैसे ही साऊखोर चौराहे पर नरेंद्र तिवारी के घर के पास पहुंची तभी लगभग नौ युवकों ने लाठी-डंडा के बल पर बस को रोक लिया और घुसकर सेमरा निवासी छात्र श्याम भुवाल यादव को बेरहमी से पीटा था।

इस दौरान छात्र को बचाने में ड्राइवर भी घायल हुआ था। स्कूल के फादर थामस फिलिप की तहरीर पर पुलिस ने अवनीश यादव, वैभव पांडेय, मनीष यादव, अंगद यादव व पांच अज्ञात के विरुद्ध मारपीट एवं संपत्ति नुकसान करने की धारा में कसे दर्ज किया है।

इस संबंध में इंस्पेक्टर कल्यान सिंह सागर ने बताया कि चार नामजद और पांच अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पुलिस मनबढ़ों की तलाश कर रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

खोराबार। इलाके के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जंगल रामलखना निवासी बलदेव उर्फ मिंटू के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, घटना 18 नवंबर 2022 की रात 11 बजे की है। किशोरी की मां ने दर्ज कराए केस में बताया था कि नातिन घर में अकेली थी तभी आरोपी ने दुष्कर्म किया। ब्यूरो

## महिला से मारपीट के आरोपियों पर केस

चौरीचौरा। फुलवरिया के कुर्मी टोला में शनिवार सुबह नाली सफाई के विवाद में गांव के ही तीन लोगों ने एक महिला की पिटाई कर दी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही हैं। पीड़ित यशोदा देवी ने पुलिस को बताया कि शनिवार की सुबह आठ बजे नाली की सफाई के विवाद ने बगल के ही मदन चौधरी, रत्नेश चौधरी व मुराली ने रॉड से मारकर सिर फोड़ दिया। ब्यूरो

## पैर पर गाड़ी चढ़ाई, विरोध करने पर पिटाई

गीडा। बाघागाड़ा निवासी विद्या देवी पत्नी उमेश निषाद का लड़का मुकेश पंचायत भवन के पास सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान बाइक सवार ने उसके पैर पर बाइक चढ़ा दी। विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट कर बेहोश कर दिया। ब्यूरो

## खेल के दौरान युवक को पीटा, केस दर्ज

गीडा।दवहिया निवासी अमन कुमार श्रीवास्तव एक सितंबर को मित्र के साथ वॉलीबॉल खेल रहे थे। खेल में प्वाइंट को लेकर नशे की हालत में आधा दर्जन से अधिक मनबढ़ों ने गाली देते हुए जान मारने की धमकी देने लगे थे। फिर तीन सितंबर को पासवान टोले पर फुटबॉल खेलते समय मनबढ़ पहुंचे और हमला कर घायल कर दिए। ब्यूरो

# युवक को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर ढाला निवासी शिवप्रताप यादव ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फोन पर जान से मरने और गाली गलौज करने की शिकायत दर्ज करवाई है। सोमवार को कैंट पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# युवती जेवर व रुपये लेकर प्रेमी संग फरार

गोरखपुर। एम्स क्षेत्र के अजय कुमार पासवान ने अपनी बहन को गांव के ही युवक द्वार बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। अजय की तहरीर पर थाना एम्स पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश कर रही है। ब्यूरो

# गुटखा खरीदने के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

गुलरिहा। शिवपुर शहबाजगंज में सोमवार शाम गुटखा की दुकान पर किसी बात को लेकर हुए विवाद में दुकानदार समुंद्र चौहान ने विजय चौहान को लाठी डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। घायल युवक की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने रात में ही आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# धन उगाही के आरोप में दरोगा निलंबित

गोरखपुर। खोराबार थाने में तैनात दरोगा अभिजीत कुमार को मंगलवार को एसएसपी ने निलंबित कर दिया। आरोप है कि 26 अगस्त को मारपीट के मामले में धनउगाही कर दरोगा एकपक्षीय कार्रवाई कर रहा था। एएसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच के निर्देश भी दिए हैं। यह दरोगा कुछ साल पहले गोला थाने से अपहरण कर फिरौती मांगने के आरोप में भी जेल जा चुका है।

पीड़ित छोटेलाल ने एसएसपी से 29 अगस्त को दरोगा की शिकायत की थी। आरोप है कि जंगल सिकरी बाईपास स्थित देसी शराब की दुकान के पास दो पक्षों में लेकर विवाद हो गया था। हल्का नंबर तीन के दरोगा अभिजीत सिंह ने एक पक्ष के लगभग 75 वर्षीय वृद्ध छोटेलाल से 1500 रुपये मदद करने के नाम पर ले लिए थे। कई दिन थाने पर दौड़ने के बाद भी जब दरोगा ने वृद्ध की कोई मदद नहीं की तो थक हार करके एसएसपी से शिकायत की। ब्यूरो

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंपियरगंज इलाके के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी से घर में दुष्कर्म करने और उलाहना देने पर मां के साथ मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान विशाल के रूप में हुई है। सोमवार को पुलिस ने केस दर्ज किया था। ब्यूरो

# किशोरी को भगाने का आरोपी पकड़ा गया

**गोरखपुर।** चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार को 13 वर्षीय किशोरी को भगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी की पहचान जंगल बहादुर अली सन्णई निवासी करन भारती के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# जमीन के नाम पर नौ लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

## खोराबार पुलिस मामले की कर रही जांच

गोरखपुर। खोराबार के ग्राम भैसाहा निवासी हरीश गुप्ता ने जमीन दिखा कर बांसगांव निवासी अजीत सिंह से नौ लाख रुपये ले लिया और फिर तय मूल्य से मुकर गया। एडवांस के रुपये वापस मांगने पर गाली देने के साथ ही जान से मरने की धमकी देने लगा। सोमवार को अजीत ने एम्स थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक, अजीत ने दी तहरीर में लिखा है कि उसके साले प्रवीण सिंह थाना मदनपुर, देवरिया एसएसबी में हेड कांस्टेबल हैं और अररिया बिहार में तैनात हैं। उनको मकान बनवाने के लिए पांच डिसमिल जमीन की तलाश थी। इसलिए प्रवीण ने अपने जीजा अजीत को जमीन तलाश करने के लिए कहा। अजीत की मुलाकात हरीश गुप्ता से हुई।

हरीश ने अपनी जमीन ग्राम तकिया मेदनीपुर में दिखाई जो उसी के नाम थी, जिसका उसने कागज भी दिखाया। जमीन पसंद आने पर पांच डिसमिल जमीन की कीमत 25 लाख में तय हुई। अजीत और उसके साले प्रवीण ने नौ लाख एडवांस के तौर पर दिए और जमीन पर चहारदीवारी करवा कर बाकी की रकम बैनामा के समय देना तय हुआ।

रुपये की व्यवस्था करने के बाद जब बैनामा करवाने की बात आई तो हरीश जमीन की तय कीमत से पांच लाख ज्यादा मांगने लगा। तब अजीत ने अपने एडवांस रुपये लौटने की बात कही। हरीश ने कुछ दिनों में लौटने को कहा था, लेकिन फिर आज कल कह कर टालता रहा।

काफी समय बीत जाने पर जब दबाव बनाया तो हरीश धमकी देने लगा और रुपये देने से इंकार कर दिया। चहारदीवारी भी तोड़ दी। पुलिस ने हरीश गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नारियल पानी बेचने वाले ने ग्राहक को चाकू लेकर दौड़ाया

गोरखपुर। बेतियाहाता के एक अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन को नारियल पानी बेचने वाले ने चाकू लेकर दौड़ा लिया। पीड़ित ने भाग कर जान बचाई। लोगों ने दुकानदार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया है।

कैंट थाने के बेतियाहाता निवासी विजेंद्र सहाय मिश्रा ने तहरीर में बताया की आस्था हॉस्पिटल में उनके मामा भर्ती हैं। सोमवार शाम करीब मरीज के लिए नारियल पानी लेने ठेले पर पहुंचे। नारियल पानी लेकर पांच सौ का नोट दिए।

आरोप है कि बाकी के पैसे जल्दी वापस करने को बोले, इतने में दुकानदार गाली देने लगा। विरोध करने पर नारियल कटने वाला चाकू लेकर दौड़ा लिया। दुकानदार तीन-चार साथियों के साथ अस्पताल में घुसकर उन्हें बाहर खींचकर ले जाने लगा। भीड़ ने दुकानदार को पकड़ लिया। ब्यूरो

# महाराष्ट्र की किशोरी से गुलरिहा में दुष्कर्म

## फेसबुक पर दोस्ती कर ले आया था गोरखपुर, एक आरोपी हिरासत में

गुलरिहा। गुलरिहा में बंधक बनाकर महाराष्ट्र में रहने वाली जौनपुर की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महाराष्ट्र पुलिस ने केस दर्ज कर गुलरिहा थाने में ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। दूसरे युवक की तलाश जारी है।

जौनपुर जिले का एक व्यक्ति महाराष्ट्र में रहता है। गुलरिहा के एक आरोपी के रिश्तेदार पीड़िता के पड़ोस में रहते हैं। आरोपी के मौसेरे भाई की फेसबुक से चैटिंग के दौरान किशोरी से करीबी हो गई। किशोरी को गोरखपुर ले आया। होटल में कमरा बुक करने का प्रयास किया, लेकिन कमरा नहीं मिला। आरोपी उसे गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो घर ले गया। एक सप्ताह तक दुष्कर्म करने के बाद उसे महाराष्ट्र छोड़ आया।

पता न चलने पर पीड़ित के पिता ने महाराष्ट्र में केस दर्ज कराया। जनवरी 2023 में घटनास्थल के आधार पर केस को गोरखपुर स्थानांतरित किया गया था। ब्यूरो

# केक खाते ही शिक्षक को हुई उल्टी, देखा तो उसमें थे कीड़े

अमर उजाला ब्यूरो

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा क्षेत्र के करमहां बुजुर्ग में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस पर बच्चों द्वारा काटे गए केक को खाते ही शिक्षक शिवेंद्र कुमार शर्मा को उल्टी शुरू हो गई। केक को जब बारीकी से देखा तो वह सड़ चुका था और उसमें कीड़े पड़े हुए थे। केक को बच्चों ने समीप के चौराहे की एक दुकान से खरीदा था।

बच्चे केक लेकर दुकानदार के पास पहुंचे तो उसने अपनी गलती स्वीकार करने की बजाय बच्चों को डांट कर भगा दिया। इसके बाद शिक्षक की सूचना पर पुलिस पहुंची और केक को जांच के लिए पैक कराते हुए दुकानदार को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक, जैनपुर के टोला ठाकुरपुर निवासी रविंद्र कुमार प्रजापति करमहां बुजुर्ग चौराहे पर आर बेकर्स के नाम से दुकान चलाते हैं। शिक्षक दिवस पर आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले सतीश निषाद के साथ छह-सात बच्चे चौराहे पर दुकान से केक लेने पहुंचे थे। दुकानदार ने ढाई सौ रुपये में केक दिया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमहां बुजुर्ग का मामला

मानसून के मौसम में कच्चे अंडे या फिर गंदगी की वजह से फूड प्वाइजनिंग की समस्या सामने आती है। यह आमतौर पर बैक्टीरिया या वायरस के कारण होती है। ये बैक्टीरिया या वायरस कई तरह से हमारे पेट में पहुंच सकते हैं, जैसे अधपका खाना खाने से या गंदे बर्तनों में पकाया गया खाना खाने से। ऐसे डेयरी उत्पाद, जिन्हें उचित तरीके से फ्रिज में न रखा गया हो या लंबे समय तक उन्हें फ्रिज से बाहर रखा गया हो, भी फूड प्वाइजनिंग का कारण बन सकते हैं। दो-तीन दिनों का रखा बासी खाना तो किसी भी मौसम में नुकसान पहुंचाता है और इस मौसम में और अधिक नुकसानदेह हो जाता है। केक में भी अंडा और दूसरे ऐसी चीजों का इस्तेमाल होता है, जिसकी वजह से अगर ताजा न हो तो केक फूड प्वाइजनिंग का कारण बन सकता है। - **डॉ अखिलेश सिंह,** वरिष्ठ चिकित्सक

# भू-माफिया कमलेश अपने साथियों के साथ रिमांड पर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सीलिंग की जमीन बेचकर कॉलेज के मालिक बने भूमाफिया कमलेश यादव, उसके साथी दीनानाथ और अन्य को पांच मामलों में रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने कोर्ट को कमलेश और उसकी साथियों की करतूत बताई है।

उधर, अन्य मामलों में रिमांड लेने के साथ ही नामजद आरोपी कमलेश की पत्नी की भी पुलिस ने अब तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जल्द से जल्द इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर गैंगस्टर की तैयारी में है, ताकि अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति जब्त की जा सके।

जानकारी के मुताबिक, एम्स इलाके के रहने वाले कमलेश पर अब तक पुलिस ने नौ केस दर्ज किए हैं। कमलेश ने कुसम्ही, रुद्रापुर इलाके में सीलिंग की बहुत सी जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा कराकर धन कमाया है। एक सैनिक की पत्नी के केस दर्ज कराने के बाद नौ लोग सामने आए।

अब भी पुलिस उसके खिलाफ क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कराती है कि अगर किसी और से उसने ठगी की है तो वे भी थाने आकर केस दर्ज करा सकते हैं। भूमाफिया पर शिकंजा कसते हुए पुलिस दर्ज हर केस में रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी दे रही है। अब तक पांच मामलों में पुलिस रिमांड हासिल कर चुकी है। खबर है कि चार अन्य मामलों में भी फाइल तैयार है।

जल्द ही उसमें भी पुलिस रिमांड हासिल कर लेगी। इसके बाद साक्ष्यों के साथ चार्जशीट दाखिल कर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी।

## अब पत्नी की तलाश, पांच मामले में हुई सुनवाई

## सभी पर दर्ज हो चुके हैं नौ केस गैंगस्टर की फाइल भी तैयार


भू-माफिया कमलेश यादव पर एक और एफआईआर

1 सितंबर को प्रकाशित खबर।



पुलिस जमीन की जालसाजी करने वाले सभी आरोपियों के खिलाफ जल्द चार्जशीट दाखिल करेगी। आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर उनकी अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को भी कानूनी रूप से जब्त किया जाएगा।

– डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# मधुमिता की बहन को अमरमणि से खतरा

## फिर विवादों में घिरा पूर्व मंत्री : निधि बोली-छह बार धमका चुका है शूटर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उसकी पत्नी मधुमणि एक बार फिर आरोपों में घिर गए हैं। मधुमिता की बहन निधि शुक्ला ने पूर्व मंत्री से जान का खतरा बताया है। आरोप है कि उनके पास छह बार अलग-अलग नंबरों से शूटर संतोष राय के धमकी भरे फोन आ चुके हैं। निधि ने गोरखपुर पुलिस को डाक से लिखित शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, उन्होंने समय पूर्व रिहाई पर भी सवाल उठाते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन कर जवाब मांगा है। वर्तमान में रिहाई के बाद अमरमणि मेडिकल कॉलेज में है तो मधुमणि वहां से जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक, बहन निधि शुक्ला ने मधुमिता की हत्या करने वाले शूटर संतोष राय का जिक्र करते हुए कहा है कि 24 अगस्त को उन्हें छह बार धमकी भरा फोन आया है।

निधि ने भेजे गए पत्र में मधुमिता की हत्या करने वाले शूटर संतोष राय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निधि शुक्ला का दावा है कि शूटर संतोष राय अभी पेरोल पर जेल से बाहर है और पूर्व मंत्री के इशारे पर वह कुछ भी कर सकता है।

वहीं, फिलहाल गोरखपुर पुलिस इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। निधि शुक्ला ने बताया कि उन्होंने आरटीआई के तहत यूपी सरकार और राज्यपाल से अमरमणि और मधुमणि त्रिपाठी की रिहाई का आधार भी पूछा है। इतना ही नहीं, उन्होंने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर से भी अमरमणि के मेडिकल रिपोर्ट के बारे में भी सवाल किया है।

### गोरखपुर पुलिस को रजिस्ट्री डाक के जरिए भेजा प्रार्थना पत्र



मधुमिता (फाइल फोटो)



निधि शुक्ला




26 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### यह है पूरा मामला

*लखनऊ के निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या हुई थी। सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक, मधुमिता पेपर मिल कॉलोनी में अकेली रहती थी। पूरे मामले में सीबीआई जांच के दौरान अमरमणि पर गवाहों को धमकाने के आरोप लगाए गए तो मुकदमा देहरादून की फास्ट ट्रैक कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया गया। देहरादून फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 24 अक्तूबर, 2007 को अमरमणि, मधुमणि, भतीजे रोहित चतुर्वेदी, प्रकाश पांडेय और शूटर संतोष राय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। फिर जुलाई 2012 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भी दोषियों को सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा। हालांकि, अमरमणि व उसकी पत्नी मधुमणि करीब 20 साल सजा काटने के बाद 25 अगस्त को शासन के निर्देश पर समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिए गए।*



### समय से पहले रिहाई के लिए शूटर संतोष ने भी सुप्रीम कोर्ट में दी है अर्जी

**अमरमणि,** मधुमिता की समय पूर्व रिहाई के बाद अब शूटर संतोष राय ने भी समय से पहले रिहाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दी है। संतोष ने भी अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि त्रिपाठी के मामले का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वह सरकार को उसकी रिहाई पर फैसला करने का निर्देश दे। साथ ही यह भी मांग की है कि जब तक उसकी दया याचिका पर फैसला ना हो, तब तक अंतरिम जमानत दी जाए। हालांकि, अभी संतोष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से पहले यूपी सरकार और उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा है। संतोष ने अपने वकील हर्षवर्धन विशेन की ओर से दाखिल याचिका में कहा है कि उसने केंद्र, यूपी और उतराखंड सरकार को समय से पहले रिहाई की अर्जी दाखिल की है और अब तक उस पर फैसला नहीं किया गया है। उसने बताया है कि वह 27 मार्च 2023 को छूट के साथ 18 साल 1 महीने 14 दिन की कुल अवधि के लिए और छूट के साथ 21 साल 10 महीने 15 दिन की अवधि के लिए जेल में बंद है। याचिकाकर्ता छूट और समय पूर्व रिहाई के लिए विचार किए जाने का पात्र है। अदालत सरकार को मामले पर विचार करने का निर्देश दे। हर्षवर्धन विशेन ने दलील दी है कि सह-अभियुक्त मधुमणि त्रिपाठी और अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उनके द्वारा समय पूर्व रिहाई के लिए दायर आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया था। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट उसके मामले पर भी तुरंत फैसला करने को कहे, तब तक उसे अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

# खुद की जेब ढीली करिए तभी सुरक्षित रहेगा आप का घर

## बंद मकानों में चोरी के मामले सामने आने के बाद प्राइवेट संस्थाएं दे रहीं सुविधा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जिले में चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, ऐसे में अपने घर की सुरक्षा खुद करनी होगी। इसके लिए कुछ रुपये जरूर खर्च होंगे, लेकिन लाखों के गहने, नकदी गायब होने से बच जाएंगे।

प्राइवेट संस्थाएं 500 रुपये प्रतिदिन पर गार्ड दे रही हैं। दूसरे, पुलिस भी लोगों से अपील कर रही है कि वह अगर घर छोड़े तो पुलिस को सूचना दें, ताकि गश्त के दौरान घर की निगरानी की जा सके। अब खुद की जेब को ढीली करके ही आप अपने मकान को सुरक्षित कर सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक, चोर आए दिन घरों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस गश्त की दलील तो देती है, लेकिन चोर सामान समेट कर चले जाते हैं। पुलिस को इसकी जानकारी तब हो पाती है, जब पीड़ित घूमकर या फिर रिश्तेदारी से लौटकर आते हैं।

दूसरे, पुलिस को जब यह नहीं मालूम होता है कि किस मकान में ताला बंद है तो एक-एक घर की निगरानी भी संभव नहीं है। ऐसे में चोर आराम से चोरी करते है तो भी पुलिस के लिए यह समझ पाना मुश्किल है कि चोर ही है या फिर कोई और।

अब लोगों को अपने सामान की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है तो सिक्योरिटी कंपनी वाले लुभावने आफर देने लगे हैं। इसमें लोगों का फायदा भी है, कुछ रुपये तो खर्च जरूर होंगे, लेकिन सुरक्षित रहेंगे।

### पुलिस भी घर छोड़ने की मांग रही जानकारी, ताकि गश्त के दौरान हो सके निगरानी

### केस 1

31 अगस्त 2023 : शाहपुर इलाके के बशारतपुर स्थित ओमनगर कॉलोनी निवासी उत्कर्ष पाल के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर 5.50 लाख के गहने और नकदी समेत कीमती सामान उठा ले गए थे। वह परिवार के साथ ननिहाल गए थे। चोरी की जानकारी घर आने पर हुई, जिसके बाद से केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### केस 2

12 अगस्त 2023 : शाहपुर इलाके के राप्तीनगर फेज-4 में रिटायर्ड प्रो. अवधेश कुमार शर्मा के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर 10 हजार रुपये समेत पांच लाख के जेवरात चुरा ले गए। यह भी मकान बंद करके गए थे और वापस आने पर जानकारी हुई। पुलिस अभी खुलासा नहीं कर पाई है।

### केस 3

08 दिसंबर 2022 : रामगढ़ताल इलाके के पथरा कॉलोनी में दारोगा कमला प्रसाद मौर्य के बंद मकान का ताला तोड़कर चोर गहने और घर में रखा कीमती सामान उठा ले गए। किसी की मौत होने पर परिवार के साथ वह गांव गए थे। वापस आने पर जानकारी हुई थी।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# स्वामी प्रसाद पर केस दर्ज करने की मांग

बरहज। सवर्ण आर्मी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसपी डॉ संकल्प शर्मा को संबोधित पत्रक एएसएपी राजेश सोनकर को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर नाराजगी जताते हुए उन पर केस दर्ज कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल की अगुवाई में कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे। जहां सभी ने पत्रक दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी किंए हैं। अक्सर हिंदू धर्म पर उल-जुलूल बयान देते रहते हैं। इससे सनातन धर्म को निशाना बनाया जा रहा है। मौके पर राजेश मिश्र, संदीप तिवारी, राहुल तिवारी, अभिषेक मिश्र, शैलेंद्र श्रीवास्तव, गोलू सिंह, विकास चतुर्वेदी, राकेश मिश्र, नितेश पांडेय, ज्ञानेंद्र मिश्र, दुर्गेश शुक्ल, आशीष प्रताप शुक्ल आदि मौजूद रहे। संवाद

# ज्वाइंट कमिश्नर ने किया लंपी प्रभावित गांवों का दौरा

देवरिया। केंद्र सरकार के ज्वाइंट कमीश्नर डॉ. विजय कुमार तेवर्तिया ने मंगलवार को बैतालपुर ब्लॉक के लंपी से प्रभावित इटवा गांव का दौरा किया। संक्रमण की रोकथाम फैलाव को रोकने के लिए पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि लंपी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है। इसलिए उपचार के बजाय पशु रोग के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पशुओं को संतुलित आहार एवं प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि दी जाए। शुरुआती आठ से 10 दिनों तक पशुओं को इंजेक्शन न दिया। टीकाकरण बीमारी के प्रभाव को कम करने के लिए एकमात्र उपाय है। संवाद

# जनसेवा केंद्रों से लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस मुठभेड़ में घायल कामेश्वर के साथ मिलकर लूट का है आरोप, 15 हजार बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के कालावन के पास सोमवार की रात मुठभेड़ में फरार हुए दूसरे बदमाश को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट के 15 हजार रुपये और असलहा पुलिस ने बरामद किया है। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ नौ केस दर्ज हैं। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि इस गिरोह ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

सोमवार की रात में एसओजी से कालावन के पास बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई थी। इसमें पननहा गांव निवासी कामेश्वर यादव उर्फ मन्नू गोली लगने से घायल हो गया था, जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया था। एसओ राजू सिंह ने मंगलवार की सुबह फरार बदमाश को कालावन गांव के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान मऊ निवासी हिमांशु सिंह के रूप में हुई।

इसके खिलाफ विभिन्न थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरोह में कई अन्य बदमाश भी शामिल हैं, जो सहज जनसेवा केंद्रों को निशाना बनाते हैं। इस गिरोह ने रुद्रपुर और कटाई चौराहे पर असलहे के दम पर लूट की थी। रुद्रपुर के बैरियाघाट से चालीस हजार और कटाई चौराहे से दो लाख रुपये लूट लिए थे। इसके बाद इन बदमाशों की पहचान सीसीटीवी कैमरे के जरिए हुई थी।

### पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि गिरोह ने कई घटनाओं को दिया है अंजाम

लूट की घटना में शामिल दोनों बदमाश पकड़े जा चुके हैं। इस गिरोह पर पुलिस की नजर है। कई घटनाओं के बारे में अहम सुराग मिले हैं। इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पुलिस गिरफ्तार करेगी।

– संकल्प शर्मा, एसपी

### गोरखपुर मंडल के अन्य जनपदों में भी गिरोह ने खड़ा कर लिया है नेटवर्क

देवरिया। सहज जनसेवा केंद्र और मनी एक्सचेंज एजेंसी को निशाना बनाकर लूट करने वाले इस गिरोह ने गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया के अलावा मऊ जनपद में अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया है। लूट की घटना में विरोध करने पर यह बदमाश गोली मार देते हैं और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग कर देते हैं। संवाद

# देवरिया का छापा नक्सली कनेक्शन ...

अलावा प्रगतिशील विचारक माने जाने वाले राजेश आजाद की उन पत्र पत्रिकाओं एवं किताबों को भी अपने कब्जे में लिया, जिसे वह पढ़ा करते हैं। उन किताबों में दस्तक पत्रिका, किसान आंदोलन के पर्चे, यथार्थ पत्रिका, मार्क्स लेनिन के जीवन पर आधारित पुस्तकें आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय सहारा से बातचीत राजेश आजाद ने बताया कि प्रगतिशील विचारक होने के नाते मैं अेनक लेख लिख चुका हूं। संयुक्त किसान मोर्चा के पूर्वी उत्तर प्रदेश का समन्वयक हूं। इसके अलावा केन्द्र सरकार द्वारा आजमगढ़ में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने के लिए राज्य सरकार के सहयोग से अधिग्रहण किए जाने वाले 670 एकड़ जमीन के खिलाफ वहां चल रहे किसान आंदोलन का भी नेतृत्व कर रहा हूं। यह जमीन भाजपा सरकार औने पौने दाम पर लेना चाहती है। यह वही जगह है जहां 4 एकड़ में 11 वर्ष पहले समाजवादी पार्टी की सरकार ने एयरपोर्ट बनवाया था। राजेश आजाद ने बताया कि खिरिया बाग आंदोलन में भी वह भाग ले चुके हैं। प्रगतिशील विचारक होने के नाते उन्हें तंग किया जा रहा है। यह सरकार मेरा हौसला पस्त करना चाहती हैं किन्तु ऐसा नहीं हो पाएगा। हिटलरशाही का विरोध हर प्रगतिशील विचारक करता है। मैं भी उसी रास्ते पर चल रहा हूं।

खबर है कि छापेमारी के 5 मिनट पहले राजेश आजाद के पिता डॉ. रामनाथ चौहान मार्निंग वाक पर निकले थे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मिलकर एक प्रार्थनापत्र दिया, जिसमें उन्होंने आशंका व्यक्त की हें कि एनआईए मेरे पुत्र राजेश आजाद को फर्जी मुकदमे में फंसा सकती है। मेरे पुत्र की कोई आपराधिक गतिविधि नहीं है। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि राजेश आजाद के घर एनआईए का छापा पड़ा था। देवरिया पुलिस ने छापे में एनआईए का सहयोग किया।

# नक्सल प्रभावित हैं 24 गांव, खुफिया विभाग की रहती है खास निगाह

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले के 24 गांवों को नक्सल प्रभावित होने पर चिह्नित किया गया था। यहां पर दो दशक पहले तक नक्सली गतिविधियां काफी ज्यादा रहीं हैं। इन गांवों में नक्सली गतिविधियों को देखते हुए खुफिया विभाग और पुलिस की खास नजर रहती है। चिह्नित गावों में सभी बिहार सीमा से लगे हुए हैं।

इन गांवों में बिहार के माओवादियों की दखल होती थी। इसको लेकर अभी भी स्थानीय खुफिया विभाग केंद्रीय एजेंसियों को इनपुट देता है। किसान नेता राजेश चौहान के घर भी जो कार्रवाई हुई है, स्थानीय खुफिया विभाग से मिले इनपुट को भी शामिल किया गया है।

जिले के चिह्नित 24 नक्सल प्रभावित गांवों में हाल के सालों में कोई गतिविधि नहीं मिली है। पर अलर्ट के रूप में हमेशा जिला प्रशासन और पुलिस निगरानी करता रहता है। सूत्रों के अनुसार श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बलुअन' खास और राजपुर कटहेरिया, गोबरही, सिरसिया पवार, बंकुल, मिश्रौली ये बिहार के सीमावर्ती गांव हैं, जहां पर अब भी बिहार से जुड़े कुछ संगठन के लोग आते-जाते हैं। इनकी पैठ गांव में गहरी है। गरीबों को अपने पाले में रखते हुए खुफिया एजेंसियां इन गांवों में संदिग्ध लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखते हैं। जहां बैठक कर एक विचारधारा का प्रचार-प्रसार भी किया जाता है। अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध भी लड़ाई का हुंकार भरा जाता है।

करीब 20 वर्ष पहले बनकटा थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में जातीय संघर्ष में कुछ लोगों की जान भी चली गई थी। जिसका प्रभाव काफी समय तक देखने को मिला। हालांकि, इस समय स्थितियां सामान्य हैं। गांव में इंडियन पिपुल फ्रंट के सक्रिय सदस्य उमेश पासवान उर्फ शर्मा जी ने सामंती व्यवस्था का विरोध शुरू किया था। आसपास के गांवों में भूमिहार और क्षत्रिय सबसे संपन्न और शक्तिशाली थे।

गरीबों को उत्पीड़न से निजात दिलाने के नाम पर उमेश पासवान जैतपुरा और उसके आसपास के गरीबों को इनके खिलाफ लामबंद कर रहा था। इसी बीच वर्ष 1998 में एक घटना हुई। शर्मा ने बिहार के डुमहर गांव के मुखिया राजेन्द्र राय की फावड़े से काटकर हत्या कर दी। इसके करीब चार साल बाद 2003 में ही चुनावी रंजिश को लेकर गोपालगंज के कुटिया गांव में शर्मा की भी हत्या हो गई।

इसके बाद धीरे-धीरे सब कुछ शांत हो गया। इतना ही नहीं, बिहार के सीवान जिले के जगदीशपुर कोठी, कैथोली, परसिया, बड़गांव, करजइया, मैदनिया, डोमडीह, मठिया, सिरकलपुर, बकुलाड़ी, बेलउर, गुथनी और गोपालगंज के अहियापुर व कुटिया आदि गांवों से सटे हैं और वहां 1998 और 2003 की घटना के बाद भी नक्सली गतिविधियां संचालित हो रहीं थी। जिसका असर जिले के 24 गांवों पर पड़ा और नक्सल प्रभावित सूची बनाई गई।

## नक्सल प्रभावित गांव

जिले के विभिन्न विकास खंडों के करौदी, सरौरा, बरैठा, विशुनपुरा बाजार, लोहरौली, तिलौली, टोला अहिवरनराय, कटघरा, मंझरिया, अमरीचक, महुजा, मेहरौना, चुरिया, बनकटा अमेठिया, बलुआ अफगान, रायबारी, कोरयाकटहरिया, छपरा दुबौली, राजपुर, सिरसिया पवार, बासदेव उर्फ गोबरही, बासदेव उर्फ गोबरही, रामपुर बुजुर्ग, विशुनपुरा, रामपुर कोठी नक्सल प्रभावित की सूची में चिह्नित किए गए हैं।

# फाइनेंस कंपनी के सेल्स मैनेजर से 2.24 लाख की लूट, सात हिरासत में

## देवरिया : सदर कोतवाली इलाके की घटना

देवरिया। सदर कोतवाली के हेतिमपुर-बेलडाड़ मार्ग पर सोमवार की रात करीब नौ बजे भारत फाइनेंस इंक्लूजन के सेल्स मैनेजर से बाइक सवार बदमाशों ने 2.24 लाख रुपये लूट लिए। सेल्स मैनेजर ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने देर रात दबिश देकर सात संदिग्ध को हिरासत में लिया। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरवलिया उर्फ रामनगर निवासी अभय तिवारी फुलवरिया करन गांव से कलेक्शन के रुपये लेकर अपने किराए के कमरे पर आने के लिए निकले। सदर कोतवाली के चंदौली गांव के पास दो बाइक पर सवार छह-सात की संख्या में आए युवकों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद बैग में रखे रुपये लेकर फरार हो गए। संवाद >> संबंधित पेज 7 पर

# नौ घंटे तक चली कार्रवाई, साहित्य और मोबाइल फोन टीम ने लिए कब्जे में

## बोले राजेश - माओवाद, नक्सलवाद के नाम पर मुझे फंसाया जा सकता है, 34 सामानों की एनआईए ने बनाई लिस्ट


उमानगर मुहल्ले में राजेश के घर के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। संवाद


छापे की कार्रवाई के बाद राजेश के घर से जाती एनआईए की टीम। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के उमानगर मुहल्ले में एनआईए मंगलवार को सुबह पांच बजकर तीस मिनट पर पहुंच गई। घर का कोना-कोना टीम ने खंगाल डाला। करीब 34 सामानों की लिस्ट एनआईए ने बनाई, जिसमें सात पॉकिट डायरी हैं। जिस पर विभिन्न लोगों के नंबर लिखे हुए हैं। 12 किताबें हैं।

दो मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एसडी कार्ड और पैंफलेट भी टीम ने कब्जे में लिए। इसके अलावा कुछ अखबारों की कटिंग भी एनआईए टीम साथ ले गई। राजेश ने बताया कि टीम ने कई सवाल उनसे और उनकी पत्नी चंद्रावती से किए हैं। यहां तक कि जूता, झाड़ू, बॉक्स, आलमारी सब चीजों की तलाशी ली गई है। सीआरपीसी 165/3 के तहत मुझे सभी सामानों की सूची रिसीव कराई गई है। उन्होंने बताया कि कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन मुझे आशंका है कि माओवादी, नक्सलवाद के नाम पर मुझे फंसाया जा सकता है।


डॉ. रामनाथ। संवाद

वहीं, जनवादी क्रांति दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रामनाथ चौहान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया है कि एनआईए की टीम ने बेवजह परेशान किया है। आशंका है कि वह बेवजह नक्सलवाद और माओवाद का आरोप मढ़ कर फंसा सकती है।

**पढ़ाई के समय से ही विभिन्न संगठनों से जुड़े हैं राजेश :** राजेश चौहान ने हाईस्कूल की पढ़ाई शहर के जीआईसी, इंटर की पढ़ाई मझगांवा, बीएससी की पढ़ाई बीआरडीपीजी कॉलेज से की है। इसके बाद वह एक कोचिंग सेंटर में अध्यापन करने के बाद लखनऊ सीपीएमटी की तैयारी करने चले गए। पढ़ाई के दौरान ही जनवादी और इंकलाबी नौजवान सभा से जुड़ गए। इस दौरान कई किताबों में उनके लेख भी छपे। धीरे-धीरे विभिन्न आंदोलनों में भाग लिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में हुए आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आजमगढ़ के संयोजक हैं और मजदूर किसान एकता संगठन से जुड़े हुए हैं। आजमगढ़ में 11 महीने से खिरिया बाग का आंदोलन उनकी अगुवाई में चल रहा है। 670 एकड़ जमीन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सर्वसेवा संघ भवन को साजिश के तहत गिराया गया।

उन्होंने बताया कि भगत सिंह की विचारधारा से जुड़े हुए व्यक्ति हैं। ससुराल आजमगढ़ में है। जनमुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी हैं।

# राजेश चौहान की ससुराल पर भी छापा

## आजमगढ़ के बैरमपुर गांव पहुंची एनआईए की टीम, साथ ले गई दस्तावेज

आजमगढ़। एनआईए टीम ने देवरिया निवासी राजेश की ससुराल बैरमपुर गांव जाकर छानबीन की है। टीम ने मंगलवार की सुबह पांच बजे छापा मारकर एक कमरे में रखी किताबों की जांच की और कुछ दस्तावेज साथ लेकर गए। एक मेज पर माओवादियों से संबंधित अनेक साहित्य व किताबें रखी थीं। टीम ने इन किताबों को कमरे से बाहर निकलवाया। इसके बाद टार्च की रोशनी में एक-एक किताब को देखा।

देवरिया का मूल निवासी राजेश जन मुक्ति मोर्चा के नाम से एक संगठन चलाता है। उसकी ससुराल आजमगढ़ के तहबरपुर थानाक्षेत्र के बैरमपुर गांव में है। वह गांव निवासी निहोर का छोटा दामाद है।

अक्सर ससुराल आता-जाता रहता है। जिले में मंदुरी हवाईअड्डा विस्तार के विरोध में चल रहे खिरियाबाग आंदोलन में भी वह शामिल हो रहा था।

**खिरिया बाग में सन्नाटा :** मंदुरी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर खिरियाबाग में क्षेत्र के किसान धरना दे रहे हैं। इस धरने में राजेश भाग लेता था। धरना प्रतिदिन दोपहर बाद दो बजे से शुरू होता है। लेकिन मंगलवार की शाम सवा तीन बजे तक धरना स्थल पर सन्नाटा था। धरने व प्रदर्शन में शामिल कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। संवाद

### बोले सुसराल के लोग

सुबह पांच बजे सादे कपड़े में पांच-छह लोग आए थे। इनके साथ पुलिस भी थी। टीम ने घर की तलाशी लेने के साथ ही परिजनों से पूछताछ भी की। इसके बाद कमरे से कुछ कागज लेकर चले गए। - राहुल, राजेश भगत का चचेरा साला।

10 वर्ष पूर्व बेटी की शादी राजेश से हुई है। दो बच्चे भी हैं। वह हर महीने दो से तीन दिन के लिए आता था। कैसी जांच चल रही है, इसकी जानकारी नहीं है। - सीता, राजेश की सास

### मासूम बेटी बोली-पुलिस अंकल आए हैं

देवरिया। राजेश की बेटी कृति मोहल्ले के ही एक पब्लिक स्कूल में पढ़ती है। एनआईए के छापा के दौरान उसे टीम ने आराम से पढ़ने के लिए भेज दिया। जब वह वापस लौटी तो छापे की कार्रवाई चल रही थी। उसने बताया कि पुलिस अंकल सुबह से ही घर पर जमे हुए हैं।

# किसान नेता के घर एनआईए का छापा, 34 सामान जब्त

## देवरिया में माओवादी कनेक्शन खंगालने पहुंची टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लखनऊ की टीम ने मंगलवार सुबह शहर के उमानगर मुहल्ला निवासी जनवादी क्रांति दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रामनाथ चौहान और उनके पुत्र व आजमगढ़ के किसान नेता राजेश चौहान के घर पर छापा मारा।

राजेश चौहान और उनकी पत्नी से करीब नौ घंटे तक पूछताछ की। जांच टीम सिम सहित दो मोबाइल फोन, साहित्य की किताबें, पत्र-पत्रिकाएं और डायरी समेत 34 सामान कब्जे में लेकर दोपहर बाद लखनऊ लौट गई। कार्रवाई को माओवादियों और शहरी नक्सलियों के कनेक्शन से जोड़ा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब पांच बजे एनआईए इंस्पेक्टर आलोक श्रीवास्तव, एसआई सिब्बू लाल के साथ स्थानीय राजस्व कर्मियों की टीम राजेश चौहान के घर पहुंची। टीम ने उनके घर में अपराह्न 1.45 बजे तक जांच की।

इस दौरान घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। जांच टीम ने संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ के सचिव राजेश चौहान से लंबी पूछताछ के बाद सात डायरियां जब्त कीं। इनमें मिले कुछ फोन नंबरों की पड़ताल की जा रही है। साथ ही टीम ने राजेश चौहान और उनकी पत्नी के बैंक खातों को खंगाला। सूत्रों के मुताबिक एनआईए टीम ने नक्सली गतिविधियों से जुड़े एक मामले में कार्रवाई की है।

### नौ घंटे तक की छानबीन बैंक खातों की भी जांच



किसान नेता राजेश कुमार

छापे की कार्रवाई के बारे में राजेश चौहान ने बताया कि टीम ने उनसे आजमगढ़, दिल्ली सहित कई आंदोलनों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि वह आजमगढ़ में हवाई अड्डे की जमीन को लेकर चल रहे आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं। इसी वजह से उन्हें परेशान किया जा रहा है। साथ ही उनसे बीएचयू में विभिन्न मुद्दों पर हुए आंदोलनों की जानकारी ली गई। भगत सिंह स्टूडेंट मोर्चा के साथ रिश्ते कैसे हैं, इसके बारे में भी एनआईए की टीम ने पूछताछ की। पत्नी चंद्रावती से भी राजेश चौहान के बारे में अलग से पूछताछ की गई।

>> संबंधित पेज 8 पर

# एंटी करप्शन टीम ने राजस्व कानूनगो को रिश्वत लेते पकड़ा

## गोरखपुर की टीम ने की कार्रवाई, भाटपाररानी तहसील में तैनात है कानूनगो

भाटपाररानी। गोरखपुर की एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को भाटपाररानी तहसील में तैनात राजस्व कानूनगो को 78 वर्षीय वृद्ध से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। वृद्ध एक साल से पैमाइश के लिए राजस्व कानूनगो के पास दौड़ लगा रहे थे। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस से लेकर अधिकारियों तक से फरियाद की थी, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ था।

जानकारी के मुताबिक, तहसील के राजस्व कानूनगो संतोष तिवारी अहिरौली बघेल न्याय पंचायत के प्रभारी राजस्व कानूनगो तथा ग्राम बलुआ अफगान के हल्का लेखपाल भी हैं। ग्राम अहरौली बघेल निवासी गणेश सिंह धारा 24 की गणेश बनाम सत्यदेव मुकदमे में पैमाइश के लिए वर्ष 2022 से चक्कर काट रहे थे। उन्होंने बताया कि कानूनगो पैमाइश के लिए 25 हजार रुपये की मांग कर रहा था। थक हार कर उन्होंने एंटी करप्शन गोरखपुर के एक सदस्य से शिकायत की। टीम ने कानूनगो के विरुद्ध जाल बिछाया। गणेश सिंह मंगलवार की दोपहर कानूनगो के आवास पर पहुंचे और टीम की ओर से उपलब्ध कराए गए नोट कानूनगो को दिए। कानूनगो के रुपये हाथ में लेते ही बगल में खड़ी टीम के सदस्यों ने उसे धर दबोचा। संवाद >> संबंधित पेज 3 पर

# मृतका की मां की तहरीर पर पांच पर हत्या का केस

बनकटा (एसएनबी)। युवती की हत्या कर हाथ पैर बांध कर शव को रेलवे ट्रैक पर रखने के मामले में मृत युवती की मां मुन्नी देवी की तहरीर पर बनकटा पुलिस ने सोमवार को गांव के पांच लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर ली है।आरोपी घटना के दूसरे दिन से ही घर छोड़ कर फरार है।इस मामले पुलिस ने कोई गिरफ्तारी नही की है।पुलिस शायद पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।पुलिस को लगता है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपी दोषमुक्त हो जायेंगे।विगत 31 मई 2023 की घटना में भी हल्का दरोगा द्वारा उनकी काफी मदद की गई थी।लोगों का कहना है कि उस समय ही पुलिस अगर सही एक्शन ली होती तो युवती की जान नहीं गयी होती।अब देखना है कि इस हाई प्रोफाइल मामले में पुलिस का एक्शन क्या होता है।

# ज्वाइंट कमिश्नर एवं अपर निदेशक ने गोवंश का किया निरीक्षण

देवरिया। ज्वाइंट कमिश्नर भारत सरकार डा. विजय कुमार तेवतिया एवं अपर निदेशक पशुपालन विभाग गोरखपुर मंडल गोरखपुर डा जी के सिंह ने ब्लक बैतालपुर अंतर्गत ग्राम इटवा में लंपी बीमारी से रिकवरी फेज में गोवंश का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया।

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

भाटपार रानी (एसएनबी)। तहसील परिसर में फैले भ्रष्टाचार व लूट खसोट से त्रस्त आम जनमानस की आवाज अब भ्रष्टाचार निरोधक दस्तों तक पहुंचने लगी है। इसी क्रम में स्थानीय तहसील क्षेत्र के एक वृद्ध किसान ने राजस्व निरीक्षक के द्वारा पैमाइस के नाम पर धन उगाही किये जाने से त्रस्त होकर एंटी करप्सन को सूचित कर राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथ ₹ 15 हजार का घूस लेते पकड़वा कर हड़कम्प मचा दिया।



एंटी करप्शन के हत्थे चढ़ा आरोपी राजस्व निरीक्षक/लेखपाल व शिकायतकर्ता वृद्ध किसान।

वृद्ध का आरोप है कि वह विगत एक वर्ष से राजस्व कानूनगो के पास दौड़ लगा रहा था। उसने संपूर्ण समाधान दिवस से लेकर अनेक अधिकारियों से फंरियाद करने के बाद हार-थक कर यह साहसिक कदम उठाया है।तहसील के राजस्व निरीक्षक संतोष तिवारी अहिरौली बघेल न्याय पंचायत के प्रभारी राजस्व कानूनगो तथा ग्राम बलुआ अफगान के हल्का लेखपाल भी हैं। ग्राम अहरौली बघेल निवासी गणेश सिंह धारा 24 की गणेश बनाम सत्यदेव मुकदमे में पैमाइश के लिए वर्ष 2022 से साइकिल से 12 किलोमीटर दूरी तय कर आते जाते थे। उन्होंने बताया कि उक्त कानून को पैमाइश के लिए उनसे ₹ 25000 की मांग कर रहा था। हार-थक कर उन्होंने एंटी करप्शन गोरखपुर के एक सदस्य से बात की। टीम नेकानूनगो के विरुद्ध जाल बिछाया। गणेश सिंह दोपहर तहसील पहुंचे और कानून से संपर्क किया। वह उस समय बलुआ अफगान में था। आने के बाद वह उसके आवास पर पहुंचकर टीम द्वारा प्रदत एक सफेद कागज में पाउडर लगा पांच सौ की 30 नोट लपेटकर कानूनगो को दिया और इसे गिनने को कहा। रुपया देते ही बगल में खड़ी टीम के दो सदस्यों ने रंगे हाथ रुपये सहित कानूनगो को धर दबोचा और तहसील परिसर से होते हुए बाहर खड़ी गाड़ी में बिठाकर गणेश सिंह के साथ थाने पहुंची और पूछताछ में जुट गई। इस घटना से पूरे तहसील में पूरे दिन चर्चा का माहौल रहा। थाना अध्यक्ष टीजे सिंह ने कहा कि आरोपी हिरासत में है मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# केक काटने को लेकर प्रधानाचार्य व शिक्षक मे मारपीट

भलुअनी। जहां शिक्षक दिवस पर विद्यालयों में विचार गोष्ठी व गुरु शिष्य परंपरा के निर्वहन का पाठ पढ़ाया जा रहा है वही आज एक इंटर कलेज में केक काटने को लेकर प्रधानाचार्य और एक अध्यापक के बीच जमकर मारपीट हुई ।जिससे विद्यालय का वातावरण तनाव पूर्ण हो गया। भलुअनी थाना क्षेत्र के शान्ति निकेतन इंटर कलेज टेकुआ में प्रधानाचार्य और एक सहायक अध्यापक केक काटने के मामले को लेकर आपस में भिड़ गए ।मार पीट मे दोनों पक्षों को चोटें आयी हैं ।सहायक अध्यापक श्री नारायण सिंह यादव ने पुलिस को दिये गये तहरीर मे कहा है कि आज शिक्षक दिवस था छात्रों के निवेदन पर मैंने शिक्षक दिवस का केक काट दिया। वहां पर पहुंचे विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र यादव ने खुन्नस बस आक्रोशित होकर डंडे से मेरे सर और हाथ पर मार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया। उन्होंने अपने तहरीर में कहा है कि प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र यादव मुझे जान से मारने की धमकी भी दिए पुलिस ने श्री नारायण सिंह यादव के तहरीर पर मुकदमा पंजीत कर लिया है। थानाध्यक्ष भलुअनी ने बताया कि सहायक अध्यापक के तहरीर पर मुकदमा कायम किया गया है। मामले की तहकीकात की जा रही है।

# 191 पेटी अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

भाटपाररानी। श्रीरामपुर पुलिस ने मंगलवार को ग्राम सिकटिया के पास से तीन लग्जरी वाहनों से बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब की एक बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। पुलिस टीम को देख अन्य तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे। पकड़े गए तस्कर और गाड़ियों को पुलिस थाने लाई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 191 पेटी अवैध बंटी-बबली देसी शराब बरामद किया। पकड़े गए तस्कर की पहचान अमन तिवारी निवासी लंगड़ापुरा थाना मैरवा जिला सिवान बिहार के रूप में हुई है। इसके अलावा चार अज्ञात तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।थानाध्यक्ष अनिल कुमारे ने बताया कि एक व्यक्ति को पड़ा गया है। संवाद

# सिकटिया देशी की भट्ठी से तस्करी हेतु तीन स्कार्पियो पर लदी 191 पेटी शराब बरामद

श्रीरामपुर/प्रतापपुर (एसएनबी)। श्रीरामपुर पुलिस ने सोमवार की रात मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के सिकटिया बाजार स्थित देशी शराब की भट्ठी से रात को तकरीबन 10 बजे तस्करी हेतु बिहार लेजाने के लिए 3 अदद महिंद्रा स्कर्पियो में लदी 191 पेटी अवैध बंटी बबली देशी शराब (8595 पाउच) प्रत्येक 200 एमएल टेट्रा पैक सहित एक नफर अभियुक्त को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर ली है जबकि अन्य तस्कर भागने में सफल हो गए।गिरफ्तार तस्कर के साथ शराब से भरी तीनों गाड़ियों को पुलिस थाने ले गयी और शराब को जब्त करते हुए तीनो गाड़ियों को सीज कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना व पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद सक्रिय हुई श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने क्षेत्राधिकारी भांटपार रानी के कुशल पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार के निर्देशन में गठित टीम द्वारा सिकटिया बाजार स्थित देशी भट्ठी को दोनों ओर से घेराबंदी कर तीन महिंद्रा स्कर्पियो में 191 पेटी अवैध देशी शराब बंटी बबली सहित 1 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जबकि 4 अन्य भागने में सफल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक नफर अभियुक्त एवं 4 अज्ञात के विरुद्ध मुअसं0162/2023 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीत किया गया।पकडा गया अभियुक्त अमन तिवारी पुत्र संदीप तिवारी ग्राम लंगड़पुरा थाना मैरवा जिला सिवान बिहार का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार,उप निरीक्षक दीपक सिंह,उप निरीक्षक छोटेलाल,उप निरीक्षक दिनेश कुमार मौर्य,हेड कांस्टेबल सुभाष सिंह,हेड कांस्टेबल बृजेश विश्वकर्मा,हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल मनीष राय, कांस्टेबल वरुण कुमार, कांस्टेबल शुभम मिश्रा,कांस्टेबल विशाल सिंह,कांस्टेबल रामसागर गुप्ता आदि शामिल रहे।



देशी शराब के पेटियों के साथ गिरफ्तार अभियुक्त।

# NIA का देवरिया समेत 5 जिलों में छापा

लखनऊ (एसएनबी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को सुबह-सुबह नक्सली कनेक्शन में प्रदेश के पांच जिलों के आठ ठिकानों पर छापेमारी कर विस्तृत छानबीन की। यह छापेमारी सीपीआई (माओवादी) को लेकर दर्ज एक केस के सिलसिले में सामने आये तथ्यों की छानबीन व संदिग्धों को दबोचने को लेकर की गई। छापेमारी प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ व देवरिया जिले में संदिग्धों के आवासों व कार्यालय परिसरों में की गई। उप्र पुलिस के सहयोग से की गई छापेमारी के दौरान संबंधित ठिकानों के इर्द-गिर्द आमजनों की आवाजाही रोक दी गई थी।

अधिकारिक सूत्रों ने मीडिया को बताया कि छापेमारी एनआईए के आतंक निरोधी दस्ते ने की। छापेमारी एनआईए द्वारा सीपीआई (माओवादी) को लेकर -शेष पेज 2

## देवरिया का छापा नक्सली कनेक्शन को लेकर

देवरिया (एसएनबी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने देवरिया में नक्सली गतिविधियों से जुड़े एवं संयुक्त किसान मोर्चा के पूर्वी उत्तर प्रदेश के समन्वयक राजेश आजाद से पूछताछ के लिए उनके उमानगर स्थित आवास पर मंगलवार की सुबह छापेमारी की। छापेमारी में एनआईए से जुड़े आधा दर्जन अधिकारियों समेत 40 की संख्या में एनआईए एवं यूपी पुलिस के जवान शामिल थे। इस दौरान प्रातः 5 बजे से अपराह्न 2 बजे तक एनआईए की टीम ने राजेश आजाद के घर के हर हिस्से में जांच पड़ताल की। राजेश आजाद से लम्बी पूछताछ के बाद उन्हें 11 सितम्बर को लखनऊ के एनआईए दफ्तर पर पुनः पूछताछ के लिए बुलाया गया। राजेश आजाद के घर की तलाशी के बाद एनआईए की टीम उनकी पुरानी डायरियों, मोबाइल एवं सिम आदि को कब्जे में ले लिया। इसके -शेष पेज 2

## NIA का देवरिया समेत 5 ...

दर्ज केस ( आरसी-01/2023/एनआईए/ एलकेडब्ल्यू) के संबंध में की गई। एनआईए के कई दस्तों ने पांच जिलों के आठ ठिकानों पर तड़के एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। छापे में मिले तथ्यों के बाबत एनआईए ने कोई जानकारी नहीं दी है। उधर प्रयागराज में सामाजिक कार्यकर्ता व पीयूसीएल की प्रदेश अध्यक्ष सीमा आजाद के शिवकुटी स्थित घर से मोबाइल, लैपटाप व साहित्यिक सामग्री बरामद की गयी। एनआईए ने सीमा व उसके पति विश्वविजय को 14 सितम्बर को लखनऊ में पूछताछ के लिए तलब किया है। वाराणसी के महामनापुरी कालोनी स्थित एक घर में भी छापा पड़ा। एनआईए की टीम ने यहां घर में मौजूद मिले एक छात्र संगठन से जुड़ी दो युवतियों से पूछताछ की।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**लार।** लार थाना क्षेत्र के गांव में 3 सितंबर की देर रात हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट के गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के एकसरहां बलुआ गौरी गांव निवासी जयकुमार पुत्र केदारनाथ प्रजापति ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि 3 सितंबर की देर रात लगभग 8रू00 बजे लार से दवा करा कर मैं अपने घर वापस जा रहा था। तभी चनुकी भाटपार रानी मार्ग पर गांधी मोड़ के समीप फानी टोला निवासी परमहंस यादव पुत्र लल्लन यादव, बलुआ गौरी निवासी सुधांशु गुप्ता पुत्र सुमंत गुप्ता, ईश्वर प्रसाद पुत्र शिवनारायण प्रसाद व सत्यवीर उर्फ संग्राम सिंह पुत्र बृजेश सिंह ने रोक कर मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जाते समय मुझे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने बताया कि मारपीट के मामले में चार लोगों परमहंस यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी फानी टोला, बलुआ गौरी निवासी सुधांशु गुप्ता पुत्र सुमंत गुप्ता, ईश्वर प्रसाद पुत्र शिवनारायण प्रसाद व सत्यवीर उर्फ संग्राम सिंह पुत्र बृजेश सिंह के विरुद्ध धारा 323 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# ससुर को बहू ने भाई व भौजाई के साथ मिल की पिटाई, केस

**लार रोड।** बदलते परिवेश मे कुछ लोग रिस्ते कलंकित कर रहे है साथ ही मान मर्यादा का भी हनन कर सब कुछ भूल किसी भी हदतक गुजर जा रहे है । जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है । इसका जिता जागता साबुत मईल थाना क्षेत्र के तेलियां कला गांव मे देखने को मिला जहां ससुर को भाई व भौजाई के साथ मिल बहु द्वारा मारपीट कर लौवलूहान करने के मामले मे मईल पुलिस ने उसके बहु सहित तीन लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है । प्रात जानकारी के अनुसार तेलिया कला गांव निवासी शिवनाथ साहनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की मेरी बहू गुड्डी देवी घर से तीन दिन के लिए बिना बताए कही चली गयी थी। वापस घर आने पर पूछने पर मेरा खाना पानी बन्द कर गाली गलौज देने लगी व खामपार थाना क्षेत्र के सरया गांव के अपने भाई राहुल साहनी व उसकी पत्नी रीमा देवी को बुलाकर जब मै खेत मे काम कर रहा था। तभी तीनो पहुंच कर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। और जब मै खेत मे गीर गया तो वो सब भाग गये। आस पास के लोगो ने पहुंच कर ईलाज के अस्पताल भेज दिया।खबर लिखे जानेत्तक उसका ईलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है । इस संबंध मे जब मईल के थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज से बात की गयी तो उन्होंने बताया की तहरीर के आधार पर पीड़ित के बहू व उसके भाई व भौजाई पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कानूनगो को घूस लेते टीम ने रंगे हाथ पकड़ा




**भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद।** एक वृद्ध की शिकायत पर मंगलवार को लखनऊ व गोरखपुर से आई 17 सदस्यीय एंटी करप्शन की टीम ने भाटपाररानी तहसील में तैनात प्रभारी कानूनगो को 15 हजार रूपए घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

भाटपाररानी तहसील में तैनात संतोष तिवारी अहिरौली बघेल न्याय पंचायत के प्रभारी कानूनगो तथा ग्राम बलुआ अफगान के हल्का लेखपाल है। ग्राम अहरौली बघेल निवासी 78 वर्षीय गणेश सिंह धारा 24 की गणेश बनाम सत्यदेव मुकदमे में पैमाइश के लिए एक साल से तहसील का चक्कर काट रहे थे। वृद्ध अपनी जमीन की पैमाइश के लिए 12 किलोमीटर साइकिल चला कर तहसील आते जाते थे। वह सम्पूर्ण समाधान दिवस से लेकर अधिकारियों का चक्कर लगा कर थक गए थे। गणेश सिंह ने बताया कि प्रभारी कानूनगो संतोष तिवारी पैमाइश के लिए उनसे 25 हजार रूपए की मांग कर रहे थे। थक हार कर उन्होंने एंटी करप्शन गोरखपुर के एक सदस्य से बात की। गणेश सिंह मंगलवार की दोपहर तहसील पहुंचे और कानूनगो से संपर्क किया। उसके आवास पर पहुंचकर गणेश सिंह ने एंटी करप्शन टीम के द्वारा दिए गए 15 हजार रुपए कानूनगो को दिया। कानूनगो अभी पैसा गिन ही रहा था कि आसपास खड़ी एंटी करप्शन टीम के दो सदस्यों ने कानूनगो को धर दबोचा लिया।

पांच बजे भोर में ही उमानगर मोहल्ले में पहुंच गई एनआईए टीम

# 9 घंटे तक पूछताछ, डायरी और मोबाइल ले गई टीम

## छापेमारी

देवरिया, निज संवाददाता। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार की सुबह देवरिया शहर के उमानगर मोहल्ले में संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ के जिला सचिव राजेश कुमार चौहान के घर पर छापेमारी की। टीम में शामिल पांच सदस्य घर के अंदर जबकि स्थानीय पुलिस बाहर मुस्तैद रही। एनआईए की टीम ने प्रत्येक कमरे की सघन तलाशी ली। घर में मौजूद दस्तावेजों और डिजिटल गैजेट्स को खंगाला। इसके बाद करीब नौ घंटे तक राजेश कुमार से पूछताछ की। बाद में टीम के सदस्य मोबाइल, पॉकेट डायरी, किताबें, पर्चे और कुछ पत्र-पत्रिकाएं लेकर चले गए।

लखनऊ से एनआईए के इंस्पेक्टर आलोक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम मंगलवार की भोर में शहर में पहुंची। स्थानीय पुलिस के पहुंचने पर एनआईए की टीम ने उमानगर मोहल्ले में डॉ. रामनाथ चौहान के मकान पर छापेमारी की। डॉ. रामनाथ चौहान सुबह टहलने के लिए निकले हुए थे।

एनआईए की टीम घर में घुस गई और संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ से जुड़े उनके बेटे राजेश कुमार चौहान का नाम पूछा। छापेमारी के समय राजेश कुमार कमरे में सो रहे थे। टीम के सदस्यों ने सबसे पहले सभी के मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद एक-एक कमरे को खंगाला। राजेश कुमार चौहान के कमरे से संगठन की कुछ पत्र-पत्रिकाएं और पर्चे बरामद हुए। टीम के सदस्यों ने घर में मौजूद राजेश की मां और बेटी को एक कमरे में भेज दिया। इसके बाद टीम ने करीब नौ घंटे तक राजेश और उनकी पत्नी से लगातार पूछताछ की। जानकारी के अनुसार राजेश से संगठन को मिलने वाले फंड और आजमगढ़ में हो रहे आंदोलन की फंडिंग के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान पुलिस टीम घर के बाहर मुस्तैद थी।

पूछताछ की कार्रवाई के दौरान न तो किसी को घर के अंदर आने दिया गया और न ही किसी को बाहर जाने दिया गया। करीब 5 बजे सुबह से शुरू हुई पूछताछ पौने दो बजे तक चलती रही। पूछताछ के बाद एनआईए की टीम राजेश का दो मोबाइल, कुछ पत्र और कम्युनिस्ट विचारधारा से जुड़ा साहित्य कब्जे में लेकर रवाना हो गई। राजेश कुमार चौहान आजमगढ़ में एयरपोर्ट की जमीन को लेकर करीब 11 महीने से चल रहे किसानों के आंदोलन से जुड़े हैं और वे विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी लिखते रहते हैं।

जांच टीम में एनआईए के इंस्पेक्टर आलोक कुमार श्रीवास्तव के अलावा एसआई शिव बाबू यादव, राजस्व निरीक्षक ओमजी सिंह, दुर्गेश प्रसाद, यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शामिल रहे।



देवरिया के उमानगर मोहल्ले में पहुंची एनआईए की टीम और मौजूद पुलिस।

- कार्रवाई के दौरान बाहर मुस्तैद रही पुलिस, किसी को नहीं आने दिया अंदर
- शहर के बीआरडी पीजी कालेज से बायो से बीएससी करने के बाद चले गए थे लखनऊ

### इन सामानों को अपने साथ ले गई है टीम

एनआईए की टीम राजेश का सिम समेत छोटा-बड़ा दोनों मोबाइल, एसडी कार्ड, विभिन्न नंबर लिखे सात पॉकेट डायरी, 12 किताबें, एक दर्जन पत्रिकाओं के अंक, कुछ टैबलायड अखबार, आंदोलनों से संबंधित पंपलेट, पर्चे साथ लेकर गयी। टीम ने उनके बैंक पासबुक की भी जांच की। उसमें कुछ हजार रुपये पाये गये। टीम जितना सामान लेकर गयी उसकी रिसीविंग भी राजेश को दी। उस पर अधिकारियों के अलावा राजेश का भी हस्ताक्षर है।



लंबी पूछताछ के बाद रवाना होती एनआईए टीम के सदस्य व अन्य।

### जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं राजेश के पिता

मधुबनी थाना क्षेत्र के हाटा गांव के मूल रूप से रहने वाले राजेश चौहान के पिता डॉ. रामनाथ चौहान पेशे से चिकित्सक हैं। वह शहर के सीसी रोड स्थित कचहरी गेट के समीप प्रैक्टिस करते हैं। शहर के उमानगर मोहल्ले में मकान बनवाकर परिवार के सदस्यों के साथ रहते हैं। डॉ. रामनाथ चौहान ने राजनीति की शुरुआत समाजवादी पार्टी से किया। वह अपने गांव हाटा में तीन बार ग्राम प्रधान रह चुके हैं। 1996 में निर्दल प्रत्याशी के रूप में देवरिया सदर से विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। वह वर्तमान समय में जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और चौहान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

### बेटे को फर्जी तरीके से फंसाने का लगाया आरोप

डॉ. रामनाथ चौहान ने आरोप लगाया है कि पिछले दिनों जातिगत जनगणना कराने की मांग लेकर आंदोलन किया गया था। बेटा राजेश किसानों के आंदोलन को लीड कर रहा है। जिससे सरकार परेशान हो गई है। सरकार ने एनआईए को भेज कर परिवार के लोगों को फंसाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपेंगे। मेरे घर में एनआईए कोई भी असलहा रख कर बेटे को फंसा सकती है।

## पढ़ाई के समय से ही कम्युनिस्ट विचारधारा से जुड़े हैं राजेश

### अतीत से

देवरिया, निज संवाददाता। राजेश कुमार चौहान पढ़ाई के समय से ही कम्युनिस्ट विचारधारा से जुड़े रहे हैं। उनके घर पर एनआईए के छापेमारी की खबर पूरे जिले में आग की तरह फैल गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के उमानगर मोहल्ले के रहने वाले डॉ. रामनाथ चौहान के पुत्र राजेश कुमार चौहान शुरू से ही मेधावी छात्र थे। हाई स्कूल की परीक्षा मझगांवा इंटर कालेज से उत्तीर्ण किया। इसके बाद उनके पिता ने उनका एडमिशन शहर के राजकीय इंटर कालेज में बायो ग्रुप में कक्षा 11 वीं में करा दिया। जहां से इंटर की परीक्षा पास करने के बाद शहर के बीआरडीपीजी में बीएससी में नामांकन कराया। जहां 1996 में बायो ग्रुप से बीएससी की शिक्षा का ग्रहण किया। इसके बाद पिता डाक्टर बनने के लिए दबाव देने लगे। इस पर वह सीपीएमटी की तैयारी के लिए लखनऊ चले गए। जहां पर वह सीपीएमटी की तैयारी के दौरान कुछ कम्युनिस्ट विचारधारा के युवकों के सम्पर्क में आए। सीपीएमटी में सलेक्शन नहीं हुआ तो आजमगढ़ में बच्चों को कोचिंग पढ़ाने लगे।

#### आजमगढ़ के आंदोलन में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

आजमगढ़ जिले के मंदुरी में एयरपोर्ट बनाने के लिए किसानों की भूमि अधिग्रहण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो राजेश उससे जुड़ गए। इन्हें संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ का जिला सचिव बना दिया गया। आजमगढ़ स्थित मंदुरी हवाई अड्डा विस्तारीकरण को लेकर विरोध लगातार जारी है। खिरिया बाग में एक वर्ष से धरना चल रहा है। आंदोलन को चलाने में राजेश कुमार चौहान की अहम भूमिका सामने आई थी। उन पर आरोप है कि इन्हें पूर्वांचल में आंदोलन को चलाए रखने के लिए फंड मिला हुआ है। इनकी गतिविधि संदिग्ध लगी है। इसकी जांच की जा रही है।

**कार्रवाई के दौरान हैरान रहे मोहल्ले के लोग** : उमानगर मोहल्ले में भोर में कुछ लोग टहलने के लिए निकल रहे थे। पुलिस और एनआईए की टीम को देख कर लोग दहशत में आ गए।

# पुलिस ने पांच पशु तस्करों को पकड़ा

बरियारपुर। बरियारपुर पुलिस ने मंगलवार को पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। केस दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया। तस्करों के पास से मिले दो पिकअप और दो बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया। जबकि पशुओं को मुक्त कराकर स्थानीय गौशाला में भेज दिया गया। बरियारपुर थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह बताया कि पुलिस ने सिसवा चौराहे पर टैक्टर-ट्रॉली लगाकर घेराबंदी कर दिया। कुछ देर में दो पिकअप आती दिखी, लेकिन पुलिस को देखते ही पशु तस्कर भागने लगे। बाद में पुलिस ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामप्रसाद यादव, भानपुर, विजयीपुर बिहार, अजहरुद्दीन निवासी रमन छपरा, बरियारपुर, अंकित पाल निवासी अहिरौली थाना बघौचघाट, सन्नी गिरी निवासी गौर कोठी बरियारपुर, विश्वजीत निवासी मठिया बरियारपुर के रूप में हुई।

# पांच लाख की शराब से भरी तीन स्कार्पियो पकड़ी

- स्कॉर्पियो में छिपाकर बिहार ले जा रहे थे
- 191 पेटी बंटी-बबली व 8597 पाउच बरामद

प्रतापपुर, हिन्दुस्तान संवाद। श्रीरामपुर पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। जांच के दौरान पुलिस ने स्कॉर्पियो में छुपा कर बिहार ले जा रहे शराब के साथ एक तस्कर को दबोच लिया है। तलाशी के दौरान तीनों स्कॉर्पियो से करीब 5 लाख की शराब बरामद हुई।

थानाध्यक्ष श्रीरामपुर अनिल कुमार के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि शराब तस्कर तीन स्कॉर्पियो गाड़ी में शराब लाद कर सिकटिया होते हुए बिहार जाने की फिराक में है। सूचना पाकर पुलिस सक्रिय हो गई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ली। इसी बीच तीन स्कॉर्पियो को देखकर पुलिस ने मोर्चाबंदी करते हुए जांच करना शुरू कर दिया। मौके से एक शराब तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान विभिन्न स्कॉर्पियो से 191 पेटी बंटी बबली देशी शराब जिसमें 8595 पाउच बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान सिवान जिला के मैरवा थाना क्षेत्र के लंगड़पुरा निवासी अमन तिवारी पुत्र संदीप तिवारी के रूप में हुआ है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार, उपनिरीक्षक दीपक सिंह, उप निरीक्षक छोटेलाल, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार मौर्य, हेड कांस्टेबल बृजेश विश्वकर्मा, मुकेश कुमार यादव, मनीष राय, वरुण कुमार, शुभम मिश्रा, विशाल सिंह, रामसागर गुप्ता आदि शामिल रहे।

# किसानों के पक्ष में आवाज उठाने पर की छापेमारी

**शिकंजा**

- भगत सिंह व आजाद की विचारधारा का है प्रभाव
- आजमगढ़ में ही हुई है राजेश की शादी

एनआईए टीम के जाने के बाद राजेश कुमार चौहान ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव आने वाला है, ऐसे में जनता व किसानों की आवाज उठाने, उनके संघर्ष, आंदोलन का सपोर्ट करने वाले लोगों के यहां इस तरह की छापेमारी कर भय पैदा किया जा रहा है। इसी कड़ी में उनके घर पर भी एनआईए ने छापेमारी। वह संदिग्ध चीज खोज रही थी, लेकिन कुछ नहीं मिला। उनके द्वारा आजमगढ़ में किसानों का आंदोलन इतना लंबा कैसे चल रहा है तथा कहां से पैसा आदि मिलता है इसके बारे में पूछताछ



एनआईए की पूछताछ के बाद अपने आवास पर राजेश कुमार चौहान, उनके पिता डॉ. रामनाथ चौहान व अन्य लोग।

की गई। एयरपोर्ट की जमीन को लेकर चल रहे आंदोलन में 8 संगठनों की भागीदारी है। 14 एकड़ जमीन से 40 हजार किसान प्रभावित हैं, जमीन छीनने से वह कहां जायेंगे, क्योंकि खरीदने से भी जमीन नहीं मिलेगा। वह दिल्ली के किसान आंदोलन से भी जुड़े रहे हैं। हम जहां भी अन्याय होता उसके खिलाफ आवाज उठाते हैं। उन्होंने कहा कि वे छात्र जीवन से ही भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। आजमगढ़ में एयरपोर्ट बनाने को किसानों की अधिग्रहित की जाने वाली जमीन को लेकर 11 महीने से चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। आजमगढ़ में ही उनकी शादी भी हुई है।

# देवरिया समेत 5 जिलों में एनआईए का छापा

## शिकंजा

लखनऊ/देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की टीम ने मंगलवार सुबह देवरिया, वाराणसी, आजमगढ़, चंदौली और प्रयागराज में आठ ठिकानों पर छापेमारी की। माना जा रहा है कि यह छापेमारी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (माओवादी) से विभिन्न संगठनों की साठगांठ होने के सुबूत मिलने के बाद की गई है। इस दौरान एनआईए ने मोबाइल, लैपटाप और कुछ संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

एनआईए के अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के कुछ समाजसेवी व छात्र संगठनों के सीपीआई (माओवादी) से संबंध होने की सूचनाए मिल रही थीं। इसलिए छानबीन के लिए आठ स्थानों पर छापेमारी की गई। देवरिया शहर के उमानगर मोहल्ले में संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ के जिला सचिव राजेश कुमार चौहान के घर पर छापेमारी की। टीम में शामिल पांच सदस्य घर के अंदर जबकि स्थानीय पुलिस बाहर मुस्तैद रही। एनआईए की टीम ने प्रत्येक कमरे की सघन तलाशी ली। घर में मौजूद दस्तावेजों और डिजिटल गैजेट्स को खंगाला। इसके बाद करीब नौ घंटे तक राजेश कुमार से पूछताछ की। बाद में टीम के सदस्य मोबाइल, पॉकिट डायरी, किताबें, पर्चे और कुछ पत्र-पत्रिकाएं लेकर चले गए। प्रयागराज में एनआईए ने पीयूसीएल की अध्यक्ष सीमा आजाद निवासी मेंहदौरी कॉलोनी और उनके भाई मनीष के घर पर छापामारी की। लैपटॉप और साहित्य को सीज किया।



मंगलवार को देवरिया में एनआईए की छापेमारी के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी।

- देवरिया में संयुक्त किसान मोर्चा के जिला सचिव के घर पहुंची एनआईए की टीम
- नौ घंटे तक हुई पूछताछ, मोबाइल, डायरी व पत्र-पत्रिकाएं ले गई टीम

➤ संबंधित खबर P03

# एजेंट से दो लाख की लूट, पुलिस ने दबोचा

**कामयाबी**

- सदर कोतवाली क्षेत्र में सुरौली के पास रात में हुई थी लूट की वारदात
- वसूली करके लौट रहा था भारत फाइनेंस इन्क्लूजन लिमिटेड का एजेंट
- पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बदमाशों को दबोचा, रुपये व टैबलेट बरामद
- कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया का रहने वाला है फाइनेंस कंपनी का एजेंट

> एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट से सोमवार की रात लूट की वारदात हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गए। छापेमारी में घटना में शामिल चारों बदमाशों को दबोच लिया गया। उनके पास से लूट के रुपए और टैबलेट भी बरामद हो गए हैं। मामले में बदमाशों से पूछताछ करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।
> श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सदर

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट से बदमाशों ने सोमवार की रात दो लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौली के पास हुई। बदमाश एजेंट का टैबलेट भी लूट ले गए थे। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सीओ के नेतृत्व में रात में ही ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल चार बदमाशों को दबोच लिया। उनके पास से लूट के रुपए, टैबलेट और घटना में उपयोग की गई बाइक बरामद कर ली है। पुलिस बदमाशों से पूछताछ में जुटी है।

कुशीनगर जिले के निबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सरवरिया उर्फ रामनगर के रहने वाले अभय तिवारी पुत्र वासीन्दु तिवारी देवरिया के भुजौली कॉलोनी में स्थित भारत फाइनेंस इन्क्लूजन लिमिटेड में ऐजेंट का काम करते हैं। वह शहर के जलकल आफिस के पास किराए का कमरा लेकर रहते हैं। कंपनी के मैनेजर धर्मपाल के मुताबिक करीब डेढ़ माह पूर्व ही अभय ने काम शुरू किया है। सोमवार को अभय रुपए का कलेक्शन करने गए थे। रात करीब आठ बजे अपनी बाइक से देवरिया लौट रहे थे। बेलडाड़ मोड़ के समीप चंदौली के पास दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने इन्हें रोक कर पास में मौजूद दो लाख रुपए और टैबलेट लूट लिया। बदमाश उनकी बाइक भी लूटकर भागना चाह रहे थे लेकिन वह स्टार्ट नहीं हुई तो छोड़ कर फरार हो गए। एजेंट ने रात में ही कोतवाली पुलिस को वारदात की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। सीओ के नेतृत्व में ताबड़तोड़ कई जगह छापेमारी हुई। इस दौरान पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले चारों बदमाशों को अलग-अलग स्थान से दबोच लिया। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो उनके पास से लूट के रुपए व एजेंट का टैबलेट भी बरामद कर लिया गया। पुलिस दबोचे गए बदमाशों से पूछताछ में जुटी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

लार रोड। रामजानकी मार्ग पर मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना की सूचना मईल पुलिस को दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मईल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया।

रामनिवास प्रसाद (30) पुत्र देवधारी प्रसाद निवासी बढ़या हरदो, लार रोड मईल सटरिंग का काम करता है। वह सोनूघाट से काम करके देर रात बाइक से मईल चौराहा के तरफ से अपने गांव बढ़या हरदो जा रहा था। अभी वह रामजानकी मार्ग पर मईल थाना क्षेत्र के अघनिवास गांव के सामने पहुंचा था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया।

# मुठभेड़ में दबोचे गए बदमाश पर जानलेवा हमले का केस

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। मुठभेड़ में दबोचे गए बदमाश कामेश्वर उर्फ मन्नू व उसके फरार साथी के खिलाफ पुलिस ने जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी राजू सिंह की तहरीर पर हुई है। पुलिस की गोली से घायल बदमाश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

एसओजी टीम ने गौरीबाजार और रुद्रपुर पुलिस के साथ गौरीबाजार चीनी मिल परिसर की घेराबंदी कर दी थी। पुलिस की गाड़ियों को देख बदमाश बाइक से भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने कालावन गांव के समीप फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बाइक पर पीछे बैठें बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई और वह गिर गया, जबकि बाइक चला रहा उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस टीम ने घायल बदमाश कामेश्वर को दबोच लिया था। कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ देवरिया, गोरखपुर और कुशीनगर जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट का केस दर्ज है।

# दो लोगों पर छेड़खानी का मुकदमा

रामपुर कारखाना। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि दो सितंबर को गांव के कुछ लोग दरवाजे पर भूसा गिरने के लिए ट्रैक्टर खड़ा कर दिए। उसी समय वह स्नान कर रही थी। भूसा गिराने से मना करने पर उक्त लोग स्नान करते समय घर से खींच कर लात घुंसो व डंडा से मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में द्वारिका तथा कुंदन के विरुंद्ध मारपीट, छेड़खानी का केस दर्ज किया।

# छात्रा से सरेराह युवकों ने की अश्लील हरकत

खड्डा। क्षेत्र के एक ग्राम सभा स्थित विद्यालय से पढ़कर घर लौट रही दसवीं की छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के दो युवकों द्वारा सरेराह अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी क्षेत्र के एक कॉलेज में 10वीं में पढती है।

# किशोरी के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज

खुखुन्दू। एक किशोरी की अपहरण मामले में उसकी मां के तहरीर पर पुलिस ने अपहरण, एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में एक व्यक्ति व उनके परिजन नाम पता अज्ञात के विरूद्ध केस दर्ज किया है। किशोरी की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा बेटी नाबालिक है उसे दूसरे गांव का एक व्यक्ति फोन कर उसे परेशान करता है। उस व्यक्ति ने 28 अगस्त को फुसलाकर भगा ले गया है।

# मारपीट के मामले में केस दर्ज

मेहरौनाघाट। क्षेत्र के गांव में 3 सितंबर की देर रात हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट के गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के एकसरहां बलुआ गौरी गांव निवासी जयकुमार ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि 3 सितंबर की रात 8 बजे लार से दवा करा कर लौट रहा था। चनुकी मोड़ के समीप कुछ लोग पीट कर फरार हो गए।

# घर में घुसकर छेड़खानी, दो पर मुकदमा

रामपुर कारखाना: क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के साथ घर में घुसकर दो युवकों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर मारपीट भी की। इस मामले में पुलिस ने गांव के द्वारिका व कुंदन के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# बढ़ रहा साइबर अपराध, आठ महीने में 927 मामले दर्ज

**जासं, देवरिया**: पिछले महीनों में जिले में साइबर अपराध तेजी से बढ़े हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीते एक जनवरी से अगस्त के आखिर तक साइबर अपराध से जुड़े वित्तीय धोखाधड़ी के 927 मामले दर्ज हुए हैं। साइबर सेल के सहयोग से जालसाजी के शिकार 49 लोगों के खाते में 52 लाख 44 हजार रुपये वापस कराए गए हैं, लेकिन 878 मामले अभी भी सुलझाए नहीं जा सके हैं।

साइबर अपराधों पर काबू के लिए जिले में साइबर सेल का गठन किया गया है। खाते में धोखाधड़ी या मोबाइल पर रुपये की निकासी की सूचना मिलने पर 24 घंटे के भीतर सेल में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

जानकारी मिलने पर सेल संबंधित खातों को फ्रीज करा देती है। जांच के बाद दोषी के पकड़े जाने पर पुलिस रुपया वापस कराती है। यदि कोई जालसाजी कर सामान खरीदता है तो टीम उस सामान की डिलीवरी रोक देती है।

- 49 मामलों में वापस कराए गए 52.44 लाख रुपये
- 878 मामलों में अब भी अपराधी पकड़ से दूर

**केस-एक**: भटनी थाने के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले रजनीश कुमार से 48 लाख रुपये की ठगी की गई। इस मामले में भटनी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचना इंस्पेक्टर श्यामानंद राय को सौंपी गई। अप्रैल से अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**केस-दो**: शहर के देवरिया खास के रहने वाले अतीश कुमार जायसवाल से 18.48 लाख रुपये की ठगी हुई है। इस मामले में सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है।

"साइबर सेल की टीम वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही है। 52.44 लाख रुपये वापस कराने में टीम को सफलता भी मिली है। जल्द ही इससे जुड़े अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**संकल्प शर्मा, एसपी**

# स्वामी प्रसाद मौर्य पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए एसपी को पत्रक

देवरिया : सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसपी को पत्रक सौंपा। पत्रक में सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल, पं. राहुल शुक्ल, राजेश मिश्र, जय प्रकाश मिश्र, अभिषेक मिश्र, संदीप तिवारी आदि मौजूद रहे। (जासं)

# सुलह न करने पर युवती से अश्लील हरकत

जासं, देवरियाः रुद्रपुर कोतवाली के एक गांव में मुकदमे में सुलह न करने पर दबंगों ने एक घर में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी की और लूटपाट किया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध लूट, छेड़खानी, बलवा व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

युवती की मां की तरफ से एक मामले में मारपीट व दलित अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया गया है। उसी मुकदमे में सुलह करने के लिए आरोपित स्वजन पर दबाव बना रहे थे। सुलह न करने पर आरोपितों ने एक सितंबर को युवती के घर में घुसकर छेड़खानी की और लूटपाट किया। इस मामले में पुलिस ने गांव के विवेक राजभर, सुमित, संदीप, बबलू राजभर व अनीश राजभर के विरुद्ध छेड़खानी, लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महिला ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप : खुखुंदूः क्षेत्र के सोनौली गांव की रहने वाली एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच कर रही है। जिगनी सोनौली गांव की रहने वाली सुमन देवी का आरोप है कि मई 2021 में उसकी शादी हुई। जब से वह ससुराल गई, तभी से ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित कर रहे है। महिला ने एसपी समेत अन्य अधिकारियों के शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पांच पशु तस्करों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया

## सिसवा चौराहे पर की घेराबंदी, पशुओं को मुक्त कराया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बरियारपुर पुलिस ने मंगलवार को पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया। तस्करों के पास से बरामद दो पिकअप और एक बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं पशुओं को मुक्त कराकर स्थानीय गोशाला पर भेजा गया।

बरियारपुर थाने के एसएसआई धर्मेंद्र मिश्र हमराहियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो पिकअप में पशुओं को लादकर तस्कर बिहार ले जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने सिसवा चौराहे पर टैक्टर-ट्रॉली लगाकर घेराबंदी कर दी। कुछ देर में दो पिकअप आती दिखी, लेकिन पुलिस के सक्रिय होने पर तस्कर भागने लगे।

### दो पिकअप और एक बाइक पुलिस ने की जब्त

पुलिस ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामप्रसाद यादव निवासी भानपुर, विजयीपुर बिहार, अजहरुद्दीन निवासी रमन छपरा, बरियारपुर, अंकित पाल निवासी अहिरौली थाना बघौचघाट, सन्नी गिरी निवासी गौरकोठी बरियारपुर, विश्वजीत निवासी मठिया बरियारपुर के रूप में हुई। बरामद दो पिकअप एक बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया।

एसओ दिग्विजय सिंह ने ताया कि पशु तस्करी में लिप्त पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# प्रधानाचार्य ने सहायक अध्यापक का सिर फोड़ा, मुकदमा दर्ज

जासं, भलुअनी: क्षेत्र के शांति निकेतन इंटर कालेज टेकुआ में शिक्षक दिवस पर केक काटना एक सहायक अध्यापक को भारी पड़ गया। प्रधानाचार्य ने डंडा से प्रहार कर सिर फोड़ दिया। इस मामले में सहायक अध्यापक की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

विद्यालय के सहायक अध्यापक श्रीनारायण सिंह यादव कक्षा आठवीं के छात्रों को पढ़ा रहे थे। छात्रों के कहने पर उन्होंने केक काट दिया। इसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सहायक अध्यापक का आरोप है कि प्रधानाचार्य ने नाराज होकर डंडे से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे सिर फट गया। साथ ही उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रधानाचार्य हरिश्चंद यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। प्रधानाचार्य हरिश्चंद यादव ने बताया कि केक काटने के चलते बच्चे शोर कर रहे थे। हमने उन्हें मना किया तो वह उलझ गए। हमने बीच बचाव किया तो वह गिर गए और उनका सिर ब्रेंच से लग गया। हमारे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार है।

# हड्डी रोग विभाग में होमगार्ड व तीमारदार भिड़े

जासं, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के हड्डी रोग विभाग में मंगलवार को लाइन लगवाने के दौरान होमगार्ड व तीमारदार भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज व धक्का-मुक्की के बाद मामला बिगड़ गया। यहां दोनों के बीच विवाद से ओपीडी में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे अन्य सुरक्षाकर्मियों ने समझा कर मामले को शांत कराया।

हड्डी रोग विभाग में सुबह से लेकर दोपहर तक बड़ी संख्या में रोगी पहुंच रहे हैं। एक्सरे कक्ष के सामने रोगियों की भीड़ लगी थी। होमगार्ड सिट्टू पाठक रोगियों का लाइन लगवाने लगे। होमगार्ड ने एक रोगी को दरवाजे से हटा दिया। उसके बाद में रोगी के साथ आए दो युवक होमगार्ड से भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ ही खींचातानी होने लगी। इस दौरान रोगियों की भीड़ के बीच अफरा-तफरी मच गई। शोर सुन आसपास के कई होमगार्ड मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।



मेडिकल कालेज के हड्डी रोग विभाग में लोगों को समझाता होमगार्ड • जागरण

## डेंगू के संभावित चार रोगी भर्ती, एक में डेंगू की पुष्टि

जासं, देवरिया : महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड में डेंगू के लक्षण वाले चार रोगियों को दो दिन के अंतराल में भर्ती किया गया है, जिसमें एक रोगी में डेंगू की पुष्टि हुई है, जबकि अन्य की डेंगू जांच रिपोर्ट अभी नहीं आई है। एक सप्ताह में डेंगू के लक्षण वाले 10 रोगी भर्ती हो चुके हैं। डेंगू के लक्षण वाले रोगियों में बैरिया, गोपालगंज बिहार का 23 वर्षीय युवक, शहर के साकेत नगर का 30 वर्षीय युवक, बघौचघाट का 23 वर्षीय युवक शामिल है। जबकि भलुअनी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले 25 वर्षीय युवक की डेंगू की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है। मेडिकल कालेज में डेंगू वार्ड के प्रभारी डा. विजय गुप्ता ने बताया कि एक युवक की डेंगू की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आई है।

मेडिकल कालेज के सीएमएस डा. एचके मिश्र ने बताया कि हड्डी रोग विभाग में तीमारदार व होमगार्ड के बीच विवाद हुआ था। अभी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। ओपीडी में रोगियों को लाइन से ही डाक्टर व जांच कक्ष में भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# राजेश की ससुराल आजमगढ़ में भी एनआइए का छापा

## शहर के उमानगर में छापेमारी को लेकर दिन भर रही चर्चा

- उमानगर मोहल्ले में एनआइए द्वारा दंपती से पूछताछ का मामला
- एनआइए टीम के जाने के बाद लोगों की उत्सुकता हुई कम

जागरण टीम, देवरिया/आजमगढ़: मंगलवार को जिले में आई एनआइए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की टीम ने भोर में तहबरपुर थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव में नक्सली कनेक्शन से जुड़े देवरिया जिले के निवासी राजेश आजाद की ससुराल में पांच घंटे तक गहन जांच-पड़ताल की। राजेश आजाद को नक्सली गतिविधियों के लिए कुख्यात जनमुक्ति मोर्चा का संयोजक बताया गया है। मंदुरी हवाईपट्टी के विस्तारीकरण के विरोध में लंबे समय से जिले के खिरियाबाग में ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे धरना-प्रदर्शन में भी राजेश आजाद की अहम भूमिका रही है।

सूत्रों का कहना है कि राजेश के खिलाफ लखनऊ में नक्सलियों से तार जुड़े होने के मामले में मुकदमा दर्ज है। इसी को लेकर एनआइए की टीम ने बैरमपुर गांव में छापेमारी की। टीम के लोग मंगलवार की भोर में ही उसके ससुराल पर कार्रवाई के लिए धमक पड़े थे। इसी के साथ ही राजेश की तलाश में उसके घर देवरिया जिले में भी एनआइए की छापेमारी हुई है।

टीम में शामिल अधिकारियों ने राजेश आजाद से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर गहन जांच- पड़ताल की और ससुराल के लोगों से भी पूछताछ की है। हालांकि पुलिस टीम इस बात की जानकारी से बचती रही कि छापेमारी किस मामले को लेकर हुई है। उधर,एआइए की टीम भी कुछ बताने से यह कहकर परहेज करती रही कि दिल्ली में पूरी सूचना दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम द्वारा छापेमारी की पुष्टि की।

जासं, देवरिया: शहर के उमानगर मोहल्ले में एनआइए टीम की छापेमारी भी आकर्षण रही। इस दौरान लोग यह जानने को उत्सुक रहे कि इतनी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी क्यों आए हैं। नौ घंटे की पूछताछ के बाद एनआइए टीम के जाने के बाद मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली।

भोर में मोहल्ले के अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, जबकि कुछ लोग टहलने के लिए निकले थे। अचानक पुलिस की चार गाड़ियां सीसी रोड में पहुंची और पैदल ही एनआइए टीम के सदस्य पुलिस टीम के साथ संयुक्त किसान मोर्चा आजमगढ़ के जिला सचिव राजेश चौहान के घर पहुंच गए। पुलिस टीम के अचानक पहुंचने पर लोग अवाक रह गए।

मोहल्ले की सड़क पर पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों के मोहल्ले में पहुंचने के चलते खलबली मच गई। लोग पहले तो पुलिस कर्मियों के आने का राज जानने का प्रयास किया। यह स्थिति दोपहर बाद दो बजे तक बनी रही। हर कोई यह ही जानने का प्रयास करता दिखा कि आखिर पुलिस घर में नौ घंटे से क्या कर रही है।



उमानगर में राजेश चौहान के घर में मौजूद पुलिस के साथ एनआइए टीम • जागरण

**तो दो बार पहले भी आ चुकी है एनआइए** : सूत्रों की माने तो एनआइए की टीम पहले से ही जिले में खाका तैयार कर रही थी। 15 दिनों के अंदर पहले भी दो बार एनआइए की टीम जिले में आई और विभिन्न तरह की जानकारियां लेने के बाद वापस लौट गई। हालांकि अधिकारिक पुष्टि इसकी नहीं है।

# बिहार भेजी जा रही 191 पेटी देसी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर के साथ पुलिस टीम • जागरण

जासं, बनकटा: श्रीरामपुर थाना के सिकटिया के पास से पुलिस ने स्कार्पियो से बिहार भेजी जा रही 191 पेटी देसी शराब मंगलवार को बरामद किया। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार तस्कर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

श्रीरामपुर थाने की पुलिस को सूचना मिली कि तीन स्कार्पियो में देसी शराब लेकर तस्कर बिहार जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और सिकटिया के पास वाहन चेकिंग करने लगी। पुलिस टीम को देखते ही दो स्कार्पियो में सवार चार तस्कर फरार हो गए। जबकि एक स्कार्पियो में सवार तस्कर अमन तिवारी पुत्र संदीप तिवारी निवासी लगडपुरा थाना मैरवा जिला सिवान को गिरफ्तार कर लिया। तीनों वाहनों की तलाशी में 191 पेटी देसी शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 2.24 लाख की लूट

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली के चंदौली गांव के पास सोमवार की रात बाइक सवार बदमाश समूह की महिलाओं से वसूली कर लौट रहे एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की पिटाई कर दो लाख 24 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। साथ ही चार बदमाशों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए बदमाशों के पास से लूट की रकम भी बरामद करने का दावा किया है। देर

- सदर कोतवाली के चंदौली गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, चार हिरासत में
- सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच की जांच, रुपये बरामद करने का दावा

शाम तक पुलिस पूछताछ करती रही।

कुशीनगर जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सगरिया गांव के रहने वाले अभय त्रिपाठी एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्य करते हैं। सोमवार को परसिया अहीर, विशुनपुरा, फुलवरिया लच्छी, फुलवरिया करन समेत विभिन्न गांवों में समूह की महिलाओं से वसूली करने के लिए गए थे। रात लगभग 10 बजे चंदौली गांव के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और पिटाई करने के साथ ही उनके पास मौजूद 2.24 लाख रुपये लूट लिया। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और जगह-जगह तलाशी करने लगी। पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है।

.सूत्रों का कहना है कि लूट की रकम भी बरामद कर ली गई है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया गया। कुछ बदमाश हिरासत में लिए गए हैं। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# चार गोवंश बरामद, पांच तस्कर गिरफ्तार

जासं, देवरिया: बरियारपुर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव के समीप से पुलिस ने पिकअप से बिहार भेजे जा रहे चार गोवंश बरामद किया। साथ ही पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। देर शाम तक पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही थी। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह पुलिस टीम के साथ सिसवा गांव के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच तेजी से एक पिकअप आते हुए नजर आया।

पुलिस ने पिकअप में सवार चार लोग व पीछे बाइक से चल रहे एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में विजयीपुर के भानपुर गांव का रहने वाला रामप्रसाद यादव, बरियारपुर थाना के रमन छपरा का रहने वाला अजरुद्दीन अंसारी, बघौचघाट के अहिरौली गांव का अंकित पाल, बरियारपुर के गौरकोठी का सन्नी गिरि, मठिया गांव का विश्वजीत शामिल हैं।

# चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

देवरिया : मदनपुर थाना क्षेत्र के समोगर में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें हजरत अली, अशरफ अली, रजिया खातून व एक अज्ञात शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने सायरा खातून की तहरीर पर की है। (जासं)

# चार लोगों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज

भटनी : क्षेत्र के सल्लहपुर में पांच माह पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के संजय यादव का आरोप है कि मेरे ही गांव के कुछ लोगों ने पांच माह पहले मारपीट की और घर में घुसकर आभूषण लूट लिया। इस मामले में थाने में तहरीर दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गांव के रामाधार, दिनेश, इसरावती देवी व परसौनी गांव के अमन के विरुद्ध लूट व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट, लूट का केस

सलेमपुर। भटनी के सल्लहपुर गांव में अप्रैल माह में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को चार आरोपियों पर लूट, मारपीट का केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई है।

सल्लहपुर गांव में संजय यादव और रामअधार के बीच जमीन विवाद है। विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर चार अप्रैल को दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इससे नाराज रामअधार पक्ष के लोगों ने संजय यादव के घर में घुसकर मारपीट की और लूटपाट कर फरार हो गए। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। संजय ने न्यायालय में गुहार लगाई।

करीब चार महीने बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रामअधार, दिनेश, इमरती देवी निवासी सल्लहपुर व अर्मन निवासी परसौनी पर लूट, मारपीट सहित विभिन्न धारा में केस दर्ज किया है। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# सेल्स मैनेजर से लूट के कुछ रुपये भी बरामद

देवरिया। सदर कोतवाली के कठिनइया-बेलडाड़ मार्ग पर भारत फाइनेंस इंक्यूजन के सेल्स मैनेजर से हुई 2.24 लाख रुपये की लूट के मामले में मौके पर पहुंची पुलिस ने अभय से पूछताछ की तो उन्होंने एक बाइक का नंबर बताया। पुलिस ने बाइक को ट्रेस कर दो युवकों को हिरासत में लिया है। रात में पूछताछ के दौरान युवकों ने पुलिस को अहम सुराग दिए। इसके बाद पुलिस ने पांच अन्य को भी हिरासत में लिया। इनकी निशानदेही पर लूट के कुछ रुपये बरामद किए हैं। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि लूट की घटना हुई है। केस दर्ज किया गया है। सात संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। संवाद

# घर में घुसकर छेड़खानी में दो पर केस

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि दो सितंबर को गांव के कुछ लोग उसके दरवाजे पर भूसा गिरने के लिए ट्रैक्टर लाकर खड़ा कर दिए। उसी वह स्नान कर रही थी। महिला ने दरवाजे पर भूसा गिराने से रोका तो आरोपियों ने लोग स्नान करते समय घर से खींच कर लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने द्वारिका तथा कुंदन के विरुद्ध मारपीट छेड़खानी करने का केस दर्ज दर्ज कर लिया । संवाद

# ससुर की पिटाई में बहू सहित तीन पर केस

मईल। थाना क्षेत्र के तेलियां कला गांव में ससुर को मार-पीटकर घायल करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की बहू सहित तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

तेलिया कला गांव निवासी शिवनाथ साहनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बहू गुड्डी देवी घर से तीन दिन के लिए बिना बताए कहीं चली गई थी। सोमवार को वापस आने पर पूछने पर कि कहा गई थी तो नाराज होकर खाना-पानी बंद दिया और गाली देने लगी। इसके बाद उसने अपने भाई राहुल साहनी व भाभी रीमा देवी खामपार थाना के सरया-गांव निवासी को बुला लिया। खेत में काम कर रहा था तभी तीनों पहुंच कर लाठी-डंडे से मारने लगे। पिटाई कर तीनों भाग गए। आसपास के लोग इलाज के लिए भागलपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया।

थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर उसके बहू, उसके भाई व भाभी पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# खुली बैठक में मारपीट में छह पर केस दर्ज

मईल। थाना क्षेत्र के बलिया दक्षिण गांव में सोमवार को ग्राम सभा की खुली बैठक में हुई मारपीट में पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सोमवार को बलिया दक्षिण गांव में गांव सभा की खुली बैठक प्रधान किरन देवी की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। बैठक शुरू होते ही परिवार रजिस्टर में नाम चढ़ाने को लेकर प्रधान के ससुर सदानंद कुशवाहा व गांव के मनीष सिंह से गाली-गलौज

## बलिया दक्षिण गांव में सोमवार को हुई थी बैठक

व हाथापाई हो गई। एक पक्ष के सदानंद कुशवाहा की तहरीर पर मनीष सिंह व उनके पिता दिग्विजय पर केस पुलिस ने दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से मनीष की तहरीर पर गांव के अवधेश, मंजीत, राजदीप व सीमा सिंह पर केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मईल गोरखनाथ सरोज ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# युवती के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव की छेड़खानी की शिकार युवती की हत्या के मामले में युवती की मां ने मंगलवार को एसी संकल्प शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान युवती की मां ने हत्या के पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। शिकायती पत्र में युवती की मां ने कहा है कि आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज है, लेकिन बनकटा पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। इससे मेरे पूरे परिवार के लोग दहशत में हैं। आरोपी उनके परिवार में छोटी बेटी तथा इकलौते पुत्र की भी हत्या कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक से सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है, ताकि उनका परिवार चैन की नींद सो सके। साथ ही परिवार के सुरक्षा की भी पुलिस कप्तान से मांग की है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# मुठभेड़ में इनामी लुटेरे को लगी गोली

## कार्रवाई

- 50 हजार रुपये का इनामी था गिरफ्तार हुआ मऊ का रहने वाला बदमाश
- बीते 10 अगस्त को महराजगंज के युवक को गोली मारकर लूटी थी बाइक



मुठभेड़ में घायल बदमाश को इलाज के लिए ले जाती पुलिस। • हिन्दुस्तान

नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में इनरही चौराहे पर सोमवार की देर रात बाइक सवार बदमाश को रोकने के प्रयास में पुलिस से मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। नेबुआ नौरंगिया के हेडकांस्टेबल अरविंद गिरी भी घायल हो गए। लुटेरे के कब्जे से बीते 10 अगस्त को महराजगंज के युवक को गोली मारकर लूटी गई बाइक बरामद कर ली गई है। मऊ जिले के रहने वाले बदमाश पर 50 हजार रुपये का इनाम था।

बीते 10 अगस्त को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में लीलाधर छपरा गांव के सामने बदमाशों ने महराजगंज के अलाउद्दीन नामक युवक को गोली मार कर उसकी बाइक लूट ली थी। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने टीम गठित की लूट के खुलासे के निर्देश दिए थे। फरार लुटेरों पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। बदमाशों की तलाश में सोमवार की देर रात में नेबुआ नौरंगिया, कोतवाली पडरौना व जिले की स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम नेबुआ नौरंगिया क्षेत्रान्तर्गत इनरही चौराहे के पास संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम को मुखबिर से बदमाशों के फिर इसी क्षेत्र में आने की सूचना मिली थी। तभी एक बाइक सवार आता दिखा। राकेने पर के प्रयास पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी प्रतिरक्षा में जवाबी फायरिंग की और पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान हिमांशु यादव उर्फ गोविन्द यादव निवासी मिर्जापुर काझा, थाना रानीपुर, जनपद मऊ के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में थाना नेबुआ नौरंगिया के हेडकांस्टेबल अरविन्द गिरि भी घायल हुए हैं। दोनों लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया।

**यह बरामद हुआ:** गिरफ्तार लुटेरे के कब्जे से अवैध पिस्टल, चार अदद जिन्दा और दो खोखा कारतूस, मोटरसाइकिल और 350 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार महराजगंज के युवक से लूट की वारदात को इसी बदमाश किया था।

### टीम में ये शामिल रहे

गिरफ्तार करने वाली टीम में नेबुआ नौरंगिया के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक पडरौना कोतवाली राज प्रकाश सिंह, स्वाट प्रभारी सुशील शुक्ला, एसएसआई राकेश कुमार यादव, दरोगा विनायक यादव, हेडकांस्टेबल अरविन्द गिरी, अमित शर्मा, अखिलेश कुमार तथा सिपाही धर्मेन्द्र यादव प्रथम शामिल रहे।



मुठभेड़ में घायल हेड कांस्टेबल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### अंतरजनपदीय लुटेरा है पकड़ा गया बदमाश

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया हिमांशु यादव उर्फ गोविन्द यादव अंतरजनदीय लुटेरा है। उस पर मऊ के सरायलखंसी में चोरी व मारपीट समेत तीन, गाजीपुर के दुल्लहपुर थाने में धोखाधड़ी, मरदह थाने में गैंगस्टर व हत्या, कासिमाबाद थाने में बलवा व हत्या, देवरिया के रुद्रपुर व गौरीबाजार थाने में गोली मार कर लूट समेत तीन तथा कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाने में गोली मार लूट व पुलिस टीम पर फायरिंग आदि के कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं।

# आईजीआरएस निस्तारण में खड्डा का पहला स्थान

खड्डा। तहसील के अधिकारियों की सक्रियता से खड्डा तहसील को आइजीआरएस के मामलों का निष्पादन में जिले में पहला स्थान मिला है। जनसुनवाई ऐप पर ऑनलाइन मिली शिकायत के निस्तारण में खड्डा तहसील ने जनपद के अन्य तहसीलों को पछाड़ कर यह उपलब्धि हासिल की है।

प्रदेश स्तर पर जनसुनवाई पर मिली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का फीडबैक लिया जा रहा है। एसडीएम आशुतोष ने बताया कि अगस्त माह में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर खड्डा तहसील ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एसडीएम आशुतोष कुमार समेत तहसील के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष है।

### पडरौना-तमकुही मार्ग पर तिलक पट्टी चौराहे के समीप हादसा, 40 बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी बस

# पेड़ से टकराई स्कूल बस, दस बच्चे चोटिल

गोड़रिया (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पडरौना-तमकुही मार्ग पर तिलकपट्टी चौराहे के समीप एक निजी स्कूल बस की स्टीयरिंग फेल होने के कारण बच्चों से भरी बस सड़क किनारे एक सागौन के पेड़ से टकरा गई। इससे बस का शीशा टूट गया और दस चोटिल हो गए। लोगों का कहना था कि पेड़ से टकराकर बस रुक गई, वरना बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलटने बड़ा हादसा हो जाता।

दुदही ब्लॉक के तिलकपट्टी चौराहे के निकट पिछले कुछ वर्षो से चल रहे आरके चिल्ड्रेन एकेडमी की बस गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। स्कूल से कुछ दूर पहले दुदही-पडरौना मार्ग पर अचानक स्टेयरिंग फेल होने से बस अनियंत्रित हो गयी। ड्राइवर ने गाड़ी को नियंत्रित करने का प्रयास किया कि बस सड़क के किनारे सागौन के पेड़ से जाकर टकरा गई। इससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रसत हो गया और शीशा टूट गया। बस में बैठे बच्चों में से अनूप कुशवाहा सलमान, जोया, अदनान, शालू, अंकित, फिजा, गुल फातमा, अश्विनी चोटिल हो गए। ये सभी दस बच्चे 5 से 8 वर्ष की उम्र के थे। मौके पर पहुंचे लोगों ने बस में सवार बच्चों को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने बच्चों को घर भेजवाया तथा बस को किनारे कराया।



तिलकपट्टी चौराहे पर बस को ट्रैक्टर से निकलवाते प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान।



फाजिलनगर में स्कूल बस की जांच करते एआरटीओ मुहम्मद अजीम।

## बच्चों की चीख-पुकार से मची अफरातफरी

पडरौना, निज संवाददाता। स्टीयरिंग फेल होने के बाद जब स्कूल बस लहराने लगी तो बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। चालक ने किसी तरह स्कूल बस को कंट्रोल करने का प्रयास किया। सड़क के किनारे एक पेड़ से टकराकर बस रुकी। खेतों में काम करने वाले लोग तथा राहगीर दौड़े और बदहवास बच्चों को बाहर निकाला। इस दौरान अफरातफरी मची रही।

सुबह स्कूल बस विद्यालय से बच्चों को उनके घर से लाने के लिए निकली। बस चालक ने सबसे पहले नौगांवा गांव में पहुंचा। उसके बाद बैकुंठपुर कोठी, नरहवा, मठिया माफी, कोकिलपट्टी व तिलकपट्टी से 40 बच्चों को लेकर स्कूल आ रहा था। अभी वह तिलकपट्टी पहुंचा था कि उसका स्टेयरिंग फेल हो गया। स्कूल बस पेड़ से टकराते ही बच्चों में चीख पुकार मच गई। इससे मुख्य दुदही-पडरौना मार्ग पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। इसकी जानकारी होने पर स्कूल प्रशासन ने विद्यालय को बंद कर दिया तथा बच्चों को दूसरे वाहन से उनके घर भेजवाया। विद्यालय के प्रबंधक प्रेमचन्द कुशवाहा ने बताया कि स्टीयरिंग फेल होने के कारण यह हादसा हुआ।

## बस की फिटनेस नहीं थी, दो बार जारी हुआ था नोटिस

जिस बस से हादसा हुआ है, उस स्कूल बस की फिटनेस फेल है। उस बस को अपडेट कर दोबारा फिटनेस कराने के लिए एआरटीओ कार्यालय से दो बार नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद लापरवाह स्कूल प्रशासन ने स्कूल बस का फिटनेस नहीं कराया है। एआरटीओ मुहम्मद अजीम ने बताया कि हादसे वाली बस की फिटनेस फेल है। उसे दो बार नोटिस भेजा जा चुका है। अगर समय से बस की फिटनेस की जांच हुई होती तो शायद स्टीयरिंग फेल नहीं होती। एआरटीओ ने स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया है। बीएसए को पत्र लिखकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## स्कूल वाहनों की जांच को एआरटीओ ने चलाया अभियान

पडरौना, निज संवाददाता। परिवहन विभाग पिछले सोमवार से आगामी 6 सितंबर तक स्कूल वाहनों की चेकिंग का विशेष अभियान चला रहा है। मंगलवार को एआरटीओ ने 15 वाहनों का चालान कर दो वाहनों को सीज कर दिया। वहीं दो दिन में 25 वाहनों का चालान कर सवा दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एआरटीओ मोहम्मद अजीम ने कसया, फाजिलनगर व तमकुहीराज में 15 वाहनों का चालान कर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना किया, जिसमें दो वाहनों को पटहेरवा थाने में सीज किया।



मंगलवार को जटहा बाजार थाने के पड़री पिपरपाती में सड़क जाम कर प्रदर्शन करते दुकानदार व ग्रामीण।

# नाराज दुकानदारों ने बाजार बंद कर सड़क जाम की

विशुनपुरा/जटहा बाजार, हिसं। जटहा बजार थाना क्षेत्र के पड़री पिपरपाती चौराहा के एक दुकानदार की पिटाई से नाराज दुकानदारों ने मंगलवार को बाजार बंद कर रोड जाम किया। पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। डेढ़ घण्टे बाद पहुंचे सीओ सदर ने 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर सड़क जाम समाप्त कराया।

पांच दिन पूर्व पड़री चौराहे के पास संचालित एक विद्यालय के बच्चे रास्ते में झगड़ा कर रहे थे। इसे देख दुकानदार धर्मेंद्र गोंड ने पहुंच कर बच्चों के झगड़ा छुड़ा दिया। इसके तीसरे दिन रविवार को आधा दर्जन मनबढ़ युवकों ने दुकान में घुसकर दुकानदार को बुरी तरह मार पीट कर घायल कर दिया ' उसका इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। इस मामले में पीड़ित धर्मेंद्र गोंड की तहरीर पर जटहा बजार पुलिस ने आधा दर्जन युवकों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज पड़री पिपरपाती के दुकानदारों ने सुबह अपनी दुकानों को बंद कर चौराहे पर एकत्रित होकर पडरौना - जटहा मार्ग जाम कर दिया। आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। एसओ राजकुमार बरवार के काफी प्रयास के बाद लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। पीड़ित के साथ रोड जाम कर कर रहे लोगों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की। डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंचे सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट ने लोगों को समझा बुझाकर कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम समाप्त कराया।

यूपी बड़ौदा बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र पर गनप्वाइंट पर वारदात

# सीएससी पर दिनदहाड़े सवा दो लाख की लूट

**दुस्साहस**

**लक्ष्मीगंज (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद।** बाइक सवार तीन बदमाशों ने मंगलवार को दिनदहाड़े रामकोला थाना क्षेत्र में लक्ष्मीगंज स्थित यूपी बड़ौदा बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र में पिस्टल के बल पर सवा दो लाख रुपये लूट लिए। बदमाशों ने तीन लोगों को गनप्वाइंट पर लेकर लूट को अंजाम दिया और आराम से फरार हो गए। इस दौरान केंद्र पर मौजूद ग्राहक दहशत में रहे। एसपी धवल जायसवाल ने प्रत्यक्षदर्शियों का बयान दर्ज कराने के बाद खुलासे को छह टीमें गठित कर दी हैं।

लक्ष्मीगंज चौराहे पर शहीद गेट के पास कटरे में बोधरही गांव के अनिल यादव यूपी बड़ौदा बैंक का ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे केन्द्र पर वह स्टाफ की अमृता के साथ मौजूद थे। काउंटर पर अमृता बैठी थी। केन्द्र में तब गुलाबी देवी पत्नी चंद्रभान, राजकुमारी देवी पत्नी रामाज्ञा व लाला छपरा का अजय कुमार भी पैसे की निकासी व जमा कराने पहुंचे थे। केन्द्र संचालक द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार तभी बाइक से तीन बदमाश केन्द्र के बाहर रुके। एक ने हेलमेट पहन रखी थी, जबकि दो मास्क लगाए हुए थे। हेलमेट वाला बदमाश अंदर काउंटर पर पहुंचा और अमृता से रुपये निकालने के बारे में पूछने लगा।

अनिल ने जानकारी देने से पहले उससे हेलमेट निकालने को कहा। इस पर वह बहस करने लगा। तभी उसके दो अन्य साथी भी घुसे और तीनों ने पिस्टल निकाल ली। बदमाशों ने काउंटर पर रखे बैग पर झपट्टा मारा तो अजय बीच में आ गया। एक बदमाश ने उसकी कनपटी पर पिस्टल सटा दी। सामने से बिल्डिंग मटेरियल दुकानदार का बेटा बजरंगी वर्मा शक होने पर केन्द्र में अंदर घुसा तो उस पर भी बदमाश ने पिस्टल तान दी। सभी सहम कर खड़े हो गए और बदमाशों ने इसके बाद आराम से रुपयों का बैग उठाया और बाइक से ही रामकोला की ओर फरार हो गए।

सूचना पर रामकोला के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह दल-बल के साथ पहुंचे। सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर संदिग्धों की चेकिंग शुरू करा दी गई। पुलिस ने केन्द्र संचालक व उनकी स्टाफ तथा मौजूद अन्य लोगों के बयान दर्ज किए। एसपी धवल जायसवाल ने मौका मुआयना किया। साथ ही पुलिस टीम गठित कर खुलासे के निर्देश दिए।

**सीसी फुटेज से बदमाशों का सुराग लगाने की कोशिश :** पुलिस टीम ने ग्राहक सेवा केन्द्र पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें ग्राहक सेवा केन्द्र के बाहर सफेद रंग की बिना बिना नंबर प्लेट की बदमाशों की बाइक दिखी। हेलमेट पहने एक बदमाश व दो बदमाश चेहरे पर मास्क लगाए दिखे। पुलिस ने फुटेज कब्जे में ली है।



मंगलवार को ग्राहक सेवा केन्द्र के कर्मचारी से वारदात की जानकारी लेते एसपी।

## बदमाश बोले चुपचाप खड़े रहो वर्ना गोली मार देंगे

ग्राहक सेवा केन्द्र में आम ग्राहक की तरह घुसे युवकों के बदमाश होने का अंदाजा होने पर पहले वहां मौजूद अजय कुमार ने विरोध किया। बैग लूटने का विरोध किया तो बदमाश ने उसकी कनपटी पर पिस्टल सटा दी। संदेह होने पर बाहर से भाग कर पहुंचे बजरंगी वर्मा की कनपटी पर भी बदमाशों ने पिस्टल सटा दी। इसके बाद वहां मौजूद सभी लोगों को चुपचाप खड़े रहने को धमकाया और कहा कि ऐसा नहीं करने पर इन दोनों को गोली मार देंगे। इस पर सभी लोग सहम गए। बजरंगी व अजय ने बताया कि करीब तीन मिनट तक, जब तक तीनों बदमाश बाहर नहीं निकल गए, उन्हें पिस्टल के निशाने पर लिए रहे।

> लूट की सूचना पर घटनास्थल पर गया था। खुलासे के लिए पुलिस की छह टीमें गठित की गई हैं। प्रभारी निरीक्षक को केस दर्ज कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए गए हैं। जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।
>
> -धवल जायसवाल, एसपी

# पढ़कर लौट रही छात्रा से सरेराह अश्लील हरकत

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा थाना क्षेत्र के एक ग्राम सभा स्थित विद्यालय से पढ़कर घर लौट रही दसवीं की छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के दो युवकों द्वारा सरेराह अभद्रता व अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

खड्डा के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार की शाम को थाने में तहरीर देकर बताया है कि उसकी बेटी क्षेत्र में स्थित एक इण्टरमीडिएट कॉलेज में कक्षा 10 में पढती है। 30 अगस्त को वह विद्यालय से पढ़कर घर लौट रही थी कि दूसरे गांव के दो युवकों ने रास्ते में रोककर बेटी के साथ अभद्रता व अश्लील हरकत की। विरोध करने पर उक्त युवकों ने बेटी के साथ गाली-गलौज की। घर पहुंचकर पुत्री ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले की जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर पुलिस ने एक आरोपी सकलैन को पकड़ थाने ले गयी। सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर बरवा रतनपुर निवासी एक आरोपी सकलैन को पकड़ लिया गया है ।

# अभद्र टिप्पणी करने वाला हिरासत में

मल्लूडीह। कसया थाने के गांव अन्ध्या टोला हतवा के एक किशोर ने अभद्र टिप्पणी करते हुए पोस्ट इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। जिसके बाद हिंदू संगठनों की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया। पुलिस ने फौरन मामले का संज्ञान लिया और जांच के बाद आरोपित को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि इंस्टाग्राम पर पोस्ट का मामला संज्ञान में है।

# हाटा व तमकुही में वकीलों ने फूंका पुतला

**हाटा/तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज घटना के विरोध में मंगलवार को जिले के हाटा व तमकुहीराज तहसील में अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव का पुतला फूंक कर विरोध जताया।

हाटा संवाद के अनुसार हाटा के वकीलों ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठी चार्ज की घोर निन्दा करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे तथा बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी का पुतला दहन किया। इस दौरान कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन हाटा अध्यक्ष व महामंत्री रामाशंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे।

तमकुहीराज संवाद के अनुसार अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना के विरोध में मंगलवार को पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दिया कि दोषियों पर कारवाई नहीं हुई तो बार संघ वृहद आंदोलन करने को मजबूर होगा। अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना में दोषी पुलिस कर्मियों पर कारवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। पुतला दहन के दौरान अध्यक्ष हरिहर कुशवाहा, महामंत्री शंभू ठकुराई, अशोक कुमार राय, अरविंद पाठक, बीके मिश्र, एचएन सिंह, विनय लाल आदि रहे।



मंगलवार को हापुड़ मामले को लेकर तमकुहीराज तहसील परिसर में पुतला फूंकते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

# कानूनगो को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

भाटपाररानी। एक वृद्ध की शिकायत पर मंगलवार को लखनऊ व गोरखपुर से आई 17 सदस्यीय एंटी करप्शन की टीम ने भाटपाररानी तहसील में तैनात प्रभारी कानूनगो को 15 हजार रूपए घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने आरोपी कानूनगो को थाने ले जाकर घंटो पूछताछ की। शिकायतकर्ता भी मौके पर मौजूद रहा। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से पूरे तहसील में दिन भर हड़कंप मचा रहा।

ग्राम अहरौली बघेल निवासी 78 वर्षीय गणेश सिह धारा 24 की गणेश बनाम सत्यदेव मुकदमे में पैमाइश के लिए एक साल से तहसील का चक्कर काट रहे थे। वृद्ध अपनी जमीन की पैमाइश के लिए 12 किलोमीटर साइकिल चला कर तहसील आते जाते थे। गणेश सिह ने बताया कि प्रभारी कानूनगो संतोष तिवारी पैमाइश को उनसे 25 हजार की मांग कर रहे थे।

# प्रधान प्रतिनिधि पर दुष्कर्म का केस

नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने ग्रामप्रधान प्रतिनिधि पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और उसके सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

पीड़िता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि सोमवार की रात को वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। युवती का आरोप है कि पंचायत भवन के पास पहुंचने पर पहले से मौजूद प्रधान प्रतिनिधि उसका मुंह दबाकर पंचायत भवन के अंदर खींच ले गया और अंदर से दरवाजा बंद कर उसके साथ दुराचार किया। उसके सहयोग में गांव का एक व्यक्ति पंचायत भवन के दरवाजे पर खड़ा था। युवती ने आरोप लगाया है कि देर होने के बाद घर के लोग ढूंढते हुए पंचायत भवन पर पहुंचे तो वहां खड़े व्यक्ति से जानकारी लिया तो वह कुछ नहीं बोला। संदेह होने पर जब भाई दरवाजा खोलने लगा तो वह नहीं खुला। घर के लोग बाहर से दरवाजा बंद कर पुलिस को जानकारी दिया।

# डोल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**सेवरही।** सेवरही नगर पंचायत में दो दिवसीय महाबीरी आखाड़ा डोल मेला पूजन अर्चन के उपरांत परम्परागत तरीके में धूमधाम से सकुशल सम्पन्न हुआ। इस दौरान अखाड़ा खिलाड़ियों के हैरतअंगेज करतब और विभिन्न डोल कमेटियों की ओर से झांकी कलाकारों के कार्यक्रमों की प्रस्तुति लोगों को खूब भायी।

हर साल की तरह इस वर्ष दो दिवसीय ऐतिहासिक डोल मेला धूमधाम से सकुशल सम्पन्न हुआ। इस दौरान सेवरही उपनगर के चनरी चौराहा, राजेन्द्र नगर, रामजानकी मन्दिर, स्वर्ण नगर, आजाद नगर समेत सभी अखाड़ों के खिलाड़ी और डोल पूजा-अर्चना के बाद सोमवार की देर रात से नगर भ्रमण के लिए निकल पड़े। मुहल्लों में भ्रमण के बाद नगर के मुख्यमार्ग पर पहुंचे। जहां लोगों ने जगह-जगह डोल में स्थित भगवान महाबीर हनुमान की मूर्तियों की पूजा की। पुलिस और पीएसी के जवान डोल व अखाड़ों के साथ तैनात किए गए थे जो पसीने से सराबोर होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। डोल मेला में शांति पूर्ण व्यवस्था के लिए एसपी धवल जायसवाल एवं एएसपी मौके पर पहुंचकर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर पंचायत अध्यक्ष सोनिया, त्रिभुवन जायसवाल, ईओ रवि पटेल, एसडीएम तमकुहीराज विकास चन्द्र व जिला प्रशासन एवं तहसील प्रशासन सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र कालरा, सेवरही थाना प्रभारी हर्षवर्धन रहे।

# डोल मेले में डीजे पर न बजें अश्लील गाने: एसपी

**बड़हरागंज।** मिश्रौली व बड़हरागंज डोल मेला के मद्देनजर मंगलवार को मिश्रौली चौकी परिसर में एसपी धवल कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसपी ने कहा कि मेले में आने वाले व्यक्ति अपने सांस्कृतिक सभ्यता को बनाए रखें।

डोल आयोजकों को आगाह किया कि मेले में बजने वाले डीजे पर अश्लील गाने से बिल्कुल परहेज करें। प्रभारी डीएम व एडीएम वैभव मिश्र ने कहा कि डोल की ऊंचाई को कम रखें और झंडे में छड़ का प्रयोग न करें। डोल आयोजक अपने कमेटी के सदस्य बैज अवश्य लगाए।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायल, सिपाही को भी लगी गोली

- नेबुआ नौरंगिया के लीलाधर छपरा के समीप दिन दहाड़े गोली मार कर लूटी थी बाइक
- जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी जिससे वह गिर पड़ा

जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया: पुलिस की संयुक्त टीम व बदमाश के बीच सोमवार की आधी रात इनरही के समीप मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान मऊ जिले के रानीपुर थाना के मिर्जापुर गांव के हिमांशु उर्फ गोविंद यादव के रूप में हुई। बीते 10 अगस्त को उसने दो साथियों संग मिलकर गोली मारकर बाइक लूटी थी। आइजी रेंज गोरखपुर जे रविंद्र गौड़ ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। मुठभेड़ में एक सिपाही के हाथ में भी गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नेबुआ नौरंगिया पुलिस गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि इनरही के आसपास कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ मौके के लिए चल दिए। इस बीच स्वाट टीम व पडरौना कोतवाली पुलिस भी आ गई। संयुक्त टीम इनरही के समीप घेराबंदी कर तलाश में जुट गई। इस बीच पडरौना की तरफ से बाइक आती देख टीम रुकने का इशारा की तो देख चालक पीछे भागने लगा। टीम पीछा करने लगी तो बदमाश ने फायरिंग कर दी। सिपाही अरविंद गिरी के बाएं हाथ में गोली लग गई।



मुठभेड़ में घायल बदमाश को लेकर जाती पुलिस • जागरण

जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। उसके पास से एक पिस्टल, चार कारतूस मिला। मौके से एक खोखा भी बरामद हुआ। बदमाश की बाइक लूट की पाई गई। टीम में स्वाट प्रभारी सुशील शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पडरौना राजप्रकाश सिंह, दारोगा आलोक यादव, राकेश यादव, विनायक यादव आदि शामिल रहे। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने बीते 10 अगस्त को अपने दो साथियों संग मिलकर नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में गोली मार कर बाइक लूटी थी। लूट में शामिल कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव सोमवार को देवरिया में हुई मुठभेड़ में पकड़ा गया है। फरार चल रहे तीसरे अपराधी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हिमांशु के विरुद्ध गाजीपुर व मऊ में अलग-अलग थानों में लूट, छिनैती आदि के सात मुकदमे दर्ज हैं।



गोली लगने से घायल हेड कांस्टेबल अरविंद गिरी • जागरण

# पंचायत उपचुनाव : मतदान आज, बूथों पर पहुंचीं 12 पोलिंग पार्टियां

- कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात से शाम पांच बजे तक होगा मतदान
- प्रधान के तीन व ग्राम पंचायत सदस्य के एक पद के लिए 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**जागरण संवाददाता, पडरौना** : त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में तीन प्रधान समेत चार पदों के लिए बुधवार को होने वाले मतदान को लेकर मंगलवार को 12 पोलिंग पार्टियां चार ब्लाक मुख्यालयों से रवाना की गईं, जो दोपहर तक संबंधित बूथों पर पहुंच गईं। हालांकि कई स्थानों पर मतदान कर्मियों को वाहन का इंतजार करना पड़ा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इसमें प्रधान पद के तीन पदों पर 10 व एक ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रभारी जिलाधिकारी व एडीएम वैभव मिश्रा ने बताया कि बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए संबंधित ब्लाकों के चुनाव अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। बताया कि आयोग के दिशा निर्देशों से सभी अवगत करा दिया गया है। कप्तानगंज संवाददाता के



कप्तानगंज ब्लाक परिसर में वाहन का इंतजार करते मतदानकर्मी • जागरण

अनुसार चार पोलिंग पार्टियां वाहन के इंतजार में विलंब से रवाना हुई। बूथ संख्या 167, 168 के पीठासीन अधिकारी गौरव मद्धेशिया ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों बूथ पर पहुंच चुकी हैं।

सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। कोटवा संवाददाता के अनुसार दो पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गई हैं।

सेवरही कार्यालय के अनुसार सेवरही में तीन व दुदही में तीन पोलिंग पार्टियां मतदान कराएंगी। मतों की गणना आठ सितंबर को सुबह आठ बजे से होगी।

**227 पदों के लिए घोषित हुई थी अधिसूचना** : जिले में 227 रिक्त पदों के लिए होने वाले उपचुनाव में नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के ग्राम पंचायत सेखुई में प्रधान पद हेतु महिला आरक्षित, कप्तानगंज में ग्राम पंचायत रामपुर चौबे में प्रधान पद हेतु अनुसूचित जाति आरक्षित, सेवरही में ग्राम पंचायत बसडीला गुनाकर में प्रधान पद के अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। जबकि ग्राम पंचायत सदस्यों में रिक्त पदों में कप्तानगंज में तीन, कसया में दो, खडडा में 14, तमकुहीराज में 25, दुदही में 17, नेबुआ नौरंगिया में 40, पडरौना में 42, फाजिलनगर में 22, मोतीचक में एक, रामकोला में 15, विशुनपुरा में पांच, सुकरौली में पांच, सेवरही में 22 व हाटा में आठ पद शामिल रहे।

# इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों की जगह होगी जेल : एसपी



मिश्रौली स्थित पुलिस चौकी परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

जासं, वड़हरागंज: एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि जन्माष्टमी का त्योहार व डोल मेला नजदीक है। इसे सकुशल कराने के लिए पुलिस-प्रशासन सतर्क है। अराजकतत्वों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जा रही। साइबर सेल द्वारा इंटरनेट मीडिया की दिन-रात निगरानी की जा रही। अफवाह फैलाने वालों तथा इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

वे सदर कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि त्योहार हमें सौहार्द व एकजुटता का संदेश देते हैं। इसे मिल जुलकर मनाएं। त्योहार में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आएगी। एडीएम वैभव मिश्र ने कहा कि पथ-प्रकाश, पेयजल आदि की सुविधाओं को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। डोल मेले में अश्लील गीत न बजाएं। एसडीएम सदर महात्मा सिंह ने कहा कि डोल मेला के दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगीं। जुलूस में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# गोवंश लदे वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ा, चालक फरार

**भैरोगंज :** जटहां बाजार थाने के घूरछपरा गांव के कचहरी टोला में मंगलवार की सुबह छह बजे गाय लदे वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, चालक फरार हो गया। गाय समेत वाहन को थाने ले जाकर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मठिया शाखा नहर की पटरी से पशु लदे वाहन के बिहार जाने की जानकारी होने पर तस्करों का दूसरा सक्रिय हो गया। सुबह वाहन आता दिखा तो उन्होंने रोक लिया। चालक व तस्करों के बीच बातचीत को सुन ग्रामीण इकट्ठा हो गए। पुलिस पहुंची तो तस्कर व चालक फरार हो गए। थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। (जासं)

# कुशीनगर में श्रीलंकाई पर्यटक का बैग झपटने का प्रयास

**जागरण संवाददाता, बुद्धनगरी:** कुशीनगर में मंगलवार की शाम महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर परिसर में एक उचक्के ने एक श्रीलंकाई पर्यटक का बैग झपटने का प्रयास किया। 32 सदस्यीय श्रीलंकाई पर्यटकों का दल महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर से पूजा करने के बाद बाहर जाने के लिए दक्षिणी गेट की ओर जा रहे थे। पीछे ग्रुप लीडर दीमुतु थे। तभी पीछे से एक लड़का रुपये व कागजात से भरा उनका बैग पकड़कर झपटने का प्रयास किया। जब तक वह पीछे मुड़कर देखते लड़का बैग छोड़कर भाग गया। गेट पर पहुंचे दीमुतु ने ड्यूटी पर तैनात गार्ड व कर्मचारी से इसकी शिकायत की। सवाल पूछा कि आखिर कैसे परिसर में अराजक तत्व घुस जा रहे हैं। इसको लेकर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का वातावरण कायम हो गया।

दीमुतु ने कहा कि ऐसे तत्वों पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता है। पर्यटन थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार टंडन ने बताया कि घटना संज्ञान में नहीं है। मंदिर परिसर में अराजक तत्वों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

# शौच के लिए गई युवती से दुष्कर्म, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया:** क्षेत्र में शौच के लिए गई युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश में जुटी है।

घटना सोमवार देर शाम की है। बताया जा रहा कि क्षेत्र के एक गांव की युवती घटना के समय शाम सात बजे गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। उसे अकेले देख गांव के प्रधान का पुत्र उसे पंचायत भवन परिसर में खींच ले गया और दुष्कर्म किया। युवती के शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए। 112 नंबर पुलिस ने मौके पर पहुंच पूछताछ की। मंगलवार को थाने पहुंच पीड़िता ने तहरीर दी। बताया कि आरोपित जब घटना को अंजाम दे रहा था तो उसका दोस्त बाहर रखवाली कर रहा था।

एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित झिनक के विरुद्ध दुष्कर्म व सहयोगी राकेश के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खाली हाथ लौटी पुलिस व आबकारी टीम

जासं, सलेमगढ़ : तरयासुजान के सलेमगढ़ पासी टोले में मंगलवार को सुबह आठ बजे कच्ची के विरुद्ध छापामारी करने गई टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा, क्योंकि मौके पर कुछ भी नहीं मिला। आबकारी निरीक्षक तमकुहीराज अभिषेक चौहान व चौकी प्रभारी सलेमगढ़ विनय कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कच्ची शराब के डेढ़ दर्जन अड्डों पर ताबड़तोड़ छापामारी की, जहां कही भी कच्ची व बनाने के उपकरण बरामद नहीं हुआ। कुछ लोग कहते मिले कि छापेमारी की सूचना पहले ही धंधेबाजों को मिल चुकी थी। आबकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि छापेमारी में कहीं कुछ मिला नहीं है, अभियान जारी रहेगा।

# बुर्का वाली महिला लिफ्ट मांगे तो हो जाएं सावधान

- छेड़खानी का आरोप लगा पुरुष मित्र संग करती ब्लैकमेल
- मल्लूडीह के घाघी पुल के आसपास घूमती रहती है महिला

जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार: तुर्कपट्टी के मल्लूडीह घाघी नदी के आसपास एक बुर्के वाली महिला अपने पुरुष मित्र संग मिलकर अनजान लोगों से लिफ्ट मांग कर उन पर गंभीर आरोप लगाकर मोटी रकम ऐंठ लेती है। अभी तक कई राहगीर इसका शिकार हो चुके हैं। महिला का हवाला देकर पुलिस भी कार्रवाई से परहेज कर रही है। मल्लूडीह घाघी नदी के समीप हाईवे पर सोमवार की शाम एक बुर्का वाली महिला ने एक बाइक सवार युवक को रोक लिफ्ट मांगी। कुछ दूर आगे बढ़ते ही वह छेड़खानी का आरोप लगाते हुए अपने पुरुष मित्र को बुला लिया। दोनों युवक को पकड़ कर मधुरिया पुलिस चौकी पर ले गए। लेन देन के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। वह महिला रोजाना मल्लूडीह घाघी नदी के आसपास रहती है और भोले भाले राहगीरों से लिफ्ट मांग गंभीर आरोप लगा कर अपना शिकार बनाती है। अभी तक ऐसे कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। बुर्का वाली महिला निवासी फाजिलनगर व उसका पुरुष मित्र निवासी पिपरा रज्जब दोनों काफी चर्चा में हैं। पुलिस भी महिला होने का हवाला दे महिला का ही पक्ष लेती है और मामला लेन देन के बाद समाप्त हो जाता है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह का कहना है कि अनजान महिला हो या पुरुष लिफ्ट नहीं देना चाहिए। इससे खुद सावधान रहने की जरूरत है। वैसे इस मामले की जांच कर कार्रवाई जाएगी।

**दरवाजे से बाइक चोरी:** सलेमगढ़ : सोमवार की रात तमकुहीराज के लतवा गोड़इता के सामने हाईवे के बगल में स्थित नूर आलम के दरवाजे के सामने सलेमगढ़ के मुकेश मद्धेशिया अपनी बाइक खड़ाकर कहीं चले गए थे। एक घंटे बाद वापस लौटे तो बाइक गायब मिली। एसएचओ नीरज राय ने बताया कि आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

भैरोगंज : जटहां बाजार थाने के पड़री पिपरपाती चौराहे पर दो दिन पहले दुकान में घुसकर दुकानदार धर्मेंद्र को पीटकर घायल करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। दुकानें बंदकर जटहां-पडरौना मार्ग को जाम कर धरने पर बैठ गए। डेढ़ घंटे बाद सीओ सदर उमेश चंद भट्ट पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर दुकानदारों को शांत कराया। प्रदर्शन करने वालों में आत्मा दास, सतीश, सुरेश गुप्ता, नवनीत कुमार, गोलू, कुंदन कुमार, बैजनाथ, प्रेमशीला देवी, सविता देवी, शीला गोड़, उषा देवी, विपिन, शैलेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। (जासं)

# कार्य में लापरवाही पर छह थानों के 23 सिपाही लाइन हाजिर

जागरण संवाददाता,पडरौना: पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कार्य में लापरवाही पर सोमवार देर रात को छह थानों के 23 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। एक साथ इतनी संख्या में हुई कार्रवाई से लापरवाह पुलिसकर्मियों में बेचैनी बढ़ गई है।

जन समस्याओं के निराकरण की समीक्षा के दौरान थाने आए पीड़ितों की समस्या सुन समाधान के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी में 23 पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाई गई। चिन्हित इन सिपाहियों पर देर रात कार्रवाई की गाज गिरी। इसमें खड्डा में तैनात सिपाही रमेश सिंह, योगेंद्र यादव, दीपक यादव, राजेश खरवार, सत्यप्रकाश रामकोला के रामाशीष, प्रदीप गोड़, सच्चिदानंद उपाध्याय, सौरभ सिंह, अतुल यादव, नेबुआ नौरंगिया में तैनात रंजीत चौहान, मुकेश यादव, रमेश यादव, विकास यादव, वीरेंद्र कुमार, प्रेम नारायण,

**जिले में एक साथ इतनी संख्या में हुई कार्रवाई से पुलिसकर्मियों की बढ़ी बेचैनी**



राजेश यादव, हनुमानगंज में छांगूर यादव, लव कुमार निषाद, वीरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, कोतवाली हाटा में सुनील यादव व कुबेरस्थान में तैनात इंद्रभान यादव को कार्य में लापरवाही पाए जाने पर लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे।

# आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में कुशीनगर अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। जिले की पुलिस ने आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि अगस्त माह में निस्तारण की समीक्षा में मिली है।

इसकी जानकारी कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस में कुशीनगर पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। एसपी का कहना था कि उनके निर्देश पर आईजीआरएस में अगस्त माह में प्राप्त शिकायतों का अगस्त माह में पुलिसकर्मियों ने तत्परता से निस्तारण किया।

## प्रदेश की रैंकिंग में शत-प्रतिशत अंक मिले

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण होने पर प्रदेश सरकार की ओर से की जाने वाली रैंकिंग में कुशीनगर जिले को 115 में 115 अंक मिले हैं। इस तरह यह शत प्रतिशत उपलब्धि है। एसपी ने इस उपलब्धि के लिए मातहत पुलिसकर्मियों को बधाई दी है।

एसपी ने बताया कि वर्ष 2022 में भी आईजीआरएस से जुड़े मामलों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में कुशीनगर जिले की पुलिस को पहला स्थान मिला था। उस समय जिले को 130 में 127 अंक मिले थे। वह संपूर्ण का 97.69 प्रतिशत था।

# कुशीनगर : सीएसपी संचालक से दिनदहाड़े 2.30 लाख की लूट

## बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी पर हेलमेट लगाकर बाइक से पहुंचे तीन बदमाशों ने की वारदात

रामकोला (कुशीनगर)। लक्ष्मीगंज गेट के पास संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा के कस्टमर सर्विस प्वाइंट (सीएसपी) पर मंगलवार दोपहर में बाइक से हेलमेट लगाकर पहुंचे तीन बदमाशों ने असलहे के बल पर 2.30 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश असलहे लहराते हुए रामकोला की तरफ भाग गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया है।

रामकोला थाना क्षेत्र के धोधरही गांव के अनिल कुमार यादव लक्ष्मीगंज गेट के पास किराए के मकान में बैंक ऑफ बड़ौदा का सीएसपी संचालित करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक बाइक पर सवार तीन युवक हेलमेट लगाकर पहुंचे। एक ने अनिल से रुपये निकालने की बात कही। अनिल ने हेलमेट निकालकर बात करने के लिए कहा तो बदमाश ने असलहा तान दिया। तभी दूसरे बदमाश ने काउंटर की दराज में रखे 2.30 लाख रुपये निकाल लिए। दुकान में बैठे लोगों को भी बदमाशों ने गन प्वाइंट पर ले लिया और लूट को अंजाम देने के बाद असलहा लहराते हुए भाग गए। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद >> संबंधित पेज 4 पर

# वाहन जब्त, गोवंश को कराया मुक्त

मंसाछापर। जटहां बाजार थाना क्षेत्र के घूरछपरा में मैजिक को लोगों ने रोक लिया। उस पर एक गोवंश लदा था। चालक वाहन छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस गोवंश और वाहन को लेकर थाने लेकर चली गई। एसओ राजकुमार बरवार ने बताया कि अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर लिया गया है। गांववालों की मानें तो मठिया शाखा नहर के रास्ते पुलिस की मिलीभगत से पिकअप और मैजिक से गोवंश की तस्करी होती है। संवाद

# रामपुर चौबे गांव में मतदान आज, पोलिंग पार्टी पहुंची

**पडरौना।** कप्तानगंज ब्लॉक परिसर से मंगलवार को रामपुर गांव के लिए पोलिंग पार्टी रवाना हुई। इस गांव में बुधवार को ग्राम प्रधान पद के लिए चुनाव होगा। हालांकि, बूथ पर रवाना होने से पहले मतदान कार्मिकों को काफी देर तक वाहन का इंतजार करना पड़ा।

रामपुर चौबे में बुधवार को ग्राम प्रधान पद का चुनाव होना है। वहां चार बूथों पर करीब 2500 मतदाता मतदान करेंगे। बूथ संख्या 167 व 168 के पीठासीन अधिकारी गौरव मद्धेशिया ने बताया कि पोलिंग पार्टियां बूथ पर पहुंच चुकी हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संवाद

# 22 बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस गड्ढे में उतरी, दस घायल

## हादसे के बाद मची चीख-पुकार, पेड़ की डाली काटकर निकाले गए बच्चे, स्टीयरिंग फेल होने से हुआ हादसा, निजी अस्पताल में हुआ बच्चों का इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही (कुशीनगर)। बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस मंगलवार को बेकाबू होकर सड़क के किनारे गड्ढे में उतर गई। बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से बच्चों को निकाला गया। दस बच्चों को चोटें आई हैं। बीईओ और इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी ली।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के तिलकपट्टी में आरके चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की बस रोज की तरह अहिरौली, नरहवा, बैकुंठपुर कोठी से 22 बच्चों को लेकर मंगलवार को स्कूल जा रही थी। सुबह करीब 8 बजे बस तिलकपट्टी चौराहे के पास सड़क के किनारे गड्ढे में उतर गई और सागौन के पेड़ से जा टिकी।

बताया जा रहा है कि स्टीयरिंग फेल होने से बस गड्ढे में चली गई। हादसे में सलमान (6), जोया (6), अदनान (4), अंकित (6), अश्वनी (4), फिजा (6), गुल्फाता (5), एकन (5), निरंजन (8) और अनूप (6) घायल हो गए। सभी का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया और स्कूल की छुट्टी कर दी गई।



तिलक पट्टी में स्कूल बस के गड्ढे में उतरने की घटना की जांच करते खंड शिक्षाधिकारी देवमुनि वर्मा व थानाध्यक्ष। संवाद

इस घटना से नाराज अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन पर कार्रवाई की मांग की है। दुर्घटना में घायल हुए बच्चे अभी भी सदमे में हैं। विभाग के मुताबिक, स्कूल की मान्यता नहीं है और दुर्घटनाग्रस्त हुई बस की फिटनेस वैधता भी समाप्त हो गई है।

बीईओ देवमुनि वर्मा ने बताया कि अवैध तरीके से स्कूल संचालित हो रहा था। बस का फिटनेस भी नहीं था। स्कूल संचालक को नोटिस दिया गया है। स्कूल की तरफ से मान्यता के लिए आवेदन किया गया है।

**मिलीभगत से चलाते हैं बिना मान्यता के स्कूल :** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के तिलकपट्टी में बिना मान्यता के संचालित आरके चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल तो एक बानगी है। लोगों का कहना है कि जिले में ऐसे कई स्कूल हैं, जो बिना मान्यता के बीएसए कार्यालय और बीईओ की मेहरबानी से संचालित हो रहे हैं। हादसा होने के बाद विभागीय जिम्मेदारों की जब गर्दन फंसती है तो स्कूल संचालक को नोटिस देकर खानापूरी करते हैं। पांच माह पूर्व भी इस स्कूल को तत्कालीन बीईओ ने नोटिस दिया था, लेकिन स्कूल बंद करना तो दूर नोटिस का जवाब तक देना भी संचालक ने उचित नहीं समझा।



घायल फिजा



शालू



एकन



जोया



अंकित



सलमान

*स्कूल की मान्यता है। कॉलेज भी मेरा है। कॉलेज की बस थी। इस बस से बच्चे लाए जाते थे। दो बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। सभी बच्चे ठीक हैं।* **-कमलेश, प्रधानाचार्य**, *आरके चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल*

### पांच माह पूर्व बीईओ ने दिया था नोटिस

आरके चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल परिसर में ही महिला डिग्री कॉलेज चलता है। कॉलेज की बस से पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्कूल लाया और पहुंचाया जाता है। पांच माह पूर्व तत्कालीन बीईओ वंशीधर श्रीवास्तव ने स्कूल संचालक को नोटिस दिया था, लेकिन नोटिस का न तो जवाब मिला और न ही स्कूल बंद हुआ। बीएसए डॉ. रामजियावन मौर्या ने बताया कि अभियान चलाकर बिना मान्यता वाले स्कूलों पर कार्रवाई होती है। नोटिस देने के बावजूद कैसे स्कूल का संचालन होता था, इसकी जांच बीईओ से कराई जा रही है।

**बिना मान्यता चल रहा स्कूल बस का फिनटेस हो चुका था खत्म, बीईओ ने दिया था नोटिस**






# बदमाशों की पहचान पुलिस के लिए चुनौती

## बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी पर लूट के बाद आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

रामकोला। थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी पर लूट की घटना के बाद पुलिस बदमाशों की पहचान में जुट गई। कप्तानगंज की तरफ से बदमाश आए और लूट की घटना को अंजाम देने के बाद वापस उसी तरफ भाग निकले। दोनों रूट के दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही है। सीएसपी पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हेलमेट होने के कारण बदमाशों का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में नहीं दिख रहा है। ऐसे में बदमाशों की पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती है। लूट की वारदात के बाद लक्ष्मीगंज बाजार पुलिस छावनी में तब्दील हो गई।



लूट की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी धवल जायसवाल। संवाद

**उदास मत हो, तुम्हारे रुपये मिल जाएंगे : एसपी धवल** जायसवाल जब संचालक अनिल यादव से जानकारी ले रहे थे तो उनका चेहरा उदास हो गया था। एसपी बोले उदास मत हो। तुम्हारे रुपये मिल जाएंगे और बदमाश भी पकड़ लिए जाएंगे। घबराने की जरूरत नहीं है। एसपी की यह बात सुनकर अनिल की थोड़ी हिम्मत बढ़ी और उम्मीद जगी।

**असलहा दिखाकर नीचे करा दिया सिर :** बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी में लूट की घटना को अंजाम दे रहे बदमाशों ने वहां पहुंचे पड़ोसी दुकानदार बजरंगी वर्मा और अजय वर्मा को जब गन प्वाइंट पर लिया तो उनकी बोलती बंद हो गई। अजय वर्मा ने सीएसपी संचालक अनिल कुमार यादव को सोमवार को अपने अकाउंट में रुपये जमा करने के लिए दिया था। अजय भी अनिल के पास बैठे थे। असलहा दिखाकर बदमाशों ने दोनों का सिर नीचे करा दिया।

# व्यापारियों ने लगाया जाम सीओ के आश्वासन पर माने



पड़री पिपरपाती में पडरौना-जटहां मार्ग को जाम कर धरने पर बैठे व्यापारी व लोगों से बात करते सीओ सदर। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**मंसाछापर।** दो दिन पूर्व दुकान में मारपीटकर कर व्यापारी को घायल करने के मामले में मंगलवार को बाजार के व्यापारियों ने जटहां-पडरौना मार्ग जाम कर दिया। नाराज व्यापारी आरोपियों पर गुंडा एक्ट, 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी और हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सीओ सदर ने व्यापारियों को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद आवागमन बहाल हो सका।

जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पड़री पिपरपाती गांव में रविवार की शाम करीब तीन बजे कुछ लोग धर्मेंद्र गौंड़ की दुकान में घुस गए और तोड़फोड़ करते हुए उन्हें हॉकी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। धर्मेंद्र गौंड़ की तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने सोमवार को बलवा, तोड़फोड़, धमकी, एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

*पीड़ित की तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है। सीओ सदर इस घटना की विवेचना करेंगे। जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। - **राजकुमार बरवार**, एसओ, जटहां बाजार*

मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे व्यापारी दुकानें बंद कर जटहां-पड़रौना मार्ग को जाम कर धरने पर बैठ गए। एसओ राजकुमार बरवार ने व्यापारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन व्यापारी वरिष्ठ अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे। करीब डेढ़ घंटे बाद सीओ उमेश चंद्र भट्ट पहुंचे। पीड़ित धर्मेंद्र गौड़ ने आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने के अलावा दर्ज केस में हत्या का प्रयास और गुंडा एक्ट लगाने की मांग की।

# नदी में बुजुर्ग ने लगाई छलांग, गोताखोर की जगह पहुंचा अग्निशमन वाहन

**जौरा बाजार।** घाघी नदी में एक बुजुर्ग पुल से छलांग लगा दी। इसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने आग लगने की सूचना प्रसारित कर दी। कुछ देर बाद पुल के पास अग्निशमन का वाहन पहुंच गया और लोगों की भीड़ जुट गई। हकीकत जानने के बाद अग्निशमन कर्मी लौट गए। चौरा खास थाना क्षेत्र के जौरा मनराखन गांव के बनिया टोला निवासी 58 वर्षीय मोहन साहनी किसी बात को लेकर घरवालों से नाराज थे। मंगलवार को दिन में करीब दो बजे वह घाघी नदी के पुल पर पहुंचे। वहां से नदी में छलांग लगा दी। यह देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। गोताखोरों ने नदी में बुजुर्ग की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। शाम को करीब पांच बजे अग्निशमन का वाहन पहुंचा गया। पूछने पर बताया कि पुलिस से सूचना मिली थी कि पुल के पास आग लगी है। यह सुनकर लोग हंसने लगे। मौके पर सिर्फ चार सिपाही पहुंचे। एसओ को लोगों ने कई बार फोन किया, लेकिन उनका सीयूजी नंबर रिसीव नहीं हुआ। चौराखास थाने के इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश प्रजापति ने बताया कि गलत मैसेज पास हो गया था। सुबह नदी में कूदे हुए बुजुर्ग की तलाश कराई जाएगी। संवाद

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी से माहौल गर्म

**पडरौना।** सोशल मीडिया पर भगवान राम के बारे में अमर्यादित टिप्पणी करने से कसया थाना क्षेत्र के एक गांव में मामला गरमा गया। मामला बढ़ता देख पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। गांव पर पुलिस की नजर बनी हुई है, ताकि किसी तरह का विवाद न हो। आरोप है कि कसया थाना क्षेत्र के अंध्या गांव के हतवा टोला निवासी प्रिंस जाटव ने भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट अपलोड किया था। मंगलवार को इसकी जानकारी हिंदू संगठन से जुड़े नेताओं को हुई। इसे लेकर गांव में तनाव बढ़ गया। नाराज लोगों ने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। संवाद

# बिना फिटनेस के चल रहे 15 वाहनों का चालान

पडरौना। परिवहन विभाग की तरफ से मंगलवार को जिले में अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इसमें एआरटीओ ने बिना फिटनेस के संचालित मिले 15 स्कूल वाहनों को चालान कर उन्हें पुलिस को सौंप दिया। उनके इस कार्रवाई से स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा है। एआरटीओ मोहम्मद अजीम ने बताया कि बीते चार सितंबर से छह सितंबर तक स्कूल वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक कुल 15 स्कूल वाहनों पर फिटनेश नहीं मिलने पर कार्रवाई कर चालान किया गया है। संवाद

# मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के इनरही गांव के पास सोमवार देर रात पुलिस और बदमाशों में हुई मुठभेड़, सिपाही की बांह में लगी गोली, बदमाश भी घायल**

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकड़ियार बाजार(कुशीनगर)।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के इनरही गांव के पास सोमवार की देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश की गोली से एक सिपाही जख्मी हो गया, जबकि पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और पकड़ा गया। उसका साथी भागने में सफल रहा। मऊ जिले का रहने वाला शातिर बदमाश हत्या के प्रयास और लूट के मामले में वांछित था। उस पर 50 हजार रुपये का इनामी घोषित था।

बदमाश के पास से पिछले महीने लीलाधर छपरा में एक व्यक्ति को गोली मारकर लूटी गई बाइक, एक पिस्टल, चार कारतूस पुलिस ने बरामद किए हैं। घायल बदमाश और सिपाही का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस को सूचना मिली कि सोमवार की रात एक शातिर बदमाश बिहार भागने वाला है। नेबुआ नौरंगिया, सदर कोतवाली पुलिस और स्वॉट टीम ने इनरही के पास देर रात को घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू



मुठभेड़ में घायल अभियुक्त के साथ पुलिस टीम। संवाद

कर दी। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि बिना नंबर की गुजर रही बाइक को पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया तो बाइकसवार ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। बांह में गोली लगने से सिपाही अरविंद गिरी घायल हो गए। पुलिस की फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और पकड़ा गया। पुलिस ने बदमाश की पहचान मऊ जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर काझा गांव के निवासी हिमांशु यादव उर्फ गोविंद के रूप में की। गाजीपुर जिले का इसका साथी अजय पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।

पुलिस नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के लीलाधर छपरा गांव में पिछले महीने महराजगंज जिले के एक व्यक्ति को गोली मारकर हुई बाइक लूट की वारदात में शामिल होने का दावा कर रही है। हिमांशु पर देवरिया, मऊ, गाजीपुर जिले में एक दर्जन से अधिक हत्या, लूट, छिनैती और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। घायल बदमाश का पुलिस कस्टडी में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बाइक लूटने के उद्देश्य से मारी थी गोली

पुलिस को हिमांशु ने बताया कि तीनों के पास एक ही बाइक थी। वाहन चेकिंग के चलते कभी-कभी दिक्कत होती थी। इसलिए 10 अगस्त को पडरौना से हाइवे पर अलाउद्दीन का पीछा करते हुए हम लोग लीलाधर छपरा के पास पहुंचे और नई बाइक होने के कारण गोली मारकर लूट लिया। एक बाइक मन्नु और दूसरी बाइक हम लोगों के पास थी। देवरिया और कुशीनगर में मुठभेड़ में गोली लगने के बाद पकड़े गए बदमाशों के मोबाइल की मदद से इनके नेटवर्क और करीबियों तक पुलिस पहुंचने की कोशिश कर रही है। नेबुआ नौरंगिया में हुई मुठभेड़ में इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव, स्वाट टीम प्रभारी सुशील शुक्ला, पडरौना कोतवाल राजप्रकाश सिंह, दरोगा आलोक कुमार, राकेश यादव, विनायक यादव शामिल थे।

## देवरिया पुलिस को चकमा देकर भागा था हिमांशु, कुशीनगर में दबोचा गया

**पडरौना।** देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के पननहा गांव निवासी मन्नू यादव को कालाबन के पास सोमवार की रात मुठभेड़ में पुलिस ने दबोच लिया, जबकि इसका साथी मऊ जिले का हिमांशु यादव उर्फ गोविंद भागने में सफल रहा। पुलिस की घेराबंदी के बाद हिमांशु अपने साथी अजय के साथ पश्चिमी चंपारण भाग रहा था कि पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद इनरही के पास पकड़ा गया। उसका दूसरा साथी अजय भागने में सफल रहा।

गाजीपुर जिले के अजय, देवरिया के मन्नू और मऊ के हिमांशु जेल में अलग-अलग मामलों में बंद थे। तभी इनकी दोस्ती हुई। देवरिया के रूद्रपुर और कटाई चौराहा पर ग्राहक सेवा केंद्र से हुई लूट के मामले में हिमांशु शामिल रहा है। पुलिस की पूछताछ में यह राज खुला।

अजय, मन्नू और हिमांशु तीनों शातिर बदमाश हैं। एक साथ मिलकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस की मानें तो 10 अगस्त को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के हाइवे पर लीलाधर छपरा गांव के पास गोली मारकर महराजगंज जिले के मटिनहिया गांव निवासी 45 वर्षीय अलाउद्दीन अंसारी को गोली मारकर नई बाइक तीनों बदमाशों ने लूट ली थी।

### गाजीपुर का साथी अजय भागने में रहा सफल, तीनों एक साथ घटना को देते थे अंजाम

अलाउद्दीन नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बाबूराम बेलवनिया गांव निवासी अपने साढ़ू के बेटे मैनुद्दीन का बैंक में खाता खुलवाकर लौट रहा था। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश देवरिया पहुंचे और मन्नु यादव के जानने वाले के घर रुके। 12 अगस्त को रूद्रपुर कस्बे से ग्राहक जनसेवा केंद्र से 40 हजार और 14 अगस्त को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के कटाई चौराहे पर एक सहज जनसेवा केंद्र संचालक पर फायरिंग कर दो लाख रुपये लूट लिया था।

इस घटना को अंजाम देने के बाद हिमांशु और अजय अपने घर चले गए। 28 अगस्त को हिमांशु गाजीपुर अजय के घर गया और दोनों मिलकर गाजीपुर के कास्माबाद कस्बे में एक दुकानदार को गोली मारकर लूट की कोशिश किए।

भीड़ जुट जाने के कारण लूट में असफल रहे। दोनों पडरौना भागकर आए। सोमवार को अजय को पडरौना छोड़कर हिमांशु मन्नु के पास गया, लेकिन पुलिस से मुठभेड़ के कारण मन्नू पकड़ा गया। पुलिस से बचकर भागा हिमांशु पडरौना पहुंचा और अजय को लेकर पश्चिमी चंपारण जा रहा था। रास्ते में मुठभेड़ में गोली लगने के बाद पकड़ा गया। जबकि अजय पुलिस के हाथ नहीं लगा। पुलिस अजय की तलाश कर रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# सीवान में मिला नर कंकाल, हड़कंप

## हत्या का आरोप

- नौतनवा क्षेत्र में जमुहरा कला गांव जाने वाले चकमार्ग के सीवान में मिला नर कंकाल
- घटना स्थल से मिले कपड़े व चप्पल के आधार पर परिवार ने पहचान का किया दावा

> अड्डा बाजार व जमुहरा कला गांव के सीवान में एक युवक का शव तितर बितर बरामद हुआ। उसे इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> **मनोज कुमार राय**, एसओ, नौतनवा

अड्डा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार राम मन्दिर परिसर से जमुहरा कला गांव को जाने वाले चकमार्ग के समीप बीच सीवान में मंगलवार की सुबह फसल के बीच नर कंकाल देख लोगों ने शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अड्डा बाजार के एक परिवार ने कपड़े व चप्पल देख दावा किया है कि नर कंकाल उसके लापता पुत्र का है। वह 18 दिन से गायब है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि डीएनए परीक्षण के बाद ही शव की विधिक पहचान होगी।

मंगलवार की सुबह ग्रामीण खेत की तरफ गए थे। सीवान में तितर बितर कंकाल देख शोर मचाया। सीओ नौतनवां आभा सिंह व एसओ मनोज कुमार राय पुलिस की कई टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नर कंकाल के पास खून से सना कपड़ा बिखरा था।

**कंकाल गायब युवक के होने का दावा, पुलिस बोली-डीएनए टेस्ट होगा**

सीवान में नर कंकाल की सूचना पर अड्डा बाजार निवासी राम बेलास व उनके परिजन भी अनहोनी की आशंका में मौके पर पहुंचे। उनका बेटा शैलेष (33) पिछले 18 दिन से गायब है। शव में कुछ पहचान लायक नहीं बचा था। पास में मिले चप्पल व कपड़ा देख परिजनों ने शव को शैलेश के होने का दावा किया। नौतनवा पुलिस का कहना है कि डीएनए परीक्षण के बाद ही स्पष्ट होगा कि शव किसका है।

**परिजनों ने हत्या की आशंका जताई:** नर कंकाल मिलने के बाद नौतनवा पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठने लगा है। लोगों की मुताबिक शैलेष की पत्नी ने अड्डा बाजार पुलिस चौकी में कई दिन पहले ही तीन नामजद आरोपतों के खिलाफ हत्या की आशंका में तहरीर दी थी। पुलिस 24 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज कर शांत बैठी रही।

# महराजगंज में भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष पर हत्या व रेप का केस

**कार्रवाई**

- संतकबीरनगर की किशोरी की तहरीर पर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज
- रेप करते किशोरी के पिता ने देखा तो उसकी कहीं ले जाकर हत्या का भी आरोप

> कोतवाली क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म व उसके पिता की हत्या के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. कौस्तुभ, एसपी

महराजगंज, निज संवाददाता। महराजगंज के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा के खिलाफ मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से रेप और उसके पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। भाजपा नेता पर आरोप है कि उसने किराए पर रहने वाले संतकबीरनगर जिले के दलित परिवार की बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि किशोरी के पिता ने दुष्कर्म करते देख लिया तो उसे अनजान जगह ले गया और हत्या कर दी। वहीं इस मामले में भाजपा नेता ने आरोपों को निराधार बताया और कहा कि उसे षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है।

कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर 17 वर्षीय किशोरी ने बताया कि घटना 28 अगस्त की रात आठ बजे की है। उसका परिवार संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल क्षेत्र का रहने वाला है। रोजी-रोटी की तलाश में पिता अपनी चार बेटियों व आठ साल के पुत्र के साथ महराजगंज आया था। किराये के मकान में रहने के दौरान किशोरी का परिवार आरोपी के संपर्क में आया। युवती का पिता पिछले पांच साल से शहर में फुटपाथ के किनारे चाट-पकौड़ा बेचता था। 28 अगस्त की रात को उसके पिता दुकान पर थे। उसी समय राही मासूम रजा उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ रेप करने लगा। उसी दौरान उसके पिता घर आ गए और बेटी के बचाने के लिए संघर्ष करने लगे। आरोप है कि भाजपा नेता उसके पिता को कहीं ले गया और हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी अभी तक नहीं मिली है।

➤ छोटी बहन से छेड़छाड़ P03

# एक ही गांव के दो बच्चे लापता

बृजमनगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपालगढ़ टोला बनकटवा से दो बच्चे लापता हो गए हैं। 12 व 13 वर्ष के ये दोनों बच्चे सोमवार की सुबह छह बजे खेलने निकले और तभी से उनका पता नहीं चल रहा है। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# दीवार तोड़ने व मारपीट के आरोप में केस

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया क्षेत्र के विश्वनाथ पड़वनिया टोला मठिया निवासी राहुल साहनी ने गांव के कुछ लोगों पर निर्माणाधीन मकान का दीवाल गिराने व मारपीट कर धमकी देने का आरोप लगाया। एसओ कंचन राय ने बताया कि दोनों पक्षों के 13 लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# लावारिस हाल में मिली दस बोरी यूरिया

खनुआ। सोनौली पुलिस ने श्यामकाट पुल के पास से लावारिस हालत में दस बोरी यूरिया बरामद की है। कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि श्यामकाट पुल के पास यूरिया खाद रखे जाने की सूचना मिली थी। तस्कर इसे नेपाल ले जाने वाले थे। बरामद यूरिया को कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

# नेपाली शराब के साथ महिला गिरफ्तार

कोल्हुई। कोल्हुई कस्बे से पुलिस ने एक महिला को नेपाली शराब बेंचते पकड़ा है। महिला के कब्जे से 52 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई है। इस मामले में महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है।

# आपरेशन कवच के तहत बड़हरा में लगाई चौपाल

महराजगंज। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कवच के तहत मंगलवार को सोनौली पुलिस ने बड़हरा गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई। पुलिस से समन्वय स्थापित कर मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए रणनीति बनाई गई। सोनौली के प्रभारी कोतवाल अंकित सिंह ने बताया कि सीमावर्ती गांवों में अपराध व घुसपैठ रोकने में ग्रामीणों की सूचना काफी महत्वपूर्ण होती है। संवाद

# पीड़िता की छोटी बहन से भी छेड़छाड़ का आरोप

**हद है**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** महराजगंज के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा के खिलाफ मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से रेप और उसके पिता की हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपी को पूर्व में अपनी छोटी बहन के साथ छेड़छाड़ करते देख लिया था। इस पर उसने मुंह खोलने पर हत्या की धमकी दी थी।

**हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज:** कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर शहर के वीर बहादुर नगर वार्ड निवासी राही मासूम रजा के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म, पाक्सो व एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपित राही मासूम रजा को पूछताछ के लिए कोतवाली में लाया गया है। प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कई दलों में रह चुका है आरोपी

भाजपा अल्पंसख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा इससे पहले समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी में भी रह चुका है।

**भाजपा जिला संयोजक ने प्रदेश नेतृत्व को भेजी जानकारी:** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म समेत कई अन्य गंभीर धाराओं में कार्रवाई मामले में भाजपा जिला संयोजक संजय पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष के अलावा प्रदेश नेतृत्व को भेज दी गई है। जैसा निर्देश मिलेगा, उसका अनुपालन कराया जाएगा।

# बड़ी बहन से दुष्कर्म, छोटी से छेड़खानी पीड़िता के पिता की हत्या का आरोप

## भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

जासं, महराजगंजः भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही पर आरोप है कि उसने किरायेदार की बड़ी बेटी से दुष्कर्म व छोटी बेटी से छेड़खानी की। पिता ने उसकी इस हरकत का विरोध किया तो अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसने उनकी हत्या कर दी। बड़ी बेटी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता के विरुद्ध मंगलवार को छेड़छाड़, दुष्कर्म, हत्या, एससी-एसटी और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

- जिलाध्यक्ष के मकान में किराये पर रहता था पीड़िता का परिवार
- पांच वर्ष से इस मकान में रह रहा था परिवार

संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल कस्बा की रहने वाली पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि महराजगंज के वीर बहादुर नगर वार्ड में बीते पांच वर्षों से उसके पिता पानी-पकौड़ा बेच कर चार बहनों व छोटे भाई का पालन पोषण करते थे। मां की मृत्यु पहले हो चुकी है। हम सभी भाई-बहन पिता के साथ मासूम रजा राही के मकान में किराये पर रहते थे। बीते 28 अगस्त की रात आठ बजे मासूम रजा राही कमरे में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। इसी दौरान पिता वहां पहुंच गए और उन्होंने मासूम रजा राही की हरकत का विरोध किया तो वह पिता से विवाद करने लगा। तीन दिन बाद पिता को अज्ञात स्थान पर ले जाकर उसने हत्या कर दी। वह उसकी छोटी बहन से भी छेड़खानी करता था। धमकी भी देता था कि किसी को बताने पर उसकी हत्या करा देगा।

सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि 28 अगस्त को घटना की सूचना पर आरोपित व पीड़िता के पिता को नगर चौकी पर बुलाया गया था। मामले में दोनों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई। इसी दिन रात में पीड़िता के पिता की अचानक तबीयत खराब हो गई। तीन दिन बाद इलाज के दौरान शहर के एक निजी अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच सदर सीओ अजय सिंह चौहान कर रहे हैं।

**प्रदेश नेतृत्व को भेजी गई रिपोर्टः** भाजपा महराजगंज के जिला संयोजक संजय पांडेय ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रकरण से संबंधित रिपोर्ट प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। पार्टी नेतृत्व के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# शराबी पति ने बेच दी जमीन तो पत्नी ने दौड़ाकर पीटा

### तहसील परिसर में करीब आधे घंटे तक मची रही अफरा-तफरी, जमीन बेचने वाले व्यक्ति को है नशे की लत

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। थाना क्षेत्र के बरवा कृपाल गांव के रहने वाले महेश ने बीते दिनों चुपके से दूसरे व्यक्ति को जमीन का बैनामा कर दिया था। मामले की भनक लगते ही मंगलवार को पत्नी, पति को साथ लेकर तहसील पहुंची। पत्नी मामले की सच्चाई जान आक्रोशित हो गई। उसके बाद पति को मारने-पीटने लगी। इसकी वजह से वहां अफरा तफरी मच गई। वहीं मौके पर जुटे अधिवक्ता और लोगों ने आक्रोशित पत्नी को समझाकर किसी तरह से शांत कराया। पत्नी पति को खींचते हुए थाने लेकर चली गई।

**बरवा कृपाल गांव के महेश ने चुपके से कर दिया था जमीन का बैनामा**

बरवा कृपाल गांव की रहने वाली प्रियंका ने बताया कि पति महेश को नशे की लत है। पति के नाम गांव से सटे सरकारी स्कूल के बगल में करीब 38 डिस्मिल जमीन थी। बीते दिनों रक्षाबंधन पर्व पर बच्चों को साथ लेकर मायके पकड़ीयार विशुनपुर गांव गई थी।

इसी बीच पति महेश मौका पाकर उक्त भूमि को एक व्यक्ति के झांसे में आकर बैनामा कर दिया था। मायके से घर लौटने के बाद जानकारी हुई। उसके बाद पति को साथ लेकर तहसील पहुंची तो मामले की सच्चाई जानकर हैरान रह गई।

पति तहसील से भागने लगे। कुछ दूर दौड़ाने के बाद उसने पति को पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर पीड़िता को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**सताने लगी चार बच्चों की परवरिश का चिंता**

घटना के दौरान जमीन बेचने वाले व्यक्ति महेश के चार मासूम बच्चे भी मौजूद रहे। अचानक मां, बाप के बीच झगड़ा देख चिल्लाने लगे। कुछ देर बाद समझाने पर व्यक्ति की आक्रोशित पत्नी शांत हो गई, लेकिन वह बच्चों की ओर देख फफक पड़ी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों से कहने लगी कि पति को नशे की लत है। अब मैं कैसे चार बच्चों की परवरिश करूंगी। बच्चों को पकड़ कर फफक कर रो रही महिला की बात सुनकर लोगों के आंखों में आंसू आ गए।



निचलौल : पिटाई के बाद पति को बिलखते हुए थाने ले जाती पत्नी। संवाद

# पिपरहिया गांव के खेत में मिला नरकंकाल




घटना स्थल पर जांच करती फोरेंसिक टीम • जागरण

जागरण संवाददाता, संपतिहा : नौतनवा थाना क्षेत्र पिपरहिया गांव के पूरब धान के खेतों में मंगलवार की सुबह नर कंकाल के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अड्डा बाजार के निवासी रामबेलास ने कंकाल के पास मिले कपड़ों से उसकी शिनाख्त अपने पुत्र शैलेश के रूप में की है तथा हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आभा सिंह व नौतनवा थानाध्यक्ष मनोज राय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कंकाल की डीएनए जांच के बाद पहचान के पुष्ट होने की बात कह रही है। नौतनवा थानाध्यक्ष मनोज राय का कहना है कि कंकाल की डीएनए जांच के बाद पहचान की पुष्टि होगी। कपड़ों के आधार पर कंकाल पहचान करने वाले परिवार के आरोपों की जांच भी की जा रही है।

**19 अगस्त से लापता है शैलेश:** अड्डा बाजार निवासी शैलेश बीते 19 अगस्त से लापता है। उनकी पत्नी ने 24 अगस्त को नौतनवा पुलिस को तहरीर दी थी, पुलिस को बताया था कि 20 दिन पूर्व उसके पति का कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। जिसमें नामजद तहरीर देते हुए आशंका जताई थी कि उन्हीं लोगों ने उसके पति की हत्या की है। लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और सिर्फ गुमशुदगी का मामला दर्ज किया।

# पुलिस सक्रिय होती तो बच जाती पीड़िता के पिता की जान

- 28 अगस्त को पकड़े जाने के बाद चौकी तक पहुंचा था मामला
- 107/16 की कार्रवाई कर पुलिस ने कर लिया कोरम पूरा

जासं, महराजगंजः भाजपा नेता द्वारा किरायेदार की नाबालिग बेटियों से छेड़खानी और दुष्कर्म के मामले में पुलिस अगर घटना के दिन ही सक्रिय हुई होती तो शायद उनका पिता जिंदा होता। 28 अगस्त को भाजपा नेता को पीड़िताओं के पिता ने रंगे हाथ पकड़ा था। मामला शहर के नगर चौकी पर भी ले जाया गया था। पुलिस ने शिकायतकर्ता पिता और आरोपित भाजपा नेता के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई कर कोरम पूरा कर लिया था।

उस दिन घर जाने के बाद अचानक देर रात पीड़िता के पिता की तबीयत बिगड़ गई थी। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान कोई जहरीला पदार्थ खाने की पुष्टि हुई थी। वहां से चिकित्सकों ने बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया था। गोरखपुर न ले जाकर स्वजन शहर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए।

जहां इलाज के दौरान 31 अगस्त को मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद बेटियां शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रही थीं, मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना देकर मामले को संदिग्ध बताया, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। इतना सब कुछ होने के बाद भी आरोपित की धमकी से डरी सहमी पीड़िताओं ने पुलिस को तहरीर नहीं दी। पूरे शहर में इस बात की चर्चा थी।

पोस्टमार्टम के बाद जब अंतिम संस्कार हो गया तो रिस्तेदारों ने सहयोग कर बेटियों को मदद का भरोसा दिया। तब जाकर वह आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई के लिए तहरीर लेकर थाने पहुंचीं।

# चार को कारावास व अर्थदंड की सजा

महराजगंज: 31 वर्ष पहले हुई मारपीट के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चार आरोपितों को साधारण कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि छह जून 1992 को मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें विवेचना के बाद हरपुर महंत निवासी विश्वनाथ, तेजा, छांगुर, मारकंडेय और खजांती के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया गया था। इस मामले में न्यायालय ने सजा सुनाई है। (जासं)

# जुआ खेलने के आरोप में चार गिरफ्तार

चौक बाजार : नगर पंचायत के धर्मपुर गांव में काली मंदिर परिसर में जुआ खेलते हुए चार जुआरियों को चौक पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। हल्का दरोगा जितेंद्र तिवारी हमराहियों के साथ जैसे ही मौके पर पहुंचे जुआरी भागने लगे। पुलिस टीम चार लोगों को गिरफ्तार कर थाने पर ले आई। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि सदानंद मद्धेशिया, बिट्टू निषाद, संदीप निषाद एवं रामधनी पर जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (जासं)

# फरेंदा के सीओ को फोन पर दी धमकी..नहीं तो पद से हटवा देंगे

फरेंदा (महराजगंज)। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) को शिकायत सुनने के दौरान फोन पर धमकी देने का मामला सामने आया है। फोन करने वाले ने खुद को पीएमओ का सचिव बताते हुए सीओ से कहा कि प्रधान को गिरफ्तार करके जेल भेजो, नहीं तो पद से हटवा देंगे। सीओ ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

फरेंदा के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक फरेंदा को तहरीर देकर बताया कि तीन-चार दिनों से सर्किल के पुरंदरपुर क्षेत्र के बहोरपुर से सरकारी बैटरी गायब होने का मामला चल रहा है। इसकी जांच लंबित है। इसी मामले में गांव के प्रधान के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उक्त प्रकरण में 6387355863 से सीओ के मोबाइल फोन पर कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का सचिव बताते हुए ग्राम प्रधान को शीघ्र गिरफ्तार करने का आदेश देने लगा। सीओ ने मामले की जानकारी बगल में बैठे एसडीएम रमेश कुमार को दी। बाद में मामले की शिकायत फरेंदा थाने में की। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। संवाद

## कॉल करने वाले ने खुद को पीएमओ का सचिव बताया कहा- प्रधान को गिरफ्तार करो

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर दुष्कर्म, हत्या का केस

## मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आई पुलिस, जांच शुरु

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। छोटी बेटी से छेड़छाड़, बड़ी से दुष्कर्म से आहत पिता द्वारा खुदकुशी किए जाने के मामले में पुलिस ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर दुष्कर्म, हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले में पीड़िता ने सोमवार को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने तहरीर स्पष्ट नहीं होने की बात कह दोबारा तहरीर देने को कहा था।

अमर उजाला ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। उधर, पार्टी के जिला नेतृत्व ने मामले को गंभीरता से लिया है। मामले की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को भेज दी गई है।

पीड़िता ने बताया कि पिता की मौत के बाद 28 अगस्त को वह कोतवाली पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने मामूली धारा में कार्रवाई कर समझा बुझाकर घर भेज दिया। आरोपी दबंग है।

उसकी सत्ता में पकड़ है। साथ ही पीड़िता का परिवार उसके मकान में किराए पर रहता है। ऐसे में पीड़िता आरोपी की धमकी से भयभीत होकर कार्रवाई के लिए खुलकर आगे नहीं आ रही थी। लेकिन अब उसने दोषी को सजा दिलाने की ठान ली है।

पीड़िता ने बताया कि शुरुआत से ही आरोपी उन्हें परेशान करता था। कभी भी घर चला आता था। आने के बाद छोटी बहन को छेड़ता था। वह डर के मारे सहमी रहती थी। पीड़िता ने बताया कि उसने दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने मुंह न खोलने की धमकी दी थी। सदमे में उसके पिता ने खुदकुशी कर ली। इसके बाद उसने हिम्मत कर पुलिस से शिकायत की।

अमर उजाला में खबर प्रकाशित हुई तो आरोपी ने तहरीर नहीं देने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया था। फिर हिम्मत जुटा उसने तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया।

इस खबर को भी अमर उजाला ने प्रकाशित किया। इसके बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया और केस दर्ज हो पाया।



छोटी बेटी को छेड़ा, बड़ी से किया दुष्कर्म

सदमे में पिता ने कर ली थी आत्महत्या

डर से सप्ताह भर मौन रही पीड़िता, अब हिम्मत जुटा पहुंची कोतवाली, दी तहरीर

पीड़िता के छोटे भाई ने किया विरोध तो कर दी पिटाई

5 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### जिला नेतृत्व ने मामले को गंभीरता से लिया, शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया

आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्य के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। विवेचना शुरू कर दी गई है।

**-अजय सिंह चौहान,** क्षेत्राधिकारी, सदर

मामले की जानकारी मिली है। शीर्ष नेतृत्व को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया गया है। निर्देश मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-संजय पांडेय,** जिला संयोजक, भाजपा

## पहले पीड़ितों को दौड़ाते हैं फिर केस दर्ज कर भूल जाते हैं

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए पीड़िता को पहले दर-दर की ठोकरें खानी पड़ती है। थाने पर सुनवाई नहीं होती है तो उच्चाधिकारियों के पास जाकर अपनी पीड़ा बतानी पड़ती है। तब जाकर पुलिस की नींद खुलती है। इसके बाद केस तो दर्ज कर लेती है, लेकिन ढीली कार्रवाई की वजह से आरोपी गिरफ्त से बाहर रहते हैं। ऐसा कोई एक मामला नहीं है, तमाम मामले पुलिस की लापरवाही की कहानी को बयां करते हैं। जांच में सुस्ती का फायदा आरोपी उठाते हैं।

जानकारी के अनुसार, जिले में दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई की बात करें तो किरकिरी होने के बाद ही कार्रवाई होती है। शुरुआत में पुलिस मामले को हल्के में लेती है, लेकिन मामला जगजाहिर होने के बाद कार्रवाई करती है। अभी ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के शहर के मुहल्ले का रहा। इसमें दबंग व्यक्ति के प्रभाव में पुलिस ने शुरुआत में कार्रवाई नहीं की। उच्चाधिकारियों तक मामला पहुंचा तो त्वरित कार्रवाई की गई।

**केस 1** 10 सितंबर 2020 को निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में बकरी चराने गई एक आठ वर्षीय बच्ची को एक युवक ने अश्लील वीडियो दिखाकर दुष्कर्म करने की कोशिश की थी। जिस मामले में बच्ची के परिजन न्याय के लिए कई दिनों तक थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक चक्कर लगाते रहे। वहीं मामले में पुलिस ने 14 दिन बाद पुलिस ने अधीक्षक के निर्देश पर केस दर्ज तो कर ली, लेकिन आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं।

**केस 2** 23 जून 2021 को कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी सब्जी तोड़ने खेत गई थी। जिस दौरान एक मनबढ़ युवक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। इतना ही नहीं मनबढ़ युवक ने मामले को दबाने के लिए 24 जून को गांव पर ही पंचायत रखी। पंचायत में पीड़िता की एक भी बात नहीं सुनी गई। तो पीड़िता कोठीभार थाने पहुंची, लेकिन पीड़िता को पुलिस से भी राहत नहीं मिली। फिर उसने पुलिस के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। उसके बाद कोठीभार पुलिस ने केस दर्ज किया।

**केस 3** 27 अगस्त को कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में बकरी चराने जा रही युवती को मनबढ़ युवक ने अपने सहयोगियों के साथ बीच चौराहे पर कपड़ा फाड़कर बेरहमी से पिटाई कर दी थी। घटना के तत्काल बाद पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस आरोपियों पर मेहरबान बनी रही। वहीं, पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद पुलिस ने घटना के छह दिन बाद आरोपियों पर केस दर्ज किया, लेकिन जांच काफी धीमी गति से चल रही है।

# धान की फसल के बीच मिला नर कंकाल, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

## कपड़े से व्यक्ति की शिनाख्त महुअवा अड्डा के शैलेश के रूप में हुई, डीएनए जांच के बाद होगी पुष्टि

संवाद न्यूज एजेंसी




सिवान में नर कंकाल की जांच करती फोरेंसिक टीम। संवाद

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के गांव महुअवा अड्डा से पूरब सिवान में खेत में धान की फसल के बीच नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस टीम के अलावा फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। कंकाल महुअवा अड्डा गांव के एक युवक का बताया जा रहा है। जिसकी पहचान परिजन उसके कपड़े से कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव महुअवा अड्डा निवासी शैलेश कुमार 19 अगस्त की रात घर से लापता हुए थे। शैलेश की पत्नी शर्मिला ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बीते 24 अगस्त को पुलिस तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी थी।

मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे शैलेश के पिता रामबेलास ने खेत में कंकाल देखा तो नजदीक गए वहां तौलिया, शर्ट, चप्पल आदि देखकर उन्होंने पहचान की कि कंकाल शैलेश का ही है। जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। शैलेश की पत्नी शर्मिला ,मां कुसुम दहाड़े मार रोने लगी।

इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर अड्डा बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। इसके अलावा सीओ आभा सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कंकाल कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। उसके बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। नर कंकाल को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि नर कंकाल मिला है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डीएनए जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कंकाल किसका है ।

**18 दिन से लापता थे शैलेश, थाने में गुमशुदगी का केस है दर्ज :** महुअवा अड्डा निवासी शैलेश वाहन चालक थे।

वाहन चलाकर जीवन यापन करते थे। उसके दो बेटे शिवम (8) तथा बॉबी (6) हैं। पत्नी की तहरीर पर थाने में गुमशुदगी दर्ज है। शैलेश की पत्नी शर्मिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में शैलेश की पत्नी कुछ लोगो पर मारने-पीटने का आरोप लगाई थी, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी।

# मारपीट के मामले में पांच अभियुक्तों को न्यायालय ने दोषी करार दिया

**महराजगंज।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असगर अली-प्रथम ने मारपीट के 31 वर्ष पुराने मामले की सुनवाई की। घटना में अभियुक्त विश्वनाथ उर्फ प्रभुनाथ, तेजा, छांगुर, मारकण्डेय एवं खजांची निवासी ग्राम हरपुर महंथ कुर्मी टोला, थाना घुघली दोषी करार दिया। अभियुक्तों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। पीडित गुलाब चंद्र ने थाना घुघली में पांच जुलाई 1992 को केस दर्ज कराया था। तहरीर के अनुसार गुलाब चंद्र और उसके चचरे भाई खदेरू ओसारे में सोए थे। गांव के रामदेव, विश्वनाथ उर्फ प्रभुनाथ, तेजा, छांगुर, मारकंडेय एवं खजांची आकर दोनों को मारने लगे। घटना को गांव के कई लोगों ने देखा तथा बीच बचाव किया। विवेचक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर, नक्शा नजरी तैयार किया। न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। मुकदमे के दौरान ही अभियुक्त रामदेव की मौत हो गई। संवाद

# बड़हरा में पुलिस ने लगाई चौपाल

जासं, सोनौली : अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन कवच के तहत मंगलवार को सोनौली पुलिस ने बड़हरा गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई गई। इस दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनी गई साथ ही पुलिस से समन्वय स्थापित कर मानव तस्करी व देश विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए रणनीति बनाई गई। सोनौली कोतवाली के प्रभारी थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा सअपराध व घुसपैठ रोकने में ग्रामीणों की सूचना काफी महत्वपूर्ण होती है।

## फरेंदा सीओ को फोन पर धमकी, गिरफ्तारी न हुई तो पद से हटवा दूंगा

# पीएमओ से बोल रहा हूं प्रधान को गिरफ्तार करो

### दुस्साहस

- सरकारी बैटरी गायब होने में पुरन्दरपुर के एक प्रधान पर कार्रवाई का दबाव
- सीओ ने फोन करने वाले के खिलाफ फरेंदा थाने में दर्ज कराया मुकदमा

फरेंदा (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज जिले के पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के एक प्रधान के खिलाफ सरकारी बैटरी गायब होने के मामले में केस दर्ज करने के लिए एक शख्स ने सीओ फरेंदा को फोन पर धमकी दी है। कहा कि वह प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का सचिव है। प्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार करो। वरना सीओ पद से हटवा दूंगा। इस मामले में सीओ ने फरेंदा थाने में केस दर्ज कराया है।

घटना शनिवार की है। सीओ फरेंदा की तहरीर के मुताबिक पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के बहोरपुर गांव से संबंधित सरकारी बैटरी गुम होने का प्रकरण चल रहा है। इसमें थाना स्तर से जांच लंबित है। इस मामले में एक मोबाइल नंबर से ग्राम प्रधान पर केस दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। पिछले तहसील दिवस में वह एसडीएम के साथ जन सुनवाई कर रहे थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का सचिव बताया। आदेशात्मक शैली में कहा कि प्रधान को तत्काल गिरफ्तार करो। धमकी भी दी कि अन्यथा पद से हटवा देगा। शक होने पर सीओ ने फोन करने वाले से उसके पद के बारे में पूछा तो उत्तेजित होकर उसने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया। उसके बाद से उसका मोबाइल स्वीच ऑफ है। सीओ ने प्रकरण के बारे में एसडीएम से बताया। लोक सेवक का प्रतिरूपण कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले को गंभीर श्रेणी का आपराधिक कृत्य करार देते हुए सीओ फरेंदा ने फरेंदा थाना में तहरीर दी, जिसके आधार पर केस दर्ज हुआ। फरेंदा थाना के प्रभारी निरीक्षक आनंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# पुराने विवाद को लेकर मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती।** पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पड़ित की षिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। बेनीनगर गांव में पुराने विवाद को लेकर अभियुक्तो ने मिलकर अनूप पाण्डेय को पहले गालियां दी। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित अनूप पाण्डेय उर्फ गोलू पाण्डेय पुत्र अमर नाथ पाण्डेय निवासी बेनीनगर थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिमांशु पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय पुत्रगण दिनेश पाण्डेय निवासी बेनीनगर , राहुल तिवारी पुत्र संतोष निवासी धोबही थाना परसरामपुर के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# भूमि विवाद को लेकर मा-बेटी की पिटाई, केस

**बस्ती ।** जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला व उसकी बेटी को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत सेहरिया नई दुनिया में जमीन के विवाद को लेकर अभियुक्तों ने मिलकर रुक्मिना तथा उसकी बेटी को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता रुक्मिना पत्नी अर्जुन निषाद निवासी सेहरिया नई दुनिया थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सन्तराम पुत्र बाबूराम, मोहित पुत्र रामलाल, गोलू उर्फ शनी देवल पुत्र राममिलन, प्रमोद निवासीगण सेहरिया नई दुनिया थाना परसरापुर के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी मंगलवार को चल रहा था। इस दौरान वहां पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी पहुंचे और उन्होंने परेड का



**बस्तीः परेड करते पुलिस के जवान।** फोटो : एसएनबी

पुलिस लाइन में पहुंचे, जहां पर पुलिस जवानों के चल रहे साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विन्दुवार पहलुओं को देखा। अभिलेखो तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए जरूरी दिशा निर्देश भी दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस लाइन में जवानों का साप्ताहिक परेड निरीक्षण किया। इसके पहले पुलिस के जवानों ने एएसपी के पहुंचने पर उन्हे सलामी चार्टरगार्ड दिया। वह पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ में शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, परिवहन शाखा ,कैन्टीन , मेस, बैरक आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई एवं अभिलेखों के रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देशित दिया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित तमाम पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीएम में दरिंदगी के नहीं मिले सबूत

**फॉलोअप**

- कोतवाली क्षेत्र के भैंसहिया में सोमवार को मिला था महिला का शव
- संतकबीरनगर के बंधूपुर की निवासनी थी फूलकुमारी उर्फ मोना

**बस्ती।** कोतवाली थानांतर्गत भैंसहिया गाँव के पास सोमवार को मिली युवती लाश का पीएम मंगलवार को हुआ।मौत पानी में डूबने की वजह से हुई बताई गई। पोस्टमार्टम में इसकी पुष्टि हुई। उसके गले और पेट में मिट्टी भी पाई गई। इससे लगता है कि वह जीवित अवस्था में मुंह के बल पानी में गिरी, जिससे पानी के साथ कीचड़ भी उसके मुंह में भर गया। संतकबीरनगर के महुली थाने के बंधूपुर निवासी फूलकुमारी उर्फ मोना के पिता राजमन के अलावा उसकी माता, भाभी आदि पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे।

उन लोगों ने बताया कि करीब दो साल पहले उसकी शादी बाराबंकी में हुई थी। उसके पति से किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। इसलिए वह लगभग छह महीने से उनके पास बंधूपुर में रहती थी। पिता के अनुसार उसे पेट की बीमारी थी। उसी का इलाज कराने वह रक्षा बंधन के दूसरे दिन बस्ती जाने के लिए निकली थी। मगर भद्रेश्वरनाथ के रास्ते पर कैसे पहुंच गई इसके बारे में किसी को कुछ जानकारी नहीं है। बता दें कि सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के डारीडीहा से भद्रेश्वरनाथ के बीच भैंसहिया ग्राम सभा के बार्डर पर पुलिया के नीचे पानी में युवती का शव मिला था। भैंसहिया के ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव काफी हद तक सड़ चुका था। दाहिने हाथ में फूल कुमारी का गोदना (टैटू) और बाएं हाथ में बिच्छू बना हुआ था।

कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि गोदना के जरिए उसकी शिनाख्त महुली थाने के बंधूपुर निवासी फूलकुमारी के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि परिवार के लोगों ने यहां कुछ भी लिखित तहरीर नहीं दिया है। उन लोगों ने महुली थाने में गुमशुदगी की तहरीर दिया था। जिसके आधार पर महुली थाने में गुमशुदगी दर्ज कर वहां की पुलिस तफ्तीश कर रही है।

# काली पट्टी बांध शिक्षकों ने किया सांकेतिक विरोध

बस्ती। शिक्षक दिवस पर माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के आह्वान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा-21 शिक्षकों को सेवा सुरक्षा, धारा-18 वरिष्ठ प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति और धारा-12 सहायक अध्यापकों को प्रवक्ता पद पर पदोन्नति का अवसर प्रदान करती थी। जिसे समाप्त किए जाने पर मंगलवार को काफी संख्या में शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने शिक्षक दिवस नहीं मनाया। प्रदेश कोषाध्यक्ष बिजेन्द्र वर्मा ने कहा कि इन धाराओं को यदि अधिनियम में यथास्थान नहीं देकर सेवा सुरक्षा नहीं प्रदान किया गया तो वे सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# पुरानी पेंशन नीति बहाली को लेकर गरजे शिक्षक

- बीएसए कार्यालय पर धरना देकर मांगा हक, 18 सूत्री ज्ञापन सौंपा
- जिलाध्यक्ष बोले, मांगे नहीं मानी गईं तो और तेज होगा आंदोलन

बस्ती, निज संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। जिलेभर से जुटे शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अगुवाई में पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 मांगों के समर्थन में गरजे। प्रभारी बीएसए नीरज सिंह और डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

धरने को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि पिछले एक माह से पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही 18 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही जन प्रतिनिधियों को मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि यदि मांगे न मानी गई तो संघ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सितम्बर माह में महानिदेशक कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवपूजन आर्य, संयुक्त मंत्री राजेश गिरी, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी, शिवप्रकाश सिंह, उमाकान्त शुक्ल, प्रवीन श्रीवास्तव, सविता पांडेय, सुरेश गौड़, वीरेन्द्र शुक्ल, अमित सिंह आदि ने कहा कि पुरानी पेंशन नीति बहाली, राज्य कर्मचारियों की तरह शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सा, माध्यमिक की भांति चयन वेतनमान, ऑनलाइन कार्यों पर रोक, प्रोन्नति वेतनमान आदि मांगों को उठाया। समीउल्लाह अंसारी ने शिक्षक समस्याओं को विस्तार से रखा।

धरने में रीना कन्नौजिया, शिल्पी पांडेय, रेहाना परबीन, रूकनुद्दीन, रजनी, श्वेता, देवेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश, संतोष पांडेय, हरिओम यादव, गंगा प्रसाद, रामसागर, रामपियारे, रंजन सिंह, दिनेश सिंह, विवेक सिंह, अशोक यादव, संजय चौधरी व अन्य मौजूद रहे।



बीएसए कार्यालय पर मंगलवार को धरने को संबोधित करते जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह और मंचासीन पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

## हापुड़ में लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, अदालतों में कामकाज हो रहा है प्रभावित

# वकीलों ने फूंका मुख्य सचिव का पुतला

**आक्रोश**

बस्ती, निज संवाददाता। हापुड़ कांड के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल लगातार जारी है। अदालत परिसरों में कामकाज पूरी तरह से ठप है। हड़ताल की वजह से वादकारी परेशान हैं। इन्हें न्याय मिलने की जगह तारीख दी जा रही है। मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में वकीलों ने मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंका और शासन विरोधी नारे लगाए। बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायालय के गेट नंबर-दो के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और हापुड़ केस में की गई मनमानी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज और दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन लगातार जारी है।

जिला न्यायालय से लेकर सभी तहसील मुख्यालयों पर वकीलों ने तालाबंदी की और नारेबाजी करते हुए मुख्य सचिव और डीजीपी का पुतला जलाया। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के मद्देनजर कहीं पर भी न्यायिक कार्य नहीं हुआ।

प्रदर्शन करने वालों प्रमुख रूप से सिविल बार के अध्यक्ष अजय सिंह, महामंत्री शिवपूजन मिश्र, पूर्व अध्यक्ष बद्री प्रसाद दुबे, यंगबार के जिलाध्यक्ष विनोद भट्ट, जनपद बार के अध्यक्ष रजनीश दुबे, महामंत्री रमेश पाण्डेय, मीना सिंह, कृष्ण मोहन उपाध्याय, दिलीप श्रीवास्तव, कुलदीप जोशी, हरिकृष्ण मिश्रा, देवव्रत उपाध्याय आदि तमाम अधिवक्ता गण शामिल रहे।

**बैठे रहे तीन-तीन एसडीएम होता रहा पुतला दहन :** संयुक्त बार की ओर लगातार चल रहा वकीलों का हड़ताल अब धीरे-धीरे उग्र रूप लेने लगा है। कलक्ट्रेट परिसर में जहां धरना-प्रदर्शन तक करने की सख्त पाबंदी रहती है, वहीं पर यूपी सीएस व डीजीपी का पुतला दहन हुआ। खाकी खामोश रही तो मौके पर मौजूद तीन-तीन एसडीएम डीएम के चेंबर में बैठे तमाशा देखते रहे और बाहर भी नहीं निकले।


मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला दहन करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

### तहसीलों पर भी आंदोलनरत रहे अधिवक्ता

भानपुर/रुधौली/हर्रैया। हापुड़ कांड के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल भानपुर, रुधौली और हर्रैया तहसील में दिखी। बार एसोसिएशन तहसील से जुड़े अधिवक्ताओं ने मंगलवार को तहसील परिसर में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक का पुतला जलाया। इससे पूर्व समस्त अधिवक्ताओं ने बार कौंसिल ऑफ इलाहाबाद के आह्वान पर एसोसिएशन के सभागार भानपुर में बैठक की। इस बाबत एसडीएम आशुतोष तिवारी को प्रस्ताव भी सौंपा। बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, लोकनाथ उपाध्याय, राजेश त्रिपाठी, रविन्द्र विक्रम सिंह, केपी सिंह सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पुलिस व आबकारी की हुई संयुक्त बैठक

घघौवा। छावनी थाना परिसर में आबकारी व पुलिस की ओर से संयुक्त बैठक की गई। बैठक में अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने की सूचना व इस अवैध धंधे में संलिप्त आरोपियों के बारे में सूचनाएं विभाग से आदान-प्रदान करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान चौकीदारों को क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ने अपना मोबाइल नम्बर उन्हें नोट कराया गया तथा समस्त चौकीदारों के मोबाइल नंबर आबकारी विभाग के रजिस्टर पर अंकित किया गया।

# सिविल बार के पूर्व अध्यक्ष का निधन

बस्ती। सिविल बार के पूर्व अध्यक्ष और जिले के वरिष्ठ वकील अयोध्या प्रसाद शुक्ल का मंगलवार की देर शाम निधन हो गया। वह तकरीबन 80 वर्ष के थे, पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से अधिवक्ताओं में शोक छा गया। उन्होंने जीवनपर्यन्त फौजदारी की वकालत की और सिविल बार एसो. के वह कई बार अध्यक्ष रहे। देर शाम उनकी मृत्यु की सूचना लगते ही सिविल बार एसो. के महामंत्री शिवपूजन मिश्र, एडवोकेट वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ शुक्ल, महासचिव दिलीप श्रीवास्तव, जनपद बार एवं सिविल बार, कमिश्नर बार व यंग बार से जुड़े तमाम अधिवक्ताओं में शोक की लहर छा गई।

---

# बस्ती रेंज को सूबे में मिला प्रथम स्थान

**आईजीआरएस रैंकिंग**

- 1259 प्रार्थनापत्रों का शत-प्रतिशत हुआ निस्तारण
- आईजी रेंज लगातार तीसरे माह रहा सूबे में अव्वल



पुलिस महानिरीक्षक रेंज आरके भारद्वाज।

बस्ती, निज संवाददाता। जनसुनवाई पोर्टल (आइजीआरएस) शिकायतों के निस्तारण में बस्ती रेंज ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। बस्ती रेंज को माह अगस्त में कुल 1259 शिकायतें मिलीं। सभी शिकायतें गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सॉल्व हुईं।

आईजीआरएस शाखा ने लगातार तीसरे माह शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने बताया कि आठ माह में छठवीं बार परिक्षेत्रीय कार्यालय की आईजीआरएस टीम को यह उपलब्धि मिली। जिसमें माह जून, जुलाई और अगस्त में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान लाया गया। कहा कि वे भविष्य में इसी तरह मेहनत और लगन से कार्य करें। आईजी ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण पुलिस सेवा की प्राथमिकताओं में से एक है। परिक्षेत्र स्तर पर बेहतर काम के लिए आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने सितंबरमाह में भी रेंज के तीनों जिले में आईजीआरएस से जुड़ी शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं, ताकि प्रथम स्थान लगातार बना रहे। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र ने जनता से जुड़े मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में माह जून और जुलाई 2023 में लगातार दो बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



चुनाव कराने के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टी। ● हिन्दुस्तान

# प्रधानों के लिए 10 बूथों पर मतदान आज

बस्ती। जिले के दो ब्लॉक क्षेत्र में तीन ग्राम प्रधानों के लिए बुधवार को वोट डाले जाएंगे। मंगलवार को दिन में तीनों ग्राम पंचायतों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। बता दें कि दुबौलिया ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतों और परशुरामपुर के एक ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए मतदान होना है। यह मतदान छह अगस्त को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। ब्लॉक दुबौलिया के रानीपुर लाद व दुबौलिया ग्राम पंचायत में मतदान होना है।

# पिता ने पुत्र पर किया हथियार से हमला

हरैंया। कस्बे के वार्ड नंबर-12 गांधीनगर में मंगलवार की सुबह आठ बजे पिता ने अपने बड़े बेटे पर फावड़ा से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया।

वार्ड निवासी अब्दुल करीम (26) सुबह आठ बजे सोकर जैसे ही कमरे से बाहर निकला तभी पिता अब्दुल ने अब्दुल पर लाठी और फावड़े से हमला कर दिया। घटना को देखकर बीचबचाव करने पहुंची पत्नी नरगीसा खातून को भी घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची हरैंया पुलिस ने घायल का बयान दर्ज किया है।

# सफाई कर्मियों ने दिया ज्ञापन

बस्ती। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायतराज सफाई कर्मचारी संघ ने जिलाध्यक्ष महेन्द्र चौहान के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में सफाई कर्मियों के ऑनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक बताते हुए विरोध जताया और कहा कि यह निर्णय अव्यवहारिक है। ज्ञापन में सफाई कर्मियों ने कहा कि ऑनलाइन हाजिरी से कार्य प्रभावित होगा। ज्ञापन देते समय जयराम यादव, संतोष तिवारी, विशम्भरनाथ, बैजनाथ आदि मौजूद रहे।

# अधूरी छोड़ी गई मुख्य सड़क पर लग रहा जाम

**बस्ती, निज संवाददाता।** बस्ती-कांटे मुख्य मार्ग पर टीबी हॉस्पिटल के पास दिन के समय घंटों जाम लग रहा है। वहां पर सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। एक ओर की सीसी रोड तैयार कर दी गई है, दूसरी ओर के हिस्से के निर्माण के लिए वहां पर यातायात वनवे कर दिया गया है। कार्यदायी संस्था की ओर से वहां पर जाम से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसका खामियाजा बच्चे, महिलाएं, मरीज और व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल के आगे सड़क के किनारे नाले का निर्माण नहीं होने के कारण सड़क पर बरसात का पानी भर जाता है। इससे वहां की सड़क बार-बार टूट जा रही है। इससे निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से वहां पर लगभग 400 मीटर सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग दो माह पूर्व सड़क के एक तरफ सीसी रोड का निर्माण करा दिया गया है। दूसरी ओर के हिस्से में सड़क पर गिट्टी आदि डालकर उसे बंद करा दिया गया है। एक समय में अगर दोनों ओर से उस पर वाहन आ जाते हैं तो जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।



टीबी अस्पताल के पास निर्माणाधीन सड़क पर लगा जाम। ● हिन्दुस्तान

दिन के समय यहां पर घंटों जाम लग रहा है। जाम में व्यापारी, छात्र, मरीज, कोर्ट कार्यालय जाने वाले लोग फंस जा रहे हैं। लोग जाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं। कार्यदायी संस्था व विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

- **आशुतोष राय**, दवा व्यवसायी, जिला अस्पताल

जहां सड़क का निर्माण हो रहा है, वहां पर दो बड़े सरकारी अस्पताल के साथ ही कई निजी अस्पताल, पैथॉलोजी सेंटर और दुकानें हैं। मेडिकल कॉलेज के लिए भी रास्ता यहीं से जाता है। जाम से सभी परेशान हैं।

-**प्रवीण त्रिपाठी**, रेस्टोरेंट व्यवसायी

# जानलेवा हमले का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त सत्येन्द्र पुत्र रघुबर निवासी मरवटिया थाना धनघटा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त ने 09 जून को वादी हनुमान प्रसाद निवासी मरवटिया के पिता को लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था।

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वांछित आरोपित दुष्कर्मी को दबोच कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त अभिषेक सिह पुत्र अर्जुन सिह निवासी औराडांड़ थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को हैंसर बाजार ब्लाक के पास से गिरफ्तार किया।

# भूमि की कमी से लटका अग्निशमन केंद्र

## बनकटी, मुंडेरवा व कलवारी में नहीं बन पाया केंद्र, गौर में भूमि के बावजूद कार्य शुरू नहीं

जागरण संवाददाता, बस्ती : गौर और बनकटी विकास खंड में जमीन मिलने के दो साल बाद भी अग्निशमन केंद्र का निर्माण शुरू नहीं हो सका। वहीं कलवारी में अग्निशमन केंद्र के लिए मिली भूमि कम होने के कारण दूसरी भूमि तलाशी जा रही है। मुंडेरवा में भूमि तो मिली, मगर अभी उसका जिलाधिकारी के स्तर से आवंटन की कार्यवाही होनी बाकी है। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि भूमि क्लीयर न होने के कारण अब तक इन स्थानों पर अग्निशमन केंद्र के निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी।

दो वर्ष पूर्व गौर ब्लाक के जलालाबाद गांव में अग्निशमन केंद्र के निर्माण के लिए जमीन मिलने के बाद उसे अग्निशमन विभाग को आंवटित भी कर दिया गया। महेशगंज- पचपेड़वा मार्ग पर कुल पांच हजार वर्ग मीटर भूमि में अग्निशमन केंद्र का निर्माण कराने की योजना भी तैयार कर ली गई मगर बाद में जमीन को लेकर विवाद हो गया।

किसी ने जमीन को लेकर कोर्ट में आपत्ति दाखिल कर दी। वहीं बनकटी ब्लाक के सजनाखोर ग्राम पंचायत में अग्निशमन केंद्र के लिए जो भूमि चिन्हित की गई, वह बनकटी नगर पंचायत में चली गई। ऐसे में यह भूमि नगर पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आ गई।

नगर पंचायत ने अभी इस भूमि को अग्निशमन विभाग को आवंटित नहीं किया है। दोनों स्थानों पर अग्निशमन केंद्र के निर्माण की मांग विधानसभा में क्षेत्रीय विधायकों ने की थी। वहीं कलवारी में अग्निशमन केंद्र के निर्माण को अब तक निर्धारित जमीन नहीं मिल पाई है। एक जगह जमीन मिली थी मगर वह कम पड़ गई। इस वर्ष मुंडेरवा में अग्निशन केंद्र का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव था। भूमि मिल गई, मगर अभी तक उसका जिलाधिकारी के स्तर से भूमि का आवंटन नहीं हो सका है। कुल पांच हजार वर्ग मीटर भूमि में अग्निशमन केंद्र का निर्माण कराया जाना है।


जलालाबाद गांव के पास लगा प्रस्तावित अग्निशमन केंद्र का बोर्ड • जागरण

> कलवारी में दूसरी जमीन तलाशी जा रही है। गौर ब्लाक के जलालाबाद में मिली भूमि विवाद में पड़ गई, जबकि बनकटी के सजनाखोर ग्राम पंचायत में मिली भूमि को नगर पंचायत बनकटी ने अभी विभाग को आवंटित नहीं किया। मुंडेरवा में डीएम के स्तर से भूमि का आंवटन होना है।
>
> यतींद्रनाथ, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

# अधिवक्ताओं ने पुलिस महानिदेशक का फूंका पुतला

## हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज का मामला, पांचवें दिन अधिवक्ताओं का जारी रहा कार्य बहिष्कार

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर जनपद के अधिवक्ता मंगलवार को भी कार्य से विरत रहे। काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक व मुख्य सचिव पुतला फूंक विरोध जताया।

हापुड़ जिले में निहत्थे अधिवक्ताओं पर बर्बरता व कायरतापूर्ण तरीके से किए गए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश के अधिवक्ता आंदोलनरत हैं। मंगलवार को आंदोलन में वरिष्ठ अधिवक्ताओं की भी मौजूदगी देखी गई। जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर भारी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज करा कर सरकार की नीतियों के प्रति विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने प्रदेश के मुखिया के आह्वान पर कचहरी परिसर में प्रदेश के पुलिस व प्रशासन के मुखिया का पुतला दहन किया। कार्यक्रमों में विशेष रूप से पूर्व अध्यक्ष रमा शंकर पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता जंग बहादुर सिंह, राम सुरेश वर्मा, संतोष त्रिपाठी, राकेश पांडेय, दिनेश नारायण त्रिपाठी, वीरेंद्र यादव, रामकृष्ण पाठक, धर्मेंद्र यादव, रोली त्रिपाठी, रहमतुन्निशा, शशि यादव आदि अधिवक्ता शामिल रहे।


रुधौली तहसील पर पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण


कलेक्ट्रेट पर पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

**रुधौली में भी पुतला फूंका, रुधौली:** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किया गए पुलिस की कारंवाई से आंदोलित रुधौली तहसील के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आह्वान पर तहसील परिसर में पुलिस महानिदेशक एवं मुख्य सचिव का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम गिरीश कुमार झा व तहसीलदार सत्येंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। रुधौली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय के साथ श्याम नारायण सिंह, हरिश्चंद्र शर्मा, प्रमोद सिंह, हरिनारायण सिंह, दिनेश लाल, परमेंद्र सिंह, राजेश सिंह, रमेश सिंह, दुर्योधन प्रसाद समेत अन्य अधिवक्ताओं ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया। न्यायालय परिसर में घुसकर अधिवक्ताओं को पीटा गया। मामले में हापुड़ के डीएम, एसपी के अलावा दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।

# लोक बाधा उत्पन्न करने के मामले में सम्मन

दुबौलिया, बस्ती : दुबौलिया पुलिस द्वारा एक ही गांव के कुछ लोगों के खिलाफ लोक बाधा उत्पन्न करने की धारा में कार्यवाही की गई है। हालांकि जिनके विरुद्ध संबंधित धारा में कार्रवाई की गई उनको इसकी जानकारी तब हुई जब उनके घर जब सम्मन पहुंचा। दुबौलिया पुलिस द्वारा डेईडीहा बुजुर्ग गांव में रितरचू, धर्मेंद्र, सोनू, राकेश, संतोषी, कृष्णचंद्र, शत्रुघ्न आदि ग्रामीणों पर भादवि की धारा 290 के तहत कार्यवाही की गई। उन्हें आठ सितंबर को पेशी के लिए कोर्ट से सम्मन जारी हुआ है। दुबौलिया थानाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह ने बताया ऐसे व्यक्ति जो सड़क पर पानी गिराते हैं, मार्ग अवरुद्ध करते हैं, सड़क मार्ग या सरकारी भूभाग पर अपना कब्जा जमाते हैं, उन लोगों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाती है।

# पुरानी पेंशन के लिए गरजे शिक्षक

## मांगें न मानी गई तो और तेज होगा आंदोलन : चंद्रिका सिंह

जासं, बस्ती : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से पुरानी पेंशन नीति की बहाली सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया गया। धरने में शामिल शिक्षक मांगो को लेकर खूब गरजे। प्रभारी बीएसए नीरज सिंह और जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि पिछले एक माह से पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों के बीच जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही जन प्रतिनिधियों को मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 4 सितंबर को ही धरना देना था किंतु राज्यपाल के आगमन के कारण पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन धरना देने का फैसला किया गया। कहा कि यदि मांगे न मानी गई तो संघ सितंबर में महानिदेशक कार्यालय पर मांगों के संबंध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जायेगा।

धरने को संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवपूजन आर्य, संयुक्त मंत्री राजेश गिरी, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, उमाकान्त शुक्ल, प्रवीन श्रीवास्तव, सविता पाण्डेय, सुरेश गौड़, शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ल, अनुदेशक संघ अध्यक्ष अमित सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन समीउल्लाह अंसारी ने किया।



जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते शिक्षक • जागरण

यह रही मांगें

पुरानी पेंशन, राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा व अन्य सुविधा दिये जाने, परिषदीय विद्यालयों में पदोन्नति, अंतरजनपदीय स्थानान्तरण, प्रतिकर अवकाश, विद्यालय में अध्ययन समयावधि, माध्यमिक की भांति चयन वेतनमान, आन लाइन कार्यों पर रोक, प्रोन्नति वेतनमान, दिव्यांग शिक्षकों को वाहन भत्ता, मृतक शिक्षकों के आश्रितों को शिक्षक पद पर नियुक्ति, परिषदीय विद्यालयों में लिपिक व चौकीदार नियुक्त किये जाने के मुद्दे उठाये।

धरने में रीना कन्नौजिया, शिल्पी पांडेय, रेहाना परवीन, रजनी, श्वेता, देवेन्द्र सिंह, सत्य प्रकाश, सन्तोष पांडेय, हरिओम यादव, गंगा प्रसाद, राम सागर, राम पियारे, रंजन सिंह, दिनेश सिंह, विवेक सिंह, अशोक यादव, संजय चौधरी, शिवरतन, रामभवन, अखिलेश पांडेय, गौरव चौधरी, अमित सिंह, रमाकान्त चौधरी, सुरेन्द्र यादव, रूखसार, रंजना चौधरी, श्वाती, कान्ती सेन, वंदना, आयशा खातून, परवीन जहां, नीतू सिंह, कमला यादव सहित अन्य शामिल रहे।

# आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में बस्ती रेंज कार्यालय फिर अव्वल

जागरण संवाददाता, बस्ती: परिक्षेत्रीय कार्यालय के आइजीआरएस शाखा द्वारा जून, जुलाई के बाद अगस्त में भी लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान हासिल किया गया है। विगत आठ माह में इस आइजी बस्ती के परिक्षेत्रीय कार्यालय ने छठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती को अगस्त 2023 में भी आइजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान दिलाने में प्रभावी भूमिका निभाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया। कहा कि भविष्य में भी इसी तरह मेहनत व लगन से कार्य करें और दूसरे कर्मचारियों को भी प्रेरित करें। इस शाखा द्वारा अगस्त 2023 में कुल 1259 शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराया जा चुका है। जन समस्याओं का निस्तारण पुलिस सेवा की प्राथमिकताओं में से एक है। जिससे जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा हो सके।



आरके भारद्वाज • सौ. पुलिस विभाग

## एसपी ने शहर में किया पैदल भ्रमण

बस्ती : पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने त्योहारों के दृष्टिगत बस्ती शहर में मंगलवार की देर शाम पैदल भ्रमण किया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। त्योहार को आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाने की अपील की गई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद, कोतवाल विनय पाठक सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## भूमि विवाद को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

बस्ती : परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सेहरिया नई दुनिया गांव निवासी रुकमीना पत्नी अर्जुन निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि तीन सितंबर को भूमि विवाद को लेकर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उनको व उनकी बेटी को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संतराम, मोहित, गोलू उर्फ शनी देवल व प्रमोद के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुरानी पेंशन को लेकर मंडलायुक्त से मिले शिक्षक

बस्ती : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, प्रभारी जिलाधिकारी राजेश प्रजापति से मिला और उन्हें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित एक सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के साथ ही अंतरजनपदीय स्थानान्तरण से आये शिक्षकों के जुलाई, अगस्त के वेतन भुगतान कराये जाने की मांग की गई है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि मंडलायुक्त ने शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल को आश्वासन दिया कि ज्ञापन संबंधित को भेज दिया जायेगा। शिक्षक नेता उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विजय प्रकाश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह आदि मौजूद रहे। विज्ञप्ति

# पुराने विवाद को लेकर मारापीटा, मुकदमा

बस्ती : परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बेनीनगर निवासी अनूप पांडेय ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि तीन सितंबर कोकुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहा और मारा पीटा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने हिमांशु पांडेय, सत्यम पांडेय, दिनेश पांडेय निवासीगण बेनीनगर, राहुल तिवारी धोबही पर केस दर्ज किया है।

# नौकरी दिलवाने का झांसा देने वालों से रहें सावधान, डूब सकते हैं रुपये

## सामने आ रहे जालसाजी के मामले, सरकारी व निजी कंपनियों में अच्छे वेतन का करते हैं दावा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसमें कोई साइबर अपराधी नहीं बल्कि अपने ही सगे संबंधी झांसा देकर रुपए ऐंठ ले रहे हैं।

अपने ऊंचे संबंधों की दुहाई देकर मित्र रिश्तेदार के बेटे बेटियों को नौकरी दिलवाने का झांसा देते हैं और रुपए लेकर हड़प लेते हैं।

**केस 1** वाल्टरगंज थाने के गनेशपुर टोला बेलवा जोर निवासी सुजीत कुमार के बेटे अर्जुन कुमार को जिला अस्पताल बस्ती में सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने के लिए एक व्यक्ति ने एक लाख रुपये की मांग की। सुजीत ने अपने लड़के अर्जुन कुमार के फोन-पे के माध्यम से 38 हजार रुपये सुजीत कुमार के खाते में भेज दिया। इसके बाद 50 हजार रुपये नकद सुजीत कुमार को दिया। उसके बाद भी आरोपी 30 हजार रुपये मांगने लगा। शक होने पर राम प्रकाश ने रुपये वापस मांगे तो सुजीत कुमार ने मना कर दिया। आनाकानी करने के साथ ही वह जान से मारने की धमकी भी देने लगा। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**केस 2** ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर लड़की से 7.30 लाख रुपये की ठगी की गई। बभनान के महागौरी नगर निवासी वंशिका जायसवाल ने गौर थाने में तहरीर दी। जिसमें बताया कि एक अज्ञात वाट्सएप ग्रुप और टेलीग्राम ग्रुप के जरिये सुहानी शर्मा व संजय शर्मा ने फीमेल जॉब दिलाने का झांसा दिया। दोनों ने सात लाख 30 हजार रुपये अपने खाते में मंगवा लिए, जिसके बाद ग्रुप बंद कर दिया। पुलिस ने सुहानी शर्मा और संजय सिंह पता अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

**केस 3** पैकोलिया पुलिस ने 31 अगस्त को एक ऐसे शातिर को गिरफ्तार किया था, जो खुद को सचिवालय का अधिकारी बताकर ग्राम प्रधानों को झांसे में लेता था। उन्हें भरोसा दिलाता था कि वह बाल विकास विभाग में नौकरी लगवा देगा। इसके बदले वह यूपीआई से एक लाख रुपये मंगवाता था। इस जालसाज के जाल में फंसकर 19 जून को पैकोलिया थानाक्षेत्र के बड़ेरिया कुंवर निवासी विक्रमाजीत ने केस दर्ज कराया था। पुलिस ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की तो पता चला कि ठगी करने वाला व्यक्ति अनिल सिंह का साथी प्रवीण कौशल पांडेय उर्फ भवानी उर्फ संतोष कुमार पांडेय निवासी बरसैनी थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर है।

### सावधानी ही बचाव का जरिया

- सरकारी विभाग में नौकरी दिलवाने के झांसे में न आएं।
- ऐसा वादा करने वाले के बारे में ठीक तरीके से पता करें।
- जान लें कि बिना परीक्षा, साक्षात्कार के कहीं नहीं मिलती नौकरी।
- रिश्तेदार या मित्रों की बातों पर भी आंख मूंदकर न करें भरोसा।
- किसी को इसके लिए रुपये दें तो उसका लिखित प्रमाण जरूर रखें।
- कोई झांसा देकर रुपये मांगे तो पुलिस से बिना संकोच शिकायत करें।

# तीन ग्राम पंचायतों में प्रधान पद के लिए उपचुनाव आज

## दुबौलिया, रानीपुर लाद व सिकंदरपुर में होगा उपचुनाव, पोलिंग पार्टियां रवाना

संवाद न्यूज एजेंसी

दुबौलिया/ परशुरामपुर। ग्राम पंचायतों में रिक्त चल रहे प्रधान पद के लिए छह सितंबर, बुधवार को मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। मंगलवार को ब्लॉकों से पोलिंग पार्टियां चुनाव के लिए रवाना हुईं। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबौलिया व रानीपुर लाद में बुधवार को प्रधान पद का चुनाव होगा।

मंगलवार को ब्लॉक से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। दुबौलिया में मतदान केंद्र पर तीन बूथ बनाए गए हैं, यहां 1843 मतदाता मतदान करेंगे। जबकि रानीपुर लाद मतदान केंद्र पर तीन बूथ बनाए गए हैं यहां करीब 2032 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। परशुरामपुर प्रतिनिधि के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम पंचायत हैदराबाद में प्रधान पद का उप चुनाव बुधवार को होगा। आरओ प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हैदराबाद में करीब तीन हजार मतदाता हैं। नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिए चार बूथ बनाए गए हैं। मंगलवार को पोलिंग पार्टी मतदान कराने के लिए रवाना हुई।



प्रधान पद का चुनाव कराने के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टी। संवाद

# फेरीवाले के घर में लगी आग सामान नष्ट

**परशुराम्पुर।** थाना क्षेत्र के रोहदा गांव में सोमवार रात बिजली की शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिसमें गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। रोहदा गांव निवासी अब्दुल रऊफ पुत्र वसीर अहमद सोमवार की रात भोजन करने के बाद परिवार के सदस्यों के साथ छत पर सोए थे।

रात करीब 11 बजे घर के एक कमरे में शार्ट सर्किट से आग लग गई। अब्दुल रऊफ ने बताया कि वह श्रृंगार प्रसाधन का सामान गांव में फेरी लगाकर बेचते हैं। हाल ही में कुछ सामान बेचने के लिए लाया था। मगर आग लगने से सारा सामान जल गया। संवाद

# मारपीट में आठ नामजद

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस संबंध में सेहरिया नई दुनिया गांव निवासी रुकमीना ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि विपक्षियों ने जमीन के विवाद को लेकर उसे व उसकी लड़की को मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने सन्तराम, मोहित, गोलू उर्फ शनी देवल और प्रमोद के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के बेनीनगर में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में अनूप पांडेय ने तहरीर दी। जिसमें गांव के हिमांशु पाण्डेय, सत्यम पांडेय, दिनेश पांडेय निवासी बेनीनगर और राहुल तिवारी निवासी धोबही पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# डेईडीहा के 11 लोगों के घर पहुंचा समन

**दुबौलिया।** दुबौलिया पुलिस ने डेईडीहा बुजुर्ग गांव के 11 लोगों का पुलिस ने लोक बाधा उत्पन्न करने के आरोप में चालान किया है। इसकी जानकारी मंगलवार को उन्हें तब हुई जब उनके घर न्यायालय में पेशी का समन पहुंचा। दुबौलिया थानाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह ने बताया लोक बाधा उत्पन्न करने के आरोप में इन सभी पर कार्रवाई की गई है। सभी को आठ सितंबर को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश है। संवाद

# एएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**बस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पुलिस लाइन में मंगलवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद सलामी क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, परिवहन शाखा, कैंटीन, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ सफाई एवं अभिलेखों के रखरखाव के लिए संबंधित को निर्देशित कर अर्दली रूम किया।

## आरोपी गिरफ्तार किशोरी मुक्त

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने किशोरी को भगा कर ले जाने के आरोपी सुंदरम सिंह उर्फ गोलू निवासी बसडिलिया थाना सोनहा को दोपहर करीब दो बजे तुसायल मोड़ दुबौली से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से अपहृता किशोरी को मुक्त कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। संवाद

# शिक्षकों ने धरना देकर दिखाई ताकत

## पुरानी पेंशन के लिए उठाई आवाज, मांगें पूरी न होने पर करेंगे अनिश्चितकालीन धरना






बीएसए कार्यालय परिसर में धरना सभा में शामिल शिक्षकों को संबोधित करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर 18 सूत्री मांगों के लिए मंगलवार को शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय परिसर में धरना दिया। इसके बाद प्रभारी बीएसए नीरज सिंह और डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया।

संघ जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के साथ ही 18 सूत्री मांगों के लिए शिक्षक लगातार संघर्ष कर रहे हैं। पहले धरना का कार्यक्रम चार सितंबर को प्रस्तावित था लेकिन जिले में राज्यपाल के होने के चलते इसे स्थगित कर दिया गया है। कहा कि यदि शिक्षकों की मांगों पर काई कार्रवाई नहीं शुरू की गई तो अब महानिदेशक शिक्षा के कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

धरने को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवपूजन आर्य, संयुक्त मंत्री राजेश गिरी, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, उमाकांत शुक्ल, प्रवीन श्रीवास्तव, सविता पांडेय, सुरेश गौड़ आदि ने भी संबोधित किया।

मौके पर वीरेंद्र शुक्ल, अमित सिंह, समीउल्लाह अंसारी, रीना कन्नौजिया, शिल्पी पांडेय, रेहाना परवीन आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में बस्ती रेंज अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परिक्षेत्रीय कार्यालय के आईजीआरएस शाखा ने लगातार तीसरे माह शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। माह अगस्त 2023 में कुल 1259 प्रार्थनापत्र/फीडबैक का शत-प्रतिशत निस्तारण कराया जा चुका है।

### 1259 प्रार्थनापत्रों का शत प्रतिशत हुआ निस्तारण

आईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि आठ माह में छठवीं बार परिक्षेत्रीय कार्यालय की आईजीआरएस टीम को यह उपलब्धि मिली है। जिसमें जून, जुलाई तथा अगस्त में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान आया है। इसके लिए आईजी ने अपनी पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया है। कहा कि वे भविष्य में इसी तरह मेहनत व लगन से कार्य करें। दूसरे कर्मचारी भी इनसे प्रेरणा लें।

आईजी ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण पुलिस सेवा की प्राथमिकताओं में से एक है। जिससे जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा हो सके।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# शिकायतों के निस्तारण में सिद्धार्थनगर रहा अव्वल

- पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी हुई अगस्त माह की मासिक रैंकिंग
- एसपी अभिषेक अग्रवाल ने सभी क्षेत्र में बेहतर करने का किया आह्वान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में माह अगस्त की मासिक रैंकिंग में सिद्धार्थनगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने सभी क्षेत्रों में बेहतर परिणाम देने का मातहतों से आह्वान किया है।

पुलिस मुख्यालय पुलिस विभाग की कार्यशैली पर नजर रखते हुए हर माह रैंकिंग जारी करती है। सोमवार को जिले की पुलिस को टॉप टेन अपराधियों में से सात को सजा दिलाने को लेकर प्रदेश में पहला स्थान मिला था अब आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में माह अगस्त में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

शिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो का एक निश्चित समय दिया जाता है जिसे उन संदर्भो को नियत समयावधि में निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जांच जांचकर्ता अधिकारी मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर विधिक कार्रवाई करते हैं।

# रिश्वत मांगने के आडियो में एक और दरोगा सस्पेंड

- त्रिलोकपुर थाने पर तैनात दरोगा प्रमोद पाण्डेय पर हुई कार्रवाई
- चार दिन पहले इसी थाने के दरोगा भीम सिंह भी हुए थे निलंबित

भनवापुर, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर थाने पर तैनात नायब दरोगा का आडियो रविवार को एक महिला के मामले में गंगाराम नाम के व्यक्ति के साथ 50 हजार की रिश्वत मांगने संबंधी वायरल हुआ था। एसपी ने मामले को संज्ञान में लेकर मंगलवार को दरोगा को निलंबित कर दिया है। चार दिन पहले भी इसी थाने के एक दरोगा रिश्वत मांगने वाले आडियो के वायरल होने पर निलंबित हो चुके हैं।

त्रिलोकपुर थाने पर तैनात दरोगा प्रमोद पांडेय व बेंव मुस्तहकम गांव की एक महिला के मामले में क्षेत्र के असनहरा माफी गांव निवासी गंगाराम नाम के व्यक्ति से बातचीत का आडियो रविवार को वायरल हुआ था। वायरल आडियो में महिला के मामले में गांगाराम से दरोगा प्रमोद पांडेय से 50 बोल रहा है और कह रहा है महिला को टरका दिया नहीं तो केस दर्ज हो जाता और तुम फंस जाते। उसके बाद दरोगा मौके पर आने की बात कहता साफ सुनाई दे रहा है। इससे पहले दरोगा भीम सिंह का आडियो 31 अगस्त को वायरल हुआ था। वह भी एक व्यक्ति से रिश्वत मांग रहा था। जांच में दोषी पाए जाने पर एसपी ने निलंबित कर दिया था। मंगलवार को दरोगा प्रमोद पांडेय को भी निलंबित कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने कहा कि आडियो वायरल के मामले में दरोगा प्रमोद पाण्डेय को एसपी ने निलंबित कर दिया है।

# 551 ग्राम चांदी संग नेपाली महिला गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जाई जा रही 551 ग्राम चांदी के साथ नेपाली महिला को पकड़ा है। आरोपी महिला व बरामद चांदी को कस्टम कार्यालय ककरहवा को सौंप दिया है। कमांडिंग अधिकारी आरके डोगरा ने बताया कि  महिला ने अपना नाम ज्ञानमोती गुप्ता, पत्नी अलगू तेली निवासी ओढ़वालिया थाना कालीदाह जिला रुपनदेही नेपाल बताया।

# दहेज हत्या के 3 आरोपियों को सात साल की सजा

सिद्धार्थनगर। अपर जिला न्यायाधीश प्रथम अशोक कुमार ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोप सिद्ध होने पर तीन आरोपियों को सात-सात साल की सजा सुनाई है। आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उस्का बाजार थाना क्षेत्र के महुआ माफी गांव निवासी जुगेश पुत्र हरिराम, हरिराम पुत्र गोविंद व उर्मिला पत्नी हरिराम के खिलाफ 2019 में धारा 498 ए, 304 बी, 120 बी के तहत केस दर्ज किया गया था।

# मुनादी कराकर चस्पा की गई 82 की नोटिस

बिस्कोहर। कोलकाता कोर्ट से लंबे समय से फरार चल रहे बिस्कोहर निवासी आरोपित के घर पर मंगलवार को त्रिलोकपुर पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही पूरे कस्बे में डुग्गी मुनादी भी कराई। थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने बताया कि बिस्कोहर कस्बा निवासी तौफीक पुत्र इस्माइल कोलकाता के मेट्रोपोलिटन न्यायालय का वांछित है। काफी दिनों से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश पर उसे पकड़ने की कई बार कोशिश की गई पर वह पकड़ में नहीं आ रहा है।

# अपराधियों पर नकेल के लिए पुलिस चलाएगी 'ब्रह्मास्त्र'

- एंड्राइड सेट न होने पर संबंधित थाने की पुलिस करेगी निगरानी
- जिले के सभी थानों के 86 बदमाशों को अब तक किया गया है चिह्नित

जासं, सिद्धार्थनगरः अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस आपरेशन 'ब्रह्मास्त्र' चलाएगी। चिह्नित बदमाशों से फरार न होने का सहमति पत्र भराया जाएगा। गूगल मैप के जरिए उनकी आनलाइन निगरानी के साथ नियमित अंतराल पर वीडियो काल कर उनका लोकेशन लिया जाएगा। आपरेशन ब्रह्मास्त्र में पुलिस बदमाशों से संपर्क करेगी। पहले चरण में दुराचार से जुड़े 86 बदमाशों को चिह्नित किया गया है। पुलिस की गठित टीमें उन सभी पर अपनी पैनी नजर रखेगी। उनसे सहमति पत्र भरवाने के बाद सभी की आनलाइन मानिटरिंग शुरू हो जाएगी। इसके लिए थाना स्तर पर टीम गठित की गई है। इसमें उपनिरीक्षक के साथ पुलिस बीट अधिकारी को रखा गया है।

अपराध करने के बाद तमाम बदमाश जमानत के बाद घर से फरार हो जाते हैं। कोर्ट में हाजिर न होने पर इनके खिलाफ वारंट की कार्रवाई होती है। कई मामलों में कुर्की तक की नौबत आ जाती है। इसकी वजह से मुकदमा कोर्ट में लंबे समय तक लंबित रहता है। इन समस्याओं से मुक्ति के लिए पुलिस ने ब्रह्मास्त्र का सहारा लिया है। नई व्यवस्था से पुलिस की निगाह हर पल बदमाशों पर होगी।

**एंड्राइड फोन नहीं होने पर घर जाएगी पुलिसः** जिन बदमाशों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं होगा, उसकी निगरानी के लिए संबंधित थाने की पुलिस बदमाश के घर पहुंचेगी। इसके लिए थानेवार टीम बनाई गई है। यह चिह्नित बदमाशों पर निगाह रखेंगे। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे।

> आपरेशन ब्रह्मास्त्र के तहत अब तक 86 बदमाशों को चिह्नित किया गया है। इनकी नियमित लोकेशन ली जाएगी। इस व्यवस्था से कोई बदमाश बिना पुलिस को जानकारी दिये बाहर नहीं जा पाएगा।
> अभिषेक कुमार अग्रवाल, एसपी



**बच्चों के विवाद को लेकर महिला से मारपीटः** महुली, संतकबीर नगरः महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरयापार में बच्चों के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक महिला को लात-घूंसों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। अपनी तहरीर में तरयापार की सावित्री देवी ने लिखा है कि उनके घर के छोटे बच्चों का विवाद गांव के ही कुछ बच्चों से हो गया था। इसी बात को लेकर आरोपितों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# बेहोशी की हालत में पोखरे के पास मिला किशोर

जागरण संवाददाता, विस्कोहर, सिद्धार्थनगर: त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बिस्कोहर के अशोक नगर देवीपुर निवासी 15 वर्षीय किशोर बेहोशी हालत में पोखरे के निकट मिला। किशोर घर से भैंस चराने के लिए गए था। उसके हाथ और पीठ पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि किशोर को मार पीटकर किसी ने वहां फेंक दिया। वार्ड निवासी सन्तराम पुत्र जोखई उर्फ गोगई मंगलवार की सायं करीब चार बजे भैंस चराने के लिए गांव के पूरब तरफ गया था। जो बेहोशी स्थिति में मिला। नहर के पटरी पर दूसरा लड़का जो भैंस चरा रहा था, उसने देखा कि सन्तराम अचेत पड़ा है तो जाकर स्वजन को बताया। आफन-फानन उसे बिस्कोहर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# धूमधाम से मनाई जाएगी जन्माष्टमी

**डुमरियागंज** : जन्माष्टमी के अवसर पर बुधवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन डुमरियागंज थाने में किया गया है। शाम छह बजे से भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भगवान के जन्म के बाद लोगों में प्रसाद वितरण भी होगा। कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी कोतवाल मुकेश राय ने दी। (विज्ञप्ति)



इटवा कस्बे में पैदल मार्च करते पुलिसकर्मी • जागरण

# इटवा में पुलिस ने किया पैदल मार्च

**जासं, इटवा** : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहलुम पर्व दृष्टिगत इटवा पुलिस ने दंगा नियंत्रण रिहर्सल एवं पैदल मार्च के माध्यम से लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। मार्च के दौरान प्रमुख चौराहों पर सड़क की पटरियों से अतिक्रमण को हटाने संबंधित निर्देश भी दिए गए। इटवा थाने पर चौकीदारों की बैठक भी की गई, इसमें उनके दायित्वों बताने के साथ क्षेत्र में पैनी नजर रखने के संबंधित निर्देश दिए।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने पहले इटवा कस्बा स्थित चौराहा व चारों मार्गों पर पैदल मार्च किया। इसके बाद महादेव घुरहू, करहिया, चौखड़ा एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस का मार्च जारी रहा। नागरिकों से अपील की गई कि सभी लोग सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग दें। त्योहार शांति एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाएं, कहीं समस्या आती है तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। उसका समाधान कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पर्व को देखते हुए पैदल मार्च किया गया। निरीक्षक संजय राय, उप निरीक्षक गोपाल, विजय प्रताप, नागेंद्र गौड़, संजय त्रिपाठी सहित पुलिस फोर्स शामिल रही। थाने पर चौकीदारों की बैठक के दौरान उन्हें टार्च, सीटी, साफा का वितरण किया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण करने में चौकीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी लोग सतर्कता बरतें।

# दहेज हत्या के आरोपित को सात वर्ष की सजा

## कोर्ट ने लगाया 10 हजार रुपये का अर्थदंड, उस्का थाना क्षेत्र के महुआमाफी का मामला

जासं, सिद्धार्थनगर: जिला मानिटरिंग सेल के प्रभावी पैरवी से आपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर जिला न्यायाधीश नवम अशोक कुमार की कोर्ट ने दहेज हत्या के आरोपित को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

बलिराम पुत्र रामानंद निवासी पृथ्वीपालगढ़ थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज निवासी ने उस्का पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि उसकी बेटी प्रेमशीला की शादी जुगेश पुत्र हरीराम निवासी महुआमाफी में हुई थी। उसे दहेज के लिए उसके पति, ससुर और सास उर्मिला प्रताड़ित करते थे। इसी बीच बेटी ने एक पुत्री को जन्म दिया। बच्ची पैदा होने के डेढ़ वर्ष बाद दामाद जुगेश मुंबई चला गया। 21 अक्टूबर 2019 को उसके दामाद के कहने पर ससुर और सास ने जलाकर मार डाला। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत किया। जज ने सुनवाई के पश्चात आरोपितों का उक्त सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी मानिटरिंग सेल प्रभारी जय प्रकाश दुबे और अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पांडेय ने की।

# नेपाल के सीमावर्ती गांवों में तस्करी के लिए स्टोर किया जा रहा खाद्यान

## शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र बना चावल की तस्करी का हब

जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर : नेपाल भारत सीमा से खाद्यान की तस्करी रुक नहीं रही है। इसको रोकने के लिए प्रशासन कई बार अभियान चला चुका है। बावजूद इसके चावल व गेहूं से लदी गाड़ियां पहले सीमावर्ती गांव बगुहवा, इटवाभाट, रमवापुर तिवारी, रमवापुर , लुचुइया, सिहंरोवा समेत अन्य गांवों में पहुंचती हैं। यहां खाद्य सामाग्री को स्टोर किया जाता है। फिर इसे मौका मिलते ही पकड़िहवा, कोटिया एवं खुनुवा क्षेत्र के पगडंडियों से होते हुए कैरियर के माध्यम से नेपाल पहुंचा दिया जाता है। सामान को ले जाने का मुफीद रास्ता बानगंगा चौराहा से झीर झीरीआ होकर सीमावर्ती गांव हैं।

खुली सीमा का फायदा उठाते हुए कैरियर स्टोर सामान को साइकिल व बाइक से नेपाल पहुंचा देते हैं। जो चावल भारत में तीस रुपये प्रति किलो बिकता है। वह नेपाल में पहुंचकर 40 से 50 रुपये किलो आसानी से बिक जाता है। कैरियर को प्रति क्विंटल सौ से दो सौ रुपये धंधेबाज दे देते है।

मंडी सचिव रामजी यादव ने बताया कि लगाता मिल रही शिकायत पर सीमावर्ती गांवों के आसपास खाद्यान लदी गाड़ियों को नियमित चेक किया जा रहा है। काफी मात्रा में खाद्यान पकड़ा भी गया है।

इस संबंध में शोहरतगढ़ के सीओ गर्वित सिंह ने बताया कि सर्किल से जुड़े सभी थाना प्रभारियों को गस्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। यदि कहीं पर भी तस्करी से जुड़ा मामला पकड़ में आया तो इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई तय हैं।



पकड़िहवा में पगडंडी के रास्ते साइकिल से खाद्यान नेपाल ले जाता कैरियर ● जागरण

केस एक : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गनचौरा व कर्मा के पास 24 अगस्त 2023 को दो पिकअप पर लदा 45 क्विंटल अवैध चावल मंडी समिति के सचिव रामजी यादव ने पकड़ा। आवश्यक प्रपत्र नहीं मिलने पर 20,790 रुपये का अर्थदंड वसूल किया गया।

केस दो : नेपाल सीमा के सटे सिंहोरवा गांव के पास 28 अगस्त को एक पिकअप पर लदा 50 बोरी चावल मंडी समिति के सचिव ने पकड़ा है। पूछताछ में वाहन चालक रमेश पुत्र चौथी निवासी नटवा थाना उस्का कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। अभिलेख न होने पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। गाड़ी को एआरटीओ ने सीज कर दिया।

केस तीन : मंडी समिति के अधिकारी ने तीन सितंबर का अवैध रूप से नेपाल ले जाए जा रहे 60 क्विंटल चावल को बिना दस्तावेज ले जाते हुए खुनुवा-शोहरतगढ़ मार्ग पर शिव बाबा मंदिर के पास पकड़ा। शमन शुल्क के तौर पर 27,720 रुपये वसूल किए गए।

केस चार : चार सितंबर की रात में उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में मंडी समित सचिव राम जी यादव व नायब तहसीलदार गौरव कुमार के नेतृत्व में ग्राम सिंहरोवा पचास बोरी चावल व सात बोरी यूरिया पकड़ कर सीज किया गया । इसके अलावा इसी रात इटवाभाट में पैतालिस बोरी चावल मोलहू उर्फ बरसाती के घर चावल पकड़ा गया।

# आईजीआरएस निस्तारण में जिले को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

सिद्धार्थनगर। आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में अगस्त माह की मासिक रैंकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि थाने पर उपस्थित पीड़ित शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करें। इसके निस्तारण की मानिटरिंग प्रदेश से होती है। इसमें अगस्त माह में जनपद को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। यह जानकारी एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने दी है। संवाद

# आज धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**तैयारी**



पुलिस लाइंस में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने की तैयारी में जुटा पुलिस महकमा। ● हिन्दुस्तान



शहर के सिद्धार्थ तिराहे पर एक दुकान पर जन्माष्टमी पर्व को लेकर खरीदारी करते लोग। ● हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जिले में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर सभी जगहों पर तैयारियां तेज हो गई हैं। पुलिस लाइंस, थानों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं अधिकांश घरों में भी लोग पर्व मनाने को लेकर जुटे हुए हैं।

जिले में शहर से लेकर गांव तक बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रहेगी। पुलिस लाइंस व थानों पर पुलिस महकमा पर्व मनाने की तैयारियों में जुटा है तो वहीं जिले के अन्य जगहों पर आमजन भी पर्व को लेकर उत्साहित हैं। सभी अपने तई पर्व मनाने की तैयारियां तेज कर दिए हैं। वहीं जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में भी तरह-तरह की प्रभु श्रीकृष्ण की मूर्तियां, झूला, ड्रेस आदि उपलब्ध हैं। शहर से लेकर कस्बों तक के बाजारों में दुकानें सज चुकी हैं। वहीं खरीदार भी दुकानों पर पहुंच कर खरीदारी कर रहे हैं।

**श्रीपयोहारी आश्रम में आज मनेगा कृष्ण जन्मोत्सव:** उस्का बाजार स्थित श्रीपयोहारी आश्रम उस्का राजा में छह सितंबर को कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। यह जानकारी महंत लाल बहादुर दास ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात आठ बजे से 12 बजे तक भजन संध्या, जन्मोत्सव व प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा।

# रिश्वत मांगने पर दरोगा निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

## एक मुकदमे में महिला को टरकाने के मामले का ऑडियो हो रहा वायरल

सिद्धार्थनगर। एक मुकदमें में महिला को टकराने और रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल होने के मामले में एसपी ने त्रिलोकपुर थाने में तैनात दरोगा को मंगलवार को निलंबित कर दिया। मामले की जांच की जा रही है।

दरोगा प्रमोद पांडेय का बेंवा मुस्तहकम गांव की एक महिला के मामले में थाना क्षेत्र के असनहरा माफी गांव निवासी गांगा राम नाम के व्यक्ति से बातचीत का 3 मिनट 44 सेकेंड का ऑडियो रविवार को वायरल हुआ था। इस वायरल ऑडियो में महिला के मामले में गांगा राम से दरोगा प्रमोद पांडेय पचास बोल रहा है और कह रहा है महिला को टरका दिया नहीं तो केस दर्ज हो जाता और तुम फंस जाते, उसके बाद दरोगा मौके पर आने की बात कहता साफ सुनाई दे रहा है। ऑडियो अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा था। पुलिस अधीक्षक की ओर से जांच कराई गई।

मंगलवार को दरोगा प्रमोद पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में सीओ डुमरियागंज सुजीत कुमार राय ने दरोगा प्रमोद पांडेय के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी नहीं होने की बात कही। वहीं, प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने कहा कि मामले में दरोगा प्रमोद पांडेय को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित किया है और वह थाने से पुलिस लाइंस जा चुके हैं।

# जन्माष्टमी पर रोहिणी नक्षत्र और बुधवार का अद्भुत संयोग

**सिद्धार्थनगर।** जिले के सभी थानों एवं पुलिस लाइंस समेत विभिन्न मंदिरों में बुधवार रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए थानों में मंदिरों की साफ-सफाई व उन्हें सजाने के साथ भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। पौराणिक दृष्टि से द्वापर युग में भाद्रपद मास में कृष्ण पक्ष में बुधवार मध्य रात्रि अष्टमी तिथि और रोहणी नक्षत्र के संयोग में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। पंडित अभय कुमार वैदिक ने बताया कि इस बार ऐसा संयोग बन रहा है, जो भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय बना था। इस बार भी अष्टमी तिथि और रोहणी नक्षत्र के जन्माष्टमी को बुधवार दिन पड़ रहा है। यह अद्भुत संयोग है, जो कई वर्षों में आता है। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी दो दिन मनाया जाता है, जो इस बार छह और सात सितंबर को मनाया जाएगा। छह सितंबर को दोपहर 3:37 मिनट पर अष्टमी शुरू हो जाएगी, जो सात सितंबर दोपहर 4:14 मिनट तक रहेगी।

**थानों में हो रही तैयारी :** पुलिस लाइंस व थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस लाइंस में सजावट की जा रही है, जबकि सभी थानों में धूमधाम के धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# युवक की पिटाई के आरोप में एक नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव निवासी एक युवक को आपसी रंजिश के चलते मंगलवार की दोपहर में बगल के मलौली गांव निवासी एक मनबढ युवक द्वारा मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव निवासी दुर्गेश सिंह पुत्र रामतीरथ ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर मंगलवार की दोपहर में बगल के मलौली गांव निवासी मनबढ संजय पुत्र अज्ञात उसे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे थे जिसका विरोध करने पर उक्त संजय सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावर को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# जानलेवा हमले का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की।

# मारपीट की घटना में तीन नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के शिवबखरी गांव में बीते दिनों मकान निर्माण को लेकर हुए विवाद के दौरान कुछ मनबढ़ों द्वारा एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल करने की घटना में मंगलवार को धनघटा पुलिस ने घायल की तहरीर पर तीन लोगों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के शिवबखरी गांव निवासी विजय सिंह पुत्र रामदरश ने बताया कि बीते 28 अगस्त को मकान निर्माण को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान गांव निवासी विपक्षी रामप्रीत पुत्र शिवनरायन, सूरज पुत्र सदानन्द तथा मुनक्का देवी पत्नी सदानन्द उसे गाली देने लगे। गाली देने का जब उसने विरोध किया तो उक्त तीनों उसे जान-माल की धमकी देते हुए उसके उपर लाठी-डंडा लेकर टूट पड़े और मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर रामप्रीत, सूरज व मुनक्का देवी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# साक्ष्य के अभाव में अपहरण के दो आरोपी दोषमुक्त

संतकबीरनगर। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक प्रथम महेंद्र कुमार सिंह कोर्ट ने अपहरण के दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया। आरोपी प्रदीप लोधी एवं शिवा लोधी पर वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया गया था। मामला जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिमन्यु पाल ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में वादी का आरोप था कि उसकी पुत्री की उम्र 16 वर्ष है। 7 मई 2015 को रात दस बजे प्रदीप लोधी पुत्र बहादुर लोधी एवं संग्राम लोधी पुत्र बाबूराम ग्राम चिरैहा थाना दुधारा बहला फुसलाकर अपहरण कर लिए थे। इस घटना की सूचना 8 मई को स्थानीय थाने पर दी थी। 8 मई की रात 9 बजे लड़की को घर के बगल में छोड़ गए। लड़की ने पूछने पर बताया कि उसके साथ बुरा काम करके छोड़ गए हैं। विवेचना के दौरान प्रदीप लोधी पुत्र बहादुर लोधी ग्राम चिरैहा थाना दुधारा एवं शिवा लोधी पुत्र कृष्णा लोधी ग्राम नहरभवापुर थाना रुधौली, बस्ती के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक प्रथम महेंद्र कुमार सिंह की कोर्ट ने साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपियों को दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया।

# आजाद घूम रहे पाक्सो एक्ट के अभियुक्त दे रहे जानमाल की धमकी

**पीड़िता के परिजनों ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर की नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग**

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बीते दिनों कमरे में बन्द कर उसके साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में नामजद होने के बाद भी आजाद घूम रहे नामजद अभियुक्त समेत उसके परिजन पीड़िता के परिजनों को जान-माल की धमकी देते हुए दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। नामजद आरोपी समेत उसके परिजनों द्वारा दी जा रही लगातार जानमाल की धमकी से भयभीत होकर पीड़िता के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें प्रार्थनापत्र दिया जिसमें नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही धमकी दे रहे परिजनों के विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने बताया कि बीते दिनांक 5 अगस्त की रात करीब 10 बजे उसकी 13 वर्षीय बेटी दरवाजे पर स्थित हैंण्डपम्प पर पानी लेने गई थी इसी दौरान पड़ोसी युवक पीछे से पहुंचा और बेटी को पकड़ कर उसका मुंह बन्द कर उसे खींचते हुए अपने घर लेकर चला गया और बेटी को कमरे में बन्द कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी किसी तरह खुद को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराकर घर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी दी। प्रार्थनापत्र में बताया कि घटना की जानकारी होने पर वह बेटी को साथ लेकर थाने पहुंची जहां तहरीर देकर आरोपी सूरज मौर्या के विरूद्ध आईपीसी की धारा 354 क, 342 व 7/8 पाक्सो एक्ट का मुकदमा भी दर्ज करा दिया। पुलिस समेत न्यायालय के समक्ष बेटी का बयान भी दर्ज हो चुका है लेकिन बार-बार की गुहार के बावजूद पुलिस नामजद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को दबोच कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस ने वांछित आरोपित दुष्कर्मी को दबोच कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त अभिषेक सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी औराडांड़ थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को हैंसर बाजार ब्लाक के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त ने वादिनी के साथ दुष्कर्म कर जानमाल आदि की धमकी दी थी।

# चेहल्लुम को लेकर पुलिस ने की बैठक

मेंहदावल। मेंहदावल थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय की दूबे की अध्यक्षता में चेहल्लुम को लेकर गुलरिहा गांव में पुलिस ने बैठक किया। लोगों से आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए मनाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ताजिया कमेटी के सदस्यों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक हुई।

# बेलाकला में भैंसे की पीट पीट कर हत्या, केस दर्ज

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल थाना क्षेत्र के बेला कला गांव में एक भैंसा की पीट-पीट कर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि भैंसे को तालाब से निकालकर पेड़ में बांधकर तब तक पीटा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। जेसीबी से भैंसे को दफनाने के दौरान घटना की जानकारी हुई। मामले में एक व्यक्ति द्वारा मुकामी पुलिस को दी गई तहरीर पर दो के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

मेंहदावल पुलिस को दिए तहरीर में जसवल थाना बखिरा निवासी श्रीकांत राय पुत्र ओमप्रकाश ने लिखा है कि बीते सोमवार की सुबह 9 बजे ग्राम बेला कला में स्थित एक पोखरे से बबलू शर्मा व जाकिर हुसैन ने एक भैंसे को बाहर निकाला। इसके बाद उसे पेड़ से बांध दिया। बुरी तरह से लाठी-डंडे से पिटाई की। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में उसे जेसीबी बुलाकर तालाब के किनारे दफना दिया।

इसी दौरान लोगों को इसकी जानकारी हुई। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सभी इस हरकत की आलोचना कर रहे है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने बताया कि बबलू शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा, जाकिर हुसैन पुत्र करम हुसैन निवासी बेला कला थाना मेंहदावल के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम का गठन करके गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिया गया है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वहां जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 41 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 41 वाहनों के चालकों से 47 हजार 500 रुपए जुर्माना भरवाया।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस के समक्ष शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। इंस्पेक्टर अपराध बृजेश कुमार यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने बताया कि वह बाबा पेट्रोल पम्प पर ड्यूटी करता है और घर पर दो सप्ताह, तीन सप्ताह में आता रहता है। उनकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली रहती थी। लड़की पढ़ाई करने जाती थी। उसी दौरान आरोपित जाने आलम निवासी रौरापार चौराहा से सम्पर्क हो गया और बात चीत होने लगी। आरोपित ने शादी का झांसा देकर लड़की के साथ कई बार सम्बन्ध बनाया।

# पुलिस ने लगवाया सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से 05 स्थानों पर 16 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर 02 सीसीटीवी, थाना दुधारा पुलिस ने 01 स्थान पर 04 सीसीटीवी, थाना मेंहदावल पुलिस ने 01 स्थान पर 04 सीसीटीवी एवं थाना बखिरा पुलिस ने 02 स्थान पर 06 सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

# 41 वाहनों से 47,500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से मंगलवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 41 वाहन चालकों से 47,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

## परंपरा टूटी तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगरः मुहर्रम के चालीसवें दिन पर आयोजित होने वाले कर्बला जुलूस के तहत कर्बला स्थल का मेंहदावल के थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने पुलिसकर्मियों के साथ निरीक्षण किया। पुरानी परंपराओं के अनुसार ही कार्यक्रम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुरानी परंपरा के अनुसार से काम होना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष मंगलवार को गुलरिहा गांव में पहुंचे। यहां पर कर्बला जुलूस के मार्ग का निरीक्षणं किया। ताजिया कमेटी के सदस्यों के साथ वार्ता की और लोगों से उनके सुझाव मांगे। इसके साथ ही पुरानी परंपरा के अनुसार ताजिया रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही कार्यक्रम होंगे। जो लोग पुरानी परंपराओं का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# घायल को पहुंचाया अस्पताल

**संतकबीर नगर :** पीआरवी के पुलिसकर्मी सूचना मिलने पर मंगलवार को बेलहरकला गांव में पहुंचे। रंजिश में हुई मारपीट में घायल रामनाथ प्रजापति को पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी मेंहदावल में भर्ती कराया। इसके बारे में मुकामी पुलिस को अवगत कराया। (विज्ञप्ति)

# भैंसे को पेड़ में बांधकर पीटा, दो पर मुकदमा दर्ज

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल थाना क्षेत्र के बेला कला गांव में दो आरोपितों ने एक भैंसे को तालाब से निकालकर एक पेड़ में बांधकर बुरी तरह से लाठी डंडी से मारापीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। बाद में बुलडोजर से भैंसे को दफनाने के दौरान मामले की लोगों को जानकारी हुई। इस मामले में एक व्यक्ति की तहरीर पर दो आरोपितों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। भैंसे की हत्या किए जाने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस को दिए तहरीर में बखिरा थाना क्षेत्र के जसवल गांव के श्रीकांत राय ने लिखा है कि सोमवार की सुबह नौ बजे ग्राम बेला कला में स्थित पोखरे से एक भैंसे को निकालकर पेड़ में बांधकर बबलू शर्मा व जाकिर हुसैन ने उसकी बुरी तरह से पिटाई की, जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक विजय दूबे ने आरोपित बबलू शर्मा और जाकिर हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपित बेला कला गांव के रहने वाले हैं। आरोपित फरार हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी दबोचा गया

**संतकबीरनगर।** धनघटा पुलिस ने मंगलवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि आरोपी ने युवती से दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी थी। पीड़िता ने चार सितंबर को आरोपी पर दुष्कर्म और जानमाल की धमकी का केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# दस लोगों पर लूट का केस दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने की कार्रवाई

बखिरा। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दस लोगों पर मारपीट और लूट का केस दर्ज किया है। सौरहा निवासी इश्तियाक अहमद का आरोप कि उसके रिश्तेदार सिराजुद्दीन मुंबई में रहते हैं। सिराजुद्दीन का खेत राजेडीहा चौराहे पर है।

देखभाल वह करते हैं। इसी जमीन के आसपास कुछ लोगों ने मकान बना लिया व गंदगी फेंककर अनधिकृत कब्जा करना चाहते हैं। इसकी शिकायत करने पर पुलिस ने लोगों को मना किया, लेकिन लोग नहीं माने। 21 जून 2023 को सुबह नौ बजे सिराजुद्दीन ने मुंबई से आकर अपनी जमीन की चहारदीवारी करने के लिए नींव की खुदाई कराने लगे। इसे नाराज होकर कब्जा कर रहे लोगों ने एकजुट होकर नींव की मिट्टी डालकर पाटने लगे।

विरोध करने पर कुबेर समेत दस लोग एक साथ मिलकर लाठी डंडे से पिटाई करने लगे। जान बचाने के लिए घर के भीतर भागने पर आरोपी घर में घुसकर उसे मारने लगे। कुबेर ने बीस हजार व सोने की चेन छीन ली।

एसओ श्याम मोहन ने बताया कि दिनेश, कुबेर, महंगू, राजू, किशोरी, तीजू, रमेश, गुड्डू, राजेश, मोनू वर्मा पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पिता-पुत्र समेत तीन पर केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** शहर के बरदहिया बाजार में कुछ लोगों ने पीड़ित की दीवार गिरा दी। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने के लिए दौड़ा लि या।

बरदहिया बाजार निवासी राघवेंद्र मिश्रा का आरोप है कि सोमवार को उमेश चौधरी, समीर, सत्यम उसकी जमीन से रास्ता निकलवाना चाहते थे। विपक्षी उमेश चौधरी ने जबरिया बंजर व सरकारी जमीन में दो मंजिला मकान बनवाए हुए हैं।

विरोध करने पर विपक्षी अपशब्द कहते हुए ईंट-पत्थर लेकर उसे और उसके परिवार को मारने के लिए दौड़ा लिया।

दीवार गिरा दी। कोतवाल ने बताया कि आरोपी पिता-पुत्र समेत तीन पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# भैंसे को मारपीट कर मार डाला, दो लोगों पर केस दर्ज

मेंहदावल। क्षेत्र के बेलाकला गांव में दो आरोपियों ने एक भैंसे को तालाब से निकालकर एक पेड़ में बांधकर लाठी-डंडे से पीटा। भैंसे की मौके पर मौत हो गई। जेसीबी बुलाकर भैंसे को दफनाने के दौरान मामले की लोगों को जानकारी हुई। इस मामले में एक व्यक्ति की तहरीर पर दो आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार, मेंहदावल पुलिस को दिए तहरीर में श्रीकांत राय पुत्र ओमप्रकाश निवासी जसवल थाना बखिरा ने आरोप लगाया है कि सोमवार की सुबह नौ बजे बेला कला में स्थित पोखरे से एक भैंसे को निकालकर पेड़ में बांधकर बबलू शर्मा व जाकिर हुसैन ने उसकी पिटाई की। मौके पर भैंसे की मौत हो गई। मेंहदावल पुलिस ने आरोपी बबलू शर्मा, जाकिर निवासी बेलाकला पर केस दर्ज किया है। संवाद

# शादी का झांसा देकर किशोरी से किया दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर परिजनों को चला पता, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को शादी करने का झांसा देकर आरोपी ने दुष्कर्म किया।

किशोरी के पेट में दर्द शुरू हुआ तो परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां किशोरी के गर्भवती होने की जानकारी हुई। इस मामले में मंगलवार को पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म, पॉस्को एक्ट का केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित 16 वर्षीय किशोरी की मां की मौत हो चुकी है। पिता एक पेट्रोल पंप पर काम करते हैं। इकलौता भाई रोजगार की तलाश में बाहर गया है।

किशोरी घर पर अकेली रहती है। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी बेटी पढ़ने जाती थी। उसी दौरान क्षेत्र का युवक बेटी से संपर्क बना लिया। आरोपी युवक शादी का झांसा देकर बेटी से कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

### 16 वर्षीय किशोरी की मां की हो चुकी है मौत

दो सितंबर को बेटी के पेट में दर्द हुआ तो उसे अस्पताल ले गया, जहां गर्भवती होने की जानकारी हुई। आरोपी ने बेटी से शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित पिता बेटी को लेकर मंगलवार को कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी।

कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर किशोरी से शारीरिक संबंध बनाए। किशोरी गर्भवती हो गई है। इस मामले में आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। इस दौरान मिली सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल जांच कराया जाएगा।

# जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने जानलेवा हमला के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया कि नौ जून को मरवटिया निवासी सुक्खू पर आरोपी ने जानलेवा हमला किया था। पीड़ित के बेटे ने 13 जून को आरोपी सत्येंद्र पर केस दर्ज कराया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग

गोण्डा। बसंतपुर शमसेरपुरवा की दलित महिला रामा देवी ने पास के ही कुछ दबंगो पर उसकी आबादी की भूमि पर बने घर से उजाड़ने की धमकी देने व जाति सूचक शब्दों के साथ मारने पीटने के आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि उसकी भूमि पर से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो वह पूरे परिवार समेत आमरण अनशन करेगी।

# अवैध कब्जा हटाने को लगाई गुहार

गोण्डा। वजीरगंज बनघुसरा की दलित महिला तुलसी देवी पत्नी बलराम ने दबंगो पर उसकी आबादी की भूमि पर बने घर पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि आरोपियो ने कूट रचित तरीके से उसके साथ धोखाधड़ी की है। राजस्व विभाग के लोग दबंगो से मिले हुए हैं।

# फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश

गोण्डा। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के सेल्हरी मंडप निवासी सुनीता पुत्री राधेश्याम ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।परिजनों ने हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर, थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर निवासी मोनी ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ खा लिया।

# छात्र की बाइक चोरी, एफआईआर दर्ज

मनकापुर। पचपुती जगता पुर निवासी दीपांशू सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते एक सितंबर को आईटीआई कैम्पस के अंदर अपनी बाइक खड़ी करके सेंट माइकल स्कूल में पढ़ने गया था। स्कूल में छुट्टी होने के बाद वापस आया तो देखा बाइक नही थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक नही मिली। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शांतिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

रुपईडीह। पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र में शांतिभंग की आशंका के चलते दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौडिया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेठपुरवा मे शांति भंग की आशंका के चलते गांव के राजू गोस्वामी व भगवती प्रसाद को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।

# कौड़िया पुलिस ने वारंटी को पुलिस ने पकड़ा

रुपईडीह। पुलिस ने मंगलवार को एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौडिया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि पेशी के दौरान उपस्थित न होने पर न्यायालय द्वारा क्षेत्र के राजेंद्र प्रसाद पुत्र संतराम निवासी सिसई रानी परसिया के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू के तहत वारंट जारी किया।

# 306 अवैध मदरसों पर एटीएस की नजर

## जिले में बिना पंजीकरण के चल रहे इन मदरसों में संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की आशंका, कई के संचालकों का ही पता नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले में 306 मदरसे बिना पंजीकरण के ही संचालित हो रहे हैं। ये खुलासा मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा कराए गए सर्वे में हुआ है। ऐसे में नेपाल के सीमावर्ती देवीपाटन मंडल के बहराइच, श्रावस्ती व बलरामपुर जिलों में मदरसों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की भी आशंका है। इसके चलते खुफिया एजेंसियों ने गोंडा के साथ ही इन जिलों में भी सक्रियता बढ़ा दी है। उ.प्र. आतंकवाद निरोधक दस्ता (यूपी एटीएस) एक-एक मदरसे की हाई लेवल मॉनीटरिंग और स्क्रीनिंग कर रहा है। एटीएस ने अभिसूचना, नागरिक पुलिस और अल्पसंख्यक विभाग से भी इन मदरसों का ब्योरा तलब किया है।

गोंडा जनपद में कुल 518 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हो रहे हैं। जहां 46,528 बच्चे तालीम हासिल कर रहे हैं।



गोंडा के रगड़गंज में बिना पंजीकरण के संचालित मदरसा। संवाद

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सर्वे में खुलासा, एटीएस ने बढ़ाई निगहबानी**

**जिले में संचालित 518 मान्यता प्राप्त मदरसों में तालीम ले रहे 46,528 छात्र**

ये सभी अल्पसंख्यक विभाग के यू-डायस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इसके अलावा पिछले महीनों में मदरसा शिक्षा परिषद के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने अवैध तरीके से संचालित मदरसों का सर्वे कराया था। इनमें 306 मदरसे बिना पंजीयन के संचालित पाए गए। इसके बाद यूपी एटीएस को भी सक्रिय कर दिया गया है। पिछले दिनों आतंकी गतिविधियों में शामिल जिले के कई संदिग्धों के पकड़े जाने से गोंडा पर पहले से ही एटीएस की नजर है।

गोपनीय सूत्रों का दावा है कि सर्वे रिपोर्ट सामने आने के बाद नेपाल सीमा से जुड़े बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती पर भी यूपी एटीएस की नजर बनी हुई है। आशंका है कि इन अवैध मदरसों से देशविरोधी गतिविधियां संचालित हो रही हैं। ऐसे में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के साथ ही एटीएस भी कोई चूक नहीं करना चाहती। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से इन मदरसों की डिटेल खंगालने के बाद अपने स्तर से जानकारी जुटा रहा है। ऐसे में जल्द ही संदिग्ध गतिविधियों वाले मदरसों पर एटीएस के साथ ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकता है।

### जमीन व संचालक तक का पता नहीं

सर्वे में बिना पंजीकरण के चल रहे मदरसों की भूमि व संचालकों का पता लगाना भी मुश्किल हो रहा है। वजीरगंज, परसपुर, रुपईडीह व तरबगंज समेत अन्य ब्लॉकों में कई ऐसे मदरसों के संचालकों का पता ही नहीं चल पाया है। इतना ही नहीं ये मदरसे निजी या किराये के भवन अथवा सरकारी भूमि पर संचालित किए जा रहे हैं? इसकी भी पूरी तरह से जानकारी नहीं मिल पा रही है। हालांकि कुछ मदरसे 1985 या उससे पहले से भी संचालित हो रहे है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी व इन मदरसों के संचालकों ने पंजीकरण कराना जरूरी नहीं समझा। जानकार बताते हैं कि जांच होने पर कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। ऐसे में जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अब सख्त हो गया है। जल्द ही टीम गठित कर अपंजीकृत मदरसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो सकती है।

### विभागीय कार्रवाई जल्द

“ मदरसा शिक्षा परिषद के निर्देश पर कराए गए सर्वे में 306 मदरसे बिना पंजीयन के संचालित मिले हैं। एटीएस ने भी इन मदरसों की पूरी डिटेल मांगी है। बिना पंजीकरण के संचालित मदरसों पर जल्द विभागीय कार्रवाई की जाएगी। - रमेश चंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

### सबसे अधिक अवैध मदरसे बभनजोत में

| ब्लॉक | मदरसे | झंझरी | 17 |
|---|---|---|---|
| छपिया | 30 | रुपईडीह | 29 |
| मनकापुर | 25 | मुजेहना | 31 |
| वजीरगंज | 11 | बभनजोत | 57 |
| इटियाथोक | 30 | हलधरमऊ | 08 |
| परसपुर | 05 | नवाबगंज | 09 |
| नगर क्षेत्र | 05 | कटरा बाजार | 10 |
| बेलसर | 10 | करनैलगंज | 06 |
| पंडरी कृपाल | 14 | तरबगंज | 09 |

*(स्रोत- जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सर्वे रिपोर्ट)*

# ठगी के 90 हजार रुपए वापस कराए

गोण्डा। एसपी के निर्देश व साइबर सेल की तत्परता से धोखाधड़ी से ऑनलाइन फ्राड कर ट्रांसफर किए गए 90,000 रुपए पीड़ितों को वापस कराए गए। जिसपर पीड़ितों ने एसपी अंकित मित्तल को धन्यवाद दिया।

पीड़ित बलबीर निवासी आवास विकास कालोनी से ट्रेवल एजेंसी संचालक बन कर यात्रा से पूर्व एडवांस पेमेंट के नाम पर बैंक खाते से 20 हजार रुपए और रितेश कुमार द्वारा फ्रॉड कॉल पर मित्र समझकर 70 हजार रुपये ट्रान्सफर कर दिय जाने का मामला सामने आया था। इस पर पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल को मामले की जाँच सौंपी थी। साइबर सेल द्वारा सम्बंधित बैंक से संपर्क स्थापित कर तत्काल कार्रवाई करते हुए 90 हजार रुपये की वापसी करायी गयी।

### बीस हजार अपने शागिर्द तो 50 हजार लड़की पक्ष के खाते में भिजवाया

# शादी से इनकार पर पुलिस ने गूगल पे से दिलाए 70 हजार

**जांच**

**गोण्डा, संवाददाता।** पुलिस की एक और कारस्तानी मंगलवार को सामने आई है। पुलिस ने सुलह के लिए दबाव बनाकर बीते गुरुवार की आधी रात में 70 हजार रुपए गूगल पे करा लिए जिसमें बीस हजार रुपए खुद के शागिर्द तो 50 हजार रुपए दूसरे पक्ष के खाते में ट्रांजेक्शन कराए। पुलिस के इस कारस्तानी की शिकायत एसपी से हुई है। एसपी ने जांच के आदेश दिए हैं। एसपी के आदेश के बाद साइबर टीम ट्रांजेक्शन का ब्योरा खंगालने में जुट गई है।

धानेपुर थाने की पुलिस ने शादी टूटने के एक मामले में सुलह कराने के नाम पर यह कारनामा किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिवा बख्तावर निवासी जीवन नाथ मिश्र का आरोप है कि उन्होंने बेटे अंकुर की शादी धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तय की थी। शादी के लिए तारीख पक्की नहीं हुई थी। इसी बीच वजीरगंज क्षेत्र के एक लड़के ने उनके बेटे को लड़की से जुड़े कुछ आपत्तिजनक वीडियो व फोटो दिखा दिए। इसके बाद लड़के ने शादी करने से इनकार कर दिया। शादी न करने की सूचना लड़की पक्ष को दे दी गई। इससे नाराज होकर लड़की पक्ष ने धानेपुर थाने पर शिकायत कर दी।

पीड़ित का आरोप है कि मामले की जांच के लिए दोनों पक्षों को बीते गुरुवार को एसपी कार्यालय परिसर स्थित सीओ सदर के कार्यालय में बुलाया गया। वहां सीओ सदर ने सभी पक्षों से पूछताछ की। इसके बाद शाम को पुलिस की जीप से धानेपुर थाने पर लाया गया। जहां देर रात तक पुलिस कार्रवाई करने को धमकाती रही। हताश होकर लड़के के साथ गए लोग घर लौट गए। थाने में लड़का अंकुर और उसकी मां को रोक लिया गया। आरोप है कि पुलिस ने सुलह का दबाव बनाकर लड़के अंकुर से देर रात बीस हजार रुपए अपने शागिर्द के खाते में और 50 हजार रुपए लड़की पक्ष के एक खाते में गूगल पे से ट्रांसफर करवा दिए। बाद में एक पन्ने पर तीनों पक्षों से एक सुलहनामे पर हस्ताक्षर कराकर छोड़ दिया गया।

पीड़ित जीवन नाथ का आरोप है कि पुलिस ने उसके लड़के की एलएलबी फीस के रुपए गूगल पे करा लिए हैं। अब परिवार के पास फीस भरने के लिए पैसे नहीं हैं, जिससे लड़के की पढ़ाई पर संकट आ गया है। उसने बताया कि पेट के दो आपरेशन होने के बाद भी वह बड़ी मुश्किल से जानवर पालकर अपने बच्चों को पढ़ा रहा है।

> धानेपुर थाने का यह मामला संज्ञान में है। शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अंकित मित्तल,** एसपी

## साइबर टीम ने एसपी को दिया ट्रांजेक्शन ब्योरा

सोमवार को पीड़ित की शिकायत पर एसपी अंकित मित्तल के निर्देश पर साइबर टीम ने गूगल पे से भेजे गए पैसे के संबंध में पूरी पड़ताल की है। टीम ने अपनी रिपोर्ट एसपी को सौंप दी है। उधर, अलावल देवरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी दूसरे समुदाय के जिस व्यक्ति खाते में 20 हजार भेजे गए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उसने पैसे निकालकर पुलिसवालों को दे दिया है। उससे किसी भी प्रकार की जान पहचान होने से पीड़ित परिवार ने इनकार किया है।

# पीड़ितों को वापस कराए 90 हजार रुपये

गोंडा : साइबर अपराध का शिकार हुए आवास विकास कालोनी के बलवीर व रितेश कुमार के 90 हजार रुपये पुलिस ने वापस कराए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि साइबर अपराधी ने ट्रेवल एजेंसी संचालक बन कर पीड़ितों से आनलाइन 90 हजार रुपये ठग लिए थे। (संसू)

# आरोपित गिरफ्तार

गोंडा : कटरा बाजार पुलिस ने छह माह के लिए जिला बदर किए आरोपित सिसई जोगा के लल्लू उर्फ गुरु बचन को गिरफ्तार किया है। वहीं उमरी बेगमगंज पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के आरोपित आजमगढ़ जिला के थाना अहरौली के पीठापुरवा के रहने वाले शहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है। (संसू)

# दोषियों पर हो कार्रवाई

गोंडा : कोतवाली नगर के पूरे शिवा बख्तावर के रहने वाले जीवन नाथ मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कहा कि कुछ मामलों को लेकर विपक्षी उसे विवाद में फंसा रहे हैं। आरोप है कि विपक्षी पर कार्रवाई न कर पुलिस ने दबाव बना कर उससे 70 हजार रुपये सुल्ह कराने के नाम पर ले लिए। इसकी जांच सीओ सदर कर रही हैं। उसके बेटे की फीस ले ली है। सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने कहा कि आरोप निराधार है। दोनों को पक्षों को बुलाकर बयान लिए जा रहे हैं। (संसू)

## भूमि विवाद में दो गिरफ्तार

आर्यनगर : भूमि विवाद में मारपीट करने के आरोप में कौड़िया पुलिस ने जेठपुरवा गोसाई पुरवा के राजू गोस्वामी व भगवती प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। (संसू)

## वारंटी गिरफ्तार

आर्यनगर : 20 साल पूर्व कर्नलगंज कोतवाली में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज अभियोग में वांछित चल रहे सिसई परसिया रानी के राजेंद्र को कौड़िया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने दी ।(संसू)

# महिला अस्पताल में तीमारदार को जमकर पीटा

**गोंडा।** महिला अस्पताल में एमसीएच विंग के पास मंगलवार को कुछ लोगों ने एक तीमारदार की जमकर पिटाई कर दी। उमरीबेगमगंज के मुकुंदपुर निवासी महेश सिंह मंगलवार को अपनी अनुज वधु गोल्डी सिंह का उपचार कराने जिला महिला अस्पताल आए थे। डॉक्टर को दिखाने के बाद एमसीएच विंग के पास खड़ी कार में दवा रखने गए थे। तभी करीब एक दर्जन लोगों ने घेर लिया और लात-घूंसे से पिटाई करने लगे।

अस्पताल के कर्मचारी व अन्य तीमारदार तमाशबीन बने रहे। हमलावरों की संख्या अधिक होने के कारण किसी ने बीचबचाव की कोशिश नहीं की। अस्पताल के कर्मी बाबादीन ने पुलिस को फोन किया। भीड़ बढ़ने लगी तो हमलावर भाग गए। सभी हमलावर मास्क पहने थे। महेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी की रिकार्डिंग के साथ नगर कोतवाली में तहरीर दी गई है। (संवाद)

# किशोरी से दुष्कर्म में अंतिम रिपोर्ट खारिज, आरोपी तलब

## पॉक्सो कोर्ट ने चार साल बाद अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने पर जताई आपत्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। किशोरी से दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी, गाली-गलौज व पॉक्सो एक्ट के मामले में न्यायालय में दाखिल अंतिम रिपोर्ट को निरस्त कर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने आरोपी को विचारण के लिए तलब किया है। अदालत ने चार साल बाद न्यायालय में अंतिम रिपोर्ट दाखिल करने के मामले में दोषी तीन विवेचकों व संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच व अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

करनैलगंज थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने 25 सितंबर 2018 को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह मजदूरी करने बाहर गई थी तो आरोपी ने उसकी 13 साल की बेटी को अकेली पाकर ने दुष्कर्म किया। आरोपी की धमकी से सहमी बेटी ने यह बात नहीं बताई। पीड़िता में जब गर्भधारण के लक्षण दिखे तो पता चला। आरोपी ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी और उसका छप्पर भी तोड़कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना के दौरान वादिनी व पीड़िता का बयान दर्ज किया।

### तीन विवेचकों और पुलिस अधिकारी के विरुद्ध दिए विभागीय जांच के आदेश

जिला चिकित्सालय में परीक्षण के दौरान पीड़िता का गर्भवती होना भी पाया गया। इसी बीच आरोपी श्याम अनुज उर्फ प्रदीप पांडेय की ओर से हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका में 25 अक्तूबर 2018 को पीड़िता के गर्भ में पल रहे बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश हुआ।

हाईकोर्ट ने आरोपी अभियुक्त की गिरफ्तारी पर रोक नहीं लगाई। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने डीएनए परीक्षण के लिए अभियुक्त प्रदीप का ब्लड सैंपल नहीं लिया। हालांकि, हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में तत्कालीन सीओ ने 16 जनवरी 2019 को डीएनए परीक्षण के लिए अभियुक्त की गिरफ्तारी व विवेचना निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को अंतरित कर दी। मगर अशोक व उनके स्थानांतरण पर विवेचक बने प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने भी पीड़िता, उसके बच्चे व अभियुक्त का ब्लड सैंपल नहीं लिया। जबकि पीड़िता ब्लड सैंपल लेने के लिए लगातार उच्चाधिकारियों से गुहार लगाती रही। इस बीच जन्म के कुछ माह बाद बच्चे की मौत भी हो गई।

इसके बाद आठ जून 2019 को विवेचक राजेश कुमार सिंह ने क्षेत्राधिकारी करनैलगंज के कार्यालय में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इस पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट मांगी तो विवेचक ने अंतिम रिपोर्ट का समर्थन करते हुए सात नवंबर 2019 को आख्या भेज दी। बाद में प्रभारी निरीक्षक केके राणा ने भी अंतिम रिपोर्ट का समर्थन करते हुए चार फरवरी 2020 को अपनी आख्या भेज दी।

आठ जून 2019 की अंतिम रिपोर्ट को चार साल के बाद 14 जुलाई 2023 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। क्षेत्राधिकारी ने भी विलंब का कारण स्पष्ट नहीं किया। अभिलेखों के परिशीलन के दौरान पॉक्सो न्यायालय ने माना कि मामले में न तो सम्यक विवेचना की गई और न ही उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पीड़िता के बच्चे का डीएनए परीक्षण कराया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी न करके अभियुक्त को अनुचित लाभ दिया। परिणामस्वरूप पीड़िता और उसकी मां को अपना गांव, घर छोड़ना पड़ा।

सुनवाई के दौरान मामले के तथ्य, पर्याप्त साक्ष्य व अपराध की गंभीरता देखते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने अंतिम रिपोर्ट निरस्त करके आरोपी अभियुक्त प्रदीप पांडेय को जरिए सम्मन विचारण के लिए तलब किया है। मामले में सुनवाई के लिए अग्रिम तिथि 12 अक्तूबर 2023 को निश्चित की गई है। न्यायालय ने इस प्रकरण में तीनों विवेचकों व संबंधित पुलिस अधिकारी की भूमिका की विभागीय जांच और अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक, डीआईजी, आईजी गोरखपुर, पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजा है।

# मुकदमे में पॉक्सो की धारा बढ़वाने की गुहार

नवाबगंज (गोंडा)। नवाबगंज के एक गांव की रहने वाली किशोरी ने डीआईजी को प्रार्थनापत्र देकर छेड़खानी के दर्ज मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़वाने की गुहार लगाई है। किशोरी का आरोप है कि छह जुलाई को उसके साथ कुछ लोगों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे और उसके परिवार वालों को पीटा। मामले में पुलिस ने केस तो दर्ज किया मगर पॉक्सो एक्ट की धारा नहीं लगाई, जबकि वह नाबालिग है। एसपी से शिकायत पर भी सुनवाई नहीं हुई। किशोरी ने डीआईजी से मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़वाने की गुहार लगाई है। (संवाद)

# रौनाही का गो तस्कर तरबगंज में धरा गया

तरबगंज (गोंडा)। तरबगंज में गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के केस में वांछित दद्दन निवासी ग्राम शेखपुर जाफर, रौनाही, अयोध्या को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। (संवाद)

**22 बोटा सागौन की लकड़ी पकड़ी :**

**बभनान (गोंडा)।** छपिया थाने के उपनिरीक्षक शैलेंद्र राय ने बताया कि मंगलवार को गोनहा गांव में बिना परमिट के सागौन के पेड़ काटने की सूचना मिली। वहां छापा मारने पर पेड़ काटने वाले भाग गए। मौके पर 22 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद हुई। जिसे जब्त करके गोनहा खजुरी गांव निवासी डी. सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (संवाद)

# वकीलों ने फूंका डीजीपी व मुख्य सचिव का पुतला

## हापुड़ की घटना के विरोध में दूसरे दिन भी हड़ताल कर आंदोलन किया

वाद न्यूज एजेंसी

ंडा। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर ाठीचार्ज की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश र कौंसिल के आह्वान पर मंडल ख्यालय के अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन गलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत ह़कर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। कीलों ने नारेबाजी करते हुए मुख्य सचिव पुलिस महानिदेशक का पुतला जलाकर ाक्रोश जताया।

अधिवक्ताओं ने मंगलवार को बार सोसिएशन के अध्यक्ष महराज कुमार ीवास्तव व सिविल बार एसोसिएशन के ध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में चहरी में जुलूस निकालकर प्रदर्शन िया। आयुक्त कार्यालय के सामने प्रदेश मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक का तला जलाया। अधिवक्ताओं ने कहा कि ांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर र्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक व अमानवीय है। सरकार ने पियों पर एफआईआर दर्ज कर अविलंब रफ्तारी नहीं की तो छह सितंबर को भी ांदोलन जारी रहेगा।

वकीलों के आंदोलन से न्यायिक कार्य मेत बैनामा रजिस्ट्री, नोटरी व बैंकिंग ार्य भी ठप रहे। इस मौके पर जगन्नाथ साद शुक्ल, संतोष पांडेय, रवि चंद्र पाठी, दीनानाथ त्रिपाठी, अजेय विक्रम सिंह, राजेंद्र त्रिपाठी, संतोषी लाल तिवारी, श्रीकांत पांडेय, विनय मिश्र, सुनील पांडेय आदि उपस्थित रहे।



कचहरी में मंगलवार को मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंकते अधिवक्ता। संवाद

तरबगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। पुलिस की चौकसी के चलते पुतला दहन नहीं हो सका। प्रदर्शन में पवन सिंह, रवींद्रनाथ पांडेय, अखिलेश्वर शुक्ल आदि मौजूद रहे। मनकापुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीपी वर्मा व महामंत्री शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी कर पुतला फूंका। पुलिस व प्रशासनिक टीम अधिवक्ताओं को रोकने में नाकाम रही। पीएस पांडेय, अवधेश मिश्र, श्यामलाल शुक्ल, भानु प्रताप मिश्र, केके सिंह, केजी मिश्र मौजूद रहे।

### करनैलगंज में भी धरना-प्रदर्शन

करनैलगंज संवाद के अनुसार हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में तहसील के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को धरना-प्रदर्शन किया। त्रिलोकीनाथ तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित कार्य से विरत रहने की घोषणा की और विरोध जताया। इस मौके पर अरविंद शुक्ल, हृदय नारायण मिश्र, सुभाष तिवारी, बाबादीन, आत्माराम शुक्ल, रंग बहादुर, सुरेंद्र दूबे, धर्मेंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# मजदूरी मांगने पर पीटा, पीड़ित पर ही केस

करनैलगंज (गोंडा)। क्षेत्र के रेवारी पूरे त्रिलोचन पुरवा निवासी अमरेश कुमार ने बताया कि दो सितंबर की रात 11 बजे गांव के कुछ लोगों ने उसके घर पर धावा बोल दिया और पीटने लगे। पीड़ित का कहना है कि दैनिक मजदूरी करके उसने 6600 रुपये मजदूरी की मांग की तो गांव के दबंगों ने पीटने के साथ ही उसके घर में तोड़फोड़ की। पीड़ित सुबह जब थाने पर तहरीर देने गया तो वहां आरोपी पहले से बैठे थे। पुलिस ने उनकी तरफ से पीड़ित पर ही केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार का कहना है कि मारपीट का मामला है। एक पक्ष से मुकदमा दर्ज हुआ है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर जांच कराई जा रही है। कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# साइबर सेल ने फ्रॉड से 90 हजार वापस दिलाए

गोंडा। ट्रेवल एजेंसी संचालक बनकर अग्रिम भुगतान के नाम पर 20 हजार रुपये व मित्र बनकर 70 हजार रुपये हड़पने की सूचना पर साइबर सेल ने फ्रॉड की गई रकम को बैंक खाते में होल्ड कराकर पीड़ितों को वापस दिला दी। एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि आवास विकास कॉलोनी निवासी बलवीर ने टूर के लिए सोशल मीडिया से एक ट्रेवल एजेंसी का नंबर लेकर कॉल की। एजेंसी संचालक ने अग्रिम भुगतान के नाम पर उनसे 20 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। इसी कॉलोनी में रहने वाले रीतेश को एक फ्रॉड ने फोन करके बातों में उलझाकर 70 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। दोनों पीड़ितों ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल ने फ्रॉड की गई रकम को संबंधित खातों में होल्ड कराकर पैसे वापस दिला दिए। (संवाद)

# अवैध कब्जा हटवाने को अनशन

गोंडा। अवैध कब्जा हटाने व आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को दो गांवों के लोगों ने जिला पंचायत टिनशेड में अनशन शुरू किया। परसपुर थाना के बसंतपुर शमशेरपुरवा निवासी रामा देवी कहा कि जिस आबादी की भूमि पर उसका कब्जा है उस पर दबंग कब्जा करना चाहते हैं। थाने जाने पर कोई कार्रवाई नहीं होती। वजीरगंज के बनघुसरा निवासी तुलसी देवी ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। दबंग उसके जेठ के नाम पट्टे की जमीन को साजिश करके दूसरे के हाथ बेच दिया है। (संवाद)

# आठ लोगों पर मारपीट का केस

मनकापुर (गोंडा)। क्षेत्र के जिगना कलहंसपुरवा निवासी जगदेव ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि सोमवार सुवह उसका नाती आशुतोष, अंकुश, नातिन नीलू व पल्लवी स्कूल जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही रामतेज, राजू, जग्गी, संतोष रंजिश को लेकर बच्चों को ईंट-पत्थर व लाठी-डंडे से पीटने लगे। बच्चों के शोर मचाने पर वह अपनी बहू के संग बीचबचाव करने पहुंचा तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। दूसरे पक्ष की रागिनी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसका पति रामतेज घर के सामने बोलेरो गाड़ी की स्टेपनी बदल रहा था। तभी गांव के राजेंद्र, दुर्गा, आदर्श, जगदेव रंजिश को लेकर उसके पति को पीटने लगे। वह अपनी सास व जेठानी के साथ वहां पहुंची तो उनकी भी पिटाई कर दी गई। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# अपहृत युवती को पुलिस ने खोजा

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को पड़ोसी गांव का रहने वाला एक युवक बीते दिनों शादी रचाने के लिए वहला फुसलाकर भगा ले गया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती को खोज निकाला। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 27 अगस्त की रात आरोपी रमेश वर्मा उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती को खोज निकाला। आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# जबरिया पैसा लेने में दो आरक्षियों पर केस

## दोस्तों के साथ एक सितंबर को कोयलावास नेपाल घूमने गए युवक को दो पुलिस कर्मी पकड़ कर ले गए

**कार्रवाई**

बलरामपुर, संवाददाता। दोस्तों के साथ एक सितंबर को कोयलावास नेपाल घूमने गए युवक को जरवा कोतवाली में तैनात दो पुलिस कर्मी पकड़ कर थाने ले गए। वहां उन्हें दो घंटे तक थाने पर बैठाए रखा गया। छोड़ने के नाम पर युवक से 28 हजार रुपए की अवैध वसूली की गई। चार हजार रुपए नकद व 24 हजार रुपए ऑनलाइन भुगतान कराया गया। मामला एसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने प्रकरण की जांच एएसपी से कराई। आरोप सत्य पाए जाने पर सोमवार को दोनों आरक्षियों के विरुद्ध कोतवाली जरवा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है। पुलिस दोनों आरक्षियों की तलाश में जुटी है।

ग्राम कोहरी थाना ललिया निवासी हकीम खान ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ कार से एक सितंबर को नेपाल स्थित कोयलावास घूमने गए थे। भारत नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी जवानों ने उन्हें बार्डर पार नहीं जाने दिया।

इस पर वे वापस अपने घर आ रहे थे। हकीम खान के मुताबिक रास्ते में उन्हें उल्टी होने लगी। उन्होंने गाड़ी रोक दी। इसी बीच जरवा कोतवाली में तैनात सिपाही राजू यादव उनकी गाड़ी को रोक कर पूछताछ करने लगे। इस पर उन्होंने बिना पूरी बात सुने फोन कर एक और सिपाही ध्रुव चन्द्र को यहां बुला लिया। जिसके बाद कार के साथ सभी को कोतवाली जरवा ले गए। जहां पर उन्हें दो घंटे से अधिक समय तक बैठाए रखा।

इसके बाद उन्हें छोड़ने के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की। हकीम के इतना पैसा नहीं था। उसकी जेब में चार हजार रुपए नकद थे, जिसे सिपाहियों को दे दिया। दोनों आरक्षी पूरा पैसा न देने पर उन्हें जेल भेजने की धमकी दिए।

अंत में 28 हजार रुपए पर सौदा तय हुआ। हकीम ने चार हजार रुपए नकद व 24 हजार रुपए ऑनलाइन पेटीएम के माध्यम से आरक्षियों को दिया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने उन्हें देर शाम वहां से जाने की इजाजत दी। इस घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को मिली। उन्होंने मामले की जांच एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव को सौंपा। जांच में आरोप सही पाया गया।

एसपी ने बताया कि दोनों आरक्षियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जरवा कोतवाली में केस दर्ज हुआ है। मामले की विवेचना सीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। सीओ ने बताया कि शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।



थाना कोतवाली जरवा।

### खूफिया सूत्र पुलिस कर्मियों की करते हैं निगरानी

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि गत माह भारी संख्या में उप निरीक्षक व कांस्टेबलों की अन्य थानों में अदला-बदली की गई थी। थानों में समय-समय पर खुफिया सूत्रों से जांच कराई जाती है। पुलिस कर्मियों के आचरण आदि की जानकारी प्राप्त होती रहती है। लापरवाह एवं भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर नजर रखा जाता है। साक्ष्य प्राप्त होते ही उन पर कार्रवाई की जाती है। एसपी ने बताया कि थानों में सभी के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। सरकार चाहती है कि थानों में सभी के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार किया जाए। यदि किसी को प्यास लगी है तो उसके लिए पानी का इंतजाम भी किया जाता है। लॉकप में रखे जाने वालों को सुरक्षा प्रदान करना भी प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी होती है। जरवा कोतवाली प्रकरण में पुलिस कर्मियों ने पैसा लेने के साथ-साथ हकीम व उसके दोस्तों को जबरदस्ती थाने में बैठाए रखा। सभी पुलिस कर्मियों को हिदायत दी जाती है कि वे किसी से धन उगाही न करें। अन्यथा सजा भुगतने के लिए तैयार रहें।

# तीन पर हुई शांतिभंग में कार्रवाई

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस ने तीन व्यक्तियों पर शांति भंग की कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक तेज नारायन गुप्ता ने बताया कि मनुललाह, नसीर व वसीम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय भेजा गया है।

# पुलिस ने चार अभियुक्तों को दबोचा

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने चार अभियुक्त को गिरफ्तार करके एसडीएम न्यायालय भेजा है। उप निरीक्षक धर्म प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदीप , सोहन, मोहन कुमार व अब्दुल रहीम के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने चोरी माल के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक घिर्राऊराम ने बताया कि ओम प्रकाश पुत्र अवध नरेश निवासी लैबुढ़वा की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। बताया कि अनिल उर्फ पोले पुत्र कल्लू व मोहम्मद फैसल पुत्र मोहम्मद वसीम निवासी कस्बा महाराजगंज तराई को गिरफ्तार किया गया।

# वांछित अभियुक्त को पकड़ा गया

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

उप निरीक्षक अब्दुल कादिर खान ने बताया कि मैने पुत्र मंगलू निवासी गोड़हनडीह एक मामले में न्यायालय से वंछित चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

बलरामपुर। ललिया थाने की पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए चोरों की पहचान अनिल कुमार उर्फ पोले निवासी सिंहरौरा व मोहम्मद फैसल निवासी महराजगंज तराई के रूप में हुई है। अभियुक्तों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। (संवाद)

## भूमि विवाद में दो गिरफ्तार

**आर्यनगर** : भूमि विवाद में मारपीट करने के आरोप में कौड़िया पुलिस ने जेठपुरवा गोसाईं पुरवा के राजू गोस्वामी व भगवती प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। (संसू)

## वारंटी गिरफ्तार

**आर्यनगर** : 20 साल पूर्व कर्नलगंज कोतवाली में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज अभियोग में वांछित चल रहे सिसई परसिया रानी के राजेंद्र को कौड़िया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।(संसू)

# उप चुनाव : 13 उम्मीदवारों की किस्मत आज मतपेटियों में होगी कैद

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : प्रधान पद के तीन सीटों पर 13 उम्मीदवारों की किस्मत बुधवार को मतपेटियों में कैद हो जाएगी। तीनों ग्राम पंचायतों में 5413 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मंगलवार को हरैया सतघरवा व गैंसड़ी ब्लाक मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गईं। तीनों गांवों में पहुंचकर पोलिंग पार्टियों ने सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कराने की पुख्ता तैयारी कर ली। मतदान के बाद मतपेटिकाएं ब्लाकों पर बने स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी जाएंगी। आठ सितंबर को दोनों ब्लाक मुख्यालयों पर मतगणना कराकर विजयी उम्मीदवारों को गांव की सरकार चलाने का जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से उप चुनाव कराने के लिए तीन जोनल व तीन सेक्टर मजिस्ट्रेटों को तैनात किया गया है।

यहां 46 सीटों पर पंचायत उप चुनाव कराए जा रहे हैं। चार प्रधान, तीन क्षेत्र पंचायत सदस्य व 38 ग्राम पंचायत सदस्य सीटों पर उप चुनाव हो रहा है। एक प्रधान, तीन बीडीसी व 36 ग्राम पंचायत सदस्य सीटों पर एकल नामांकन के चलते यहां निर्विरोध निर्वाचन होना तय माना जा रहा है। विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत देवपुरा में 2669 वोटर छह व हाथीगर्दा में 1457 वोटर तीन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

**दो ब्लाक मुख्यालयों से आठ पोलिंग पार्टियां रवाना, सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 5413 मतदाता करेंगे मतदान, तैयारी पूरी**

जूनियर हाईस्कूल देवपुरा में चार व प्राथमिक स्कूल हाथीगर्दा में दो मतदेय स्थल बनाए गए हैं। उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर को जोनल व खंड शिक्षाधिकारी हरैया सतघरवा सियाराम वर्मा को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। विकास खंड गैंसड़ी के ग्राम पिपरा दुर्गानगर में 1287 वोटरों को चार उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करना है। प्राथमिक स्कूल पिपरा दुर्गानगर में दो मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

उपजिलाधिकारी तुलसीपुर अभय कुमार को जोनल व खंड शिक्षाधिकारी गैंसड़ी शमशेर सिंह राणा को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। विषम परिस्थितियों के लिए एक जोनल व एक सेक्टर मजिस्ट्रेट आरक्षित किए गए हैं। इसमें तहसीलदार तुलसीपुर प्रमेश कुमार को जोनल व खंड शिक्षाधिकारी तुलसीपुर रमेश कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में शामिल किया गया है। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान व मतगणना में कड़ी नजर रखेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंहने कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को तैनात कर दिया गया है। मतदेय स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान व मतगणना के दिन अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



ब्लाक हरैया सतघरवा के शिवपुरा में बस से जातीं पोलिंग पार्टियां • जागरण

# 26 वर्ष से गोंडा के बाल गृह में शरण ले रहे अनाथ बच्चे

श्लोक मिश्र • बलरामपुर

जनपद का गौरव हासिल हुए 26 साल बीत चुके हैं। अब तक यहां अनाथ बच्चों के लिए बाल गृह नहीं बन सका है। इस वजह से विभिन्न कारणों से अपने मां-बाप को खोने वाले बच्चों को बाल गृह गोंडा भेजा जाता है। विभिन्न राजनीतिक दलों से विधायक चुने गए, चार नेता मंत्री पद को सुशोभित कर चुके हैं। एक विधायक को कैबिनेट मंत्री बनने का भी गौरव मिला, लेकिन बच्चों के सिर पर किसी ने हाथ नहीं फेरा। गत वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाल सेवा योजना शुरू की तो आला अधिकारियों ने अनाथ बच्चों के



गोंडा में स्थित बाल शिशु गृह • जागरण

**अनाथ बच्चों को पुचकारने के लिए माननीयों के नहीं बढ़े हाथ, रहनुमा की राह देख रहीं आंखें**

आकड़े भी जुटा लिए, फिर भी उन्हें पुचकारने व आश्रय देने की पहल किसी ने नहीं की।

पांच साल में इतने बच्चों को मिली गोद : जिले में 10 परिवार के 27 बच्चे ऐसे हैं, जिनके माता और पिता में से एक की मौत कोरोना से हुई है।

जिले में शून्य से 10 वर्ष के अनाथ बच्चों को बाल गृह गोंडा में भेजा जाता है। 10 से 18 वर्ष आयु के अनाथ बच्चों के संरक्षण की व्यवस्था लखनऊ में है। जिले में विभिन्न कारणों से अपने मां-बाप को खोने वाले बच्चों को जब बाल गृह गोंडा भेजा गया, तो कुछ को सहारा भी मिल गया। दत्तक ग्रहण के नियमों का पालन करते हुए समाज के संभ्रांतजन ने इनके सिर पर हाथ फेरा। पांच साल में 18 अनाथ बालक-बालिकाओं को मां-बाप की गोद मिल गई। वर्ष 2017 में एक लड़की को गोद लिया गया। 2018 में सात, 2019 में चार, 2020 में तीन, 2021 में एक और 2022 में दो अनाथ बच्चों को गोद लेकर उनकी जिंदगी संवारी जा रही है।

## बजट के अभाव में नहीं हुआ संस्था का चयन

बाल कल्याण समिति के चेयरमैन प्रदीप गुप्त का कहना है कि वर्ष 2020 में अनाथ बच्चों को कुछ समय के लिए संरक्षण देने को सामाजिक संस्थाओं से आवेदन मांगा गया था। कुछ संगठनों ने इसमें रुचि भी दिखाई, लेकिन विभाग की ओर से बजट का प्रावधान न होने से मना कर दिया। ऐसी स्थिति में संस्था का चयन नहीं हो सका।

# महिलाओं को बताए आत्मरक्षा के गुर

बलरामपुर। ललिया बाजार में मंगलवार को पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। थाने की पुलिस व एंटी रोमियो की टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर बताए। कहा कि आज महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। हर क्षेत्र में वह बेहतर कार्य कर रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनने के लिए पढ़ाई के साथ ही आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण भी लेना चाहिए। (संवाद)

# शिकायतों के निस्तारण में जिले को तीसरा स्थान

संवादसूत्र, बलरामपुर : अगस्त 2023 में आइजीआरएस पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों के निस्तारण में बलरामपुर लगातार दूसरी बार टाप फाइव में अपनी जगह बनाने में सफल रहा। अगस्त में प्रदेश के 75 जनपदों में बलरामपुर को तीसरी रैंक मिली है, जबकि जुलाई में पहली रैंक थी। शिकायतों के निस्तारण के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर उनकी संतुष्टि के संबंध में जिला दूसरी बार भी पहली रैंक पर है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, जिलाधिकारी कार्यालय, संपूर्ण समाधान दिवस व आनलाइन पोर्टल पर मिलने वाली जन शिकायतों के निस्तारण की प्रदेश स्तर पर समीक्षा में जिले को तीसरा स्थान मिला है। अमेठी प्रथम व कन्नौज दूसरे स्थान पर है।

जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने समस्त अधिकारियों को बधाई दी। कहा कि आगे भी जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अगस्त की रैंकिंग में जनपद को तीसरा स्थान हासिल हुआ है। आइजीआरएस पोर्टल पर अगस्त में जो भी शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके सापेक्ष सभी शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया गया। शिकायतों के निस्तारण के साथ फीडबैक में भी जनपद की स्थिति बेहतर रही, जिसके कारण स्टेट रैंकिंग में जिले को पहला स्थान मिला है।




कलेक्ट्रेट भवन–जागरण

**मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायत कर्ताओं से फोन पर बात कर संतुष्टि के संबंध में जिला दूसरी बार भी पहली रैंक पर**

मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से जन शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया। प्रतिदिन आइजीआरएस पोर्टल को स्वयं देखा। प्राप्त सभी शिकायतों का निर्धारित समय में भौतिक सत्यापन व शिकायतकर्ता से वार्ता करके निस्तारण सुनिश्चित कराया, ताकि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाए। डिफाल्टर संदर्भ का अर्थ है कि 30 दिन के अंदर मामलों का निस्तारण न हुआ हो।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रतीक नरेश ने बताया कि आइजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, आनलाइन हेल्पलाइन व शासन के साथ दैनिक आधार पर संदर्भ प्राप्त होते हैं उनके परीक्षण के बाद कार्यालयों के कर्मचारियों ने अधिकारियों को समय से प्रेषित भी किया। लगातार दूसरी बार भी टाप फाइव में स्थान बनाने में कामयाब रहे हैं। आइजीआरएस सहायक आनंद कुमार, उमंग श्रीवास्तव व सद्दाम का विशेष योगदान रहा है।

# सिपाहियों ने ली पेटीएम से घूस, दर्ज किया गया केस

- नेपाल घूमने गए युवकों को थाने में दो घंटे बैठाए रखा
- चार हजार नकद व 24 हजार लिया था आनलाइन भुगतान

**जासं, बलरामपुर :** मित्र पुलिस एक बार फिर चर्चा में है। इस बार उसपर अवैध वसूली का आरोप लगा है...नकद के साथ ही रुपये आनलाइन भी लिए गए हैं। मामला इसी के चलते फंस गया। जरवा कोतवाली में तैनात दो सिपाही राजू यादव व ध्रुव चंद ने नेपाल घूमने गए युवकों को डरा-धमका कर 28 हजार रुपये वसूल लिए। युवकों को दो घंटे थाने पर बैठाकर छोड़ने के नाम पर 50 हजार की मांग की। 28 हजार में सौदा तय होने के बाद चार हजार नकद व 24 हजार रुपये आनलाइन वसूल लिए। पीड़ित ललिया के कोड़री गांव निवासी हकीम खान ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराई। एसपी केशव कुमार ने एएसपी से जांच कराई। आरोप सत्य मिलने पर दोनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस भी दर्ज हुआ है। दोनों सिपाही फरार हैं।

हकीम खान ने बताया कि वह दोस्तों के साथ कार से एक सितंबर को नेपाल स्थित कोयलाबास घूमने गए थे। भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों ने उन्हें बार्डर पार नहीं जाने दिया, इस पर वे वापस घर आ रहे थे। हकीम के मुताबिक रास्ते में उन्हें उल्टी होने लगी। उन्होंने गाड़ी रोक दी। इसी बीच जरवा कोतवाली में तैनात सिपाही राजू यादव वहां पहुंचे और पूछताछ करने लगे। बिना पूरी बात सुने फोन करके एक और सिपाही ध्रुवचंद को बुला लिया और सभी को कोतवाली जरवा ले गए। थाना पर दो घंटे से अधिक समय तक बैठाए रखा। बाद में छोड़ने के नाम पर 50 हजार की मांग की। हकीम की जेब में चार हजार नकद थे, जिसे सिपाहियों को दे दिया। दोनों आरक्षी जेल भेजने की धमकी देने लगे। अंत में 28 हजार रुपये पर सौदा तय हुआ, हकीम ने 24 हजार रुपये पेटीएम से आरक्षियों को आनलाइन दिया। देर शाम उन्हें छोड़ा गया, घटना की जानकारी एसपी को मिली। मामले की जांच एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव को सौंपी। आरोप सत्य मिलने पर केस दर्ज कर विवेचना सीओ राघवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। सीओ ने बताया कि शीघ्र ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# कामकाज ठप कर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## कार्रवाई न होने तक आंदोलन की चेतावनी, मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंका

**जागरण टीम, बलरामपुर** : हापुड़ की घटना से नाराज वकीलों ने मंगलवार को तीनों तहसीलों में मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक का पुतला फूंककर विरोध जताया। नाराज वकीलों ने कामकाज ठप कर हंगामा किया। घटना के दोषियों पर कार्रवाई न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। न्यायिक कार्य न होने से वादकारियों को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। हालांकि वादकारियों ने भी घटना के दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामानंद मिश्र, महामंत्री अजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष हरीकांत मिश्र, सत्यदेव तिवारी, दुर्गेंद्र कुमार पाठक, कलेक्ट्रेट बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह, युवा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, महामंत्री विवेक कुमार सिहं, शशांक कुमार त्रिपाठी, दिलीप कुमार शुक्ल, जमील अहमद, प्रशांत ओझा व कमाल अहमद शाह ने कहा कि हापुड़ में निर्दोष वकीलों पर पुलिस लाठी चार्ज को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। घटना की जितनी कड़ी निंदा की जाए उतना कम है। कई महिला व पुरुष अधिवक्ताओं को गंभीर चोटें आई हैं, इसलिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। जनपद हापुड़ के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी का वहां से शीघ्र स्थानांतरण किया जाए। दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उन्हें बर्खास्त किया जाए। घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए। प्रदेश में अधिवक्ताओं पर दर्ज एफआइआर वापस लिए जाएं। यदि शीघ्र ही उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



तुलसीपुर तहसील परिसर में पुतला फूंकते अधिवक्ता • जागरण



जिला सत्र न्यायालय और उतरौला तहसील परिसर मे पुतला जलाते अधिवक्ता • जागरण

कलेक्ट्रेट गेट, मोड़ व तहसील गेट पर वकीलों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। बार एसोसिएशन उतरौला के अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा, महामंत्री गयासुद्दीन खां, मार्कण्डेय मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुस्तफा हुसैन, अमित श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, बाबर अली, रामसुंदर यादव, रमाशंकर मौर्य, प्रहलाद यादव, महेंद्र पांडेय, अब्दुल मोईद सिद्दीकी, आदित्य श्रीवास्तव, रवि मिश्र, शादाब अहमद ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में मांग किया है कि कमेटी में बार कौंसिल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष व हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज को शामिल किया जाए। सरकार की जांच कमेटी से न्याय की कोई उम्मीद नहीं रह गई है। बार एसोसिएशन तुलसीपुर के अध्यक्ष सुरजीत प्रताप सिंह, महामंत्री शाह आलम खान, सत्यदेव पांडेय, श्रीकांत वर्मा, राजेश्वर प्रसाद मिश्र, हरीश कुमार वर्मा, आशुतोष कुमार गुप्त, ओंकारनाथ यादव व अब्दुला ने प्रदर्शन कर विरोध जताया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# सिपाहियों ने युवकों से वसूले 28 हजार

## थाने लाकर धमकाने का भी आरोप, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

जरवा (बलरामपुर)। जिले के जरवा थाने के सिपाहियों पर नेपाल जा रहे युवकों से 28 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगा है। इस मामले में पीड़ित हकीम खान की तहरीर पर एक नामजद व दूसरे अज्ञात सिपाही के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना ललिया के कोडरी निवासी हकीम खान ने तहरीर में बताया कि वह अपने एक साथी के साथ एक सितंबर को नेपाल के कोयलावाशा जा रहा था। सीमा पार न हो पाने से वह वापस लौट रहे थे, तभी जरवा थाने में तैनात सिपाही राजू यादव वहां आया। आरोप है कि उसने उनकी गाड़ी को रोक कर सभी को नीचे उतार दिया। इस बीच एक और सिपाही वहां पहुंच गया।

दोनों सिपाहियों ने उन्हें थाने लाकर बाहर बैठाए रखा। वह छोड़ने के एवज में 50 हजार रुपये देने अथवा जेल भेजने की धमकी दे रहे थे। मौके पर सिर्फ 28 हजार रुपये की ही व्यवस्था हो पाने किसी तरह मामले में सहमति बनी। दोनों सिपाहियों को चार हजार रुपये नकद व 24 हजार रुपये फोन-पे से चुकाने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया।

### दुकानदार व चाय वाले के नंबर पर मंगाए रुपये

बलरामपुर। जरवा थाने में नेपाल जा रहे युवकों से अवैध वसूले के 24 हजार रुपये आरोपी सिपाहियों ने एक दुकानदार शमशाद व चाय वाले कयूम के मोबाइल नंबर पर फोन-पे से वसूले थे।

वसूली का पैसा आन लाइन लेने के लिए आरोपी सिपाहियों ने अपना फोन नंबर पीड़ित हकीम को नहीं दिया था। इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक केशव प्रसाद की ओर से कराई जा रहे मामले की जांच में हुआ। पूरे मामले में दो सिपाही शामिल थे, लेकिन नामजद सिपाही राजू यादव ही हुए और एक सिपाही अज्ञात में हैं। अब विवेचना बाद ही दूसरे सिपाही का नाम सामने आएगा।

सोमवार की देर शाम इस मामले को लेकर पीड़ित ने थानाध्यक्ष से मिलकर दोनों सिपाहियों के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने मामले में केस दर्ज करते हुए इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-06-09-2023

# रेप व धमकी का फरार आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। देहात कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बेड़नापुर पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोकी नाथ मौर्या, सिपाही सुरेश यादव, राहुल गुप्ता, पुषांजल सिंह ने मंगलवार को शेखनपुर कटहा के पास दबिश देकर रेप व धमकी मामले में फरार आरोपी परवेज उर्फ परवेश को गिरफ्तार कर लिया। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है।

दूसरी तरफ नानपारा कोतवाली हेमंत कुमार गौड़, सिपाही पंकज कुमार, धीरेन्द्र चौधरी ने मंगलवार शाम को दबिश दी। पुलिस न रेप, छेड़छाड़, मारपीट, धमकी, गाली गलौज, पाक्सो एक्ट में नामजद फरार आरोपी मासूपुर निवासी सिराजुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि वह वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था।

हिन्दुस्तान

जमकर चले ईंट पत्थर, पथराव से तीन बाइक क्षतिग्रस्त, पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया

# दलित के घर में घुसकर हमला, केस दर्ज

बहराइच, संवाददाता। दर्जनों हमलावरों ने सोमवार की देर शाम दलित के घर में घुसकर जमकर मारपीट की। उसकी मदद को बचाने आए लोगों की भी पिटाई कर दी। गांव में जमकर बवाल काटा। हमलावरों के ताबड़तोड़ पथराव से तीन बाइक व अन्य कीमती सामान क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

जरवलरोड थाने के जुमेरपुर गांव में दलित महेश कुमार पुत्र छत्रपाल को पुरानी रंजिश में हमलावरों ने सोमवार देर शाम ने घर में घुसकर जमकर मारापीट की। हमले में दलित महेश घायल हो गया। यही नहीं उसकी मदद को बचाने आए लोगों पर हमलावरों ने पथराव कर दिया। भाग रहे लोगों को पीटने के लिए दौड़ा लिया। जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। उपद्रव में तीन बाइक व अन्य कीमती सामान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल महेश को इलाज



जरवलरोड के जुमेरपुर गांव में मारपीट में घायल दलित।

के लिए मुस्तफाबाद सीएचसी में भर्ती कराया है।

एसएचओ ददन सिंह ने बताया कि महेश की तहरीर पर गांव के सुनील, अजय, प्रताप बहादुर उर्फ गुड्डू और संजय कुमार के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज, जानमाल की धमकी, एससीएसटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया गया है। सीओ कैसरगंज की ओर से घटना की जांच की जा रही है।

## गैंगरेप के आरोपियों को नहीं पकड़ रही पुलिस

- पीड़िता के शपथी गवाहों को घर पर जाकर धमकियां दे रहे हैं आरोपी
- एक नामजद पर दर्ज है कई मुकदमें, पीड़िता व परिवार के लोगों में दहशत

बहराइच, संवाददाता। खैरीघाट इलाके की बैवाही पुलिस चौकी के एक गांव में मई के पहले सप्ताह में युवती के साथ हुए गैंगरेप मामले में चार माह बाद भी नामजद आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिससे बेखौफ नामजद आरोपियों की ओर से पीड़िता के गवाहों को घरों पर जाकर जानमाल की धमकियां दी जा रही हैं।

खैरीघाट थाने के एक गांव निवासिनी युवती चार मई की शाम लगभग सात बजे अपने गांव से दूसरे गांव स्थित नए मकान को जा रही थी। रास्ते में पुलिया के पास नशे की हालत में खड़े दो लोग उसे जानमाल की धमकियां देकर झाड़ियों में खींच ले गए, और दोनों ने महिला के साथ गैंगरेप किया।

इनसे छूटकर पीड़िता घर पहुंची। उसने अपने ससुर को वारदात की जानकारी दी। ससुर व अन्य परिजन उसे थाने लाए। पीड़िता ने तहरीर दी, पुलिस केस दर्ज करने के बजाय आजकल पर टरकाती रही। केस दर्ज न होने पर पीड़िता ने 22 मई को एसपी के यहां शिकायत की। फिर भी नतीजा शून्य रहा। जिस पर उसने कोर्ट की शरण ली।

कोर्ट के आदेश पर चार जुलाई को गैंगरेप व धमकी की धाराओं में केस दर्ज हो गया। जिसमें पीड़िता का कोर्ट पर बयान दर्ज होने के बावजूद नामजद कैलाश यादव व रामनिवास यादव को पुलिस की ओर से गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि बैवाही की पुलिस अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रही है। पीड़िता के पति व परिवार को डराया धमकाया जा रहा है।

पीड़िता व उसका पति कई बार आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में स्थानीय प्रशासनिक अफसरों से मिल कर गिरफ्तारी की मांग कर चुका है। इतना ही नहीं नामजद आरोपी खुलेआम घूम कर पीड़िता के गवाहों के घर जाकर धमकियां दे रहे हैं।

कैलाश यादव पर गुंडा एक्ट, लूट, चोरी, गैंगरेप सहित स्थानीय थाने पर 10 से 12 मुकदमा दर्ज हैं। पीड़िता से जानकारी लेने पर बताया गया कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वह मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ जाकर अपनी आप बीती बताएंगी।

हिन्दुस्तान

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सज रही पुलिस लाइन


शहर के चौक बाजार में पूजा सामग्री की खरीदारी करते लोग।

बहराइच, संवाददाता। योगीराज भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सात सितम्बर की रात यानि गुरुवार रात को धूमधाम से मनाई जाएगी। छह दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बाल कृष्ण के जीवन पर आधारित भव्य मनोरम झांकियों की सजावट मुख्य आकर्षण होंगे। जन्माष्टमी की पूरी रात उपवास करने वाले जगराता करेंगे।

शहर स्थित पुलिस लाइन में जन्माष्टमी गुरुवार की रात मनाई जाएगी। इसके लिए पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर की साज सज्जा की जा रही है। पुलिस लाइन में गुरुवार शाम भव्य झांकियां जगमग करेंगी। भजन संध्या का आयोजन होगा। सीओ सुरेश पाल सिंह ने बताया कि भोग प्रसाद होगा। गुरुवार रात कन्हैया जी के जन्म की झांकी होगी। जबकि अधिकांश थानों में बुधवार शाम को ही जन्माष्टमी का आयोजन होगा। शहर जिला कारागार के गेट पर स्थित मंदिर में भगवान श्री कृष्ण बाल जीवन से संबंधित झांकियां सजाई जाएगी। बंदियों की ओर से सहभागिता की जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में ही हुआ था। इसलिए जिला कारागार में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रहेगी।

## गुरुवार सुबह से शुरू होगी कृष्ण पूजा

बहराइच। श्री सिद्ध नाथ मंदिर मे जन्माष्टमी के आयोजन गुरुवार सुबह से शुरू हो जाएंगे। शहर व ग्रामीण इलाकों में चहुंओर जन्माष्टमी की धूम रहेगी। श्री सिद्धनाथ मंदिर में महंथ श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महा मंडलेश्वर रवि गिरी महाराज के सानिध्य में गुरुवार सुबह योगीराज भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक होगा। इसके पश्चात भोग व आरती होगी। इसके बाद श्रीकृष्ण के बाल रूप की साज सज्जा होगी। विशेष झांकियों का आकर्षण होगा। झांकियों के दर्शन शाम चार बजे से शुरू होंगे। शाम छह बजे से रात 11 बजे तक भजन संध्या होगी। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जी का जन्म होगा। जबकि शहर के स्टेशन परिसर पास स्थित श्री राणी सती श्याम बाबा मंदिर में भी गुरुवार सुबह से मंदिर की फूलों से साज सज्जा शुरू होगी। शाम को मंदिर समिति अध्यक्ष विमल कुमार टेकड़ीवाल की देखरेख में श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा। यह रात 12 बजे श्याम प्रभु के जन्म तक चलेगा। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शहर के श्री देवी गुल्लावीर मंदिर, कानूनगोपुरा स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर, सिविल लाइन स्थित गांवट मां मंदिर, गुदड़ी स्थित भाष्कर मंदिर, सूफीपुरा स्थित शिव शक्ति मंदिर, सराफा गली के हनुमान मंदिर, छावनी स्थित राम जानकी मंदिर, हमजापुरा स्थित पंचायती राम जानकी मंदिर, रामघाट स्थित शिव मंदिर आदि विभिन्न मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।

हिन्दुस्तान

# कचहरी गेट पर अधिवक्ताओं का धरना, पुतला भी फूंका

बहराइच, संवाददाता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज पर प्रदेश व्यापी तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश बार कांउसिल के आवाहन पर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा व महामंत्री पुष्पांजलि नाथ मिश्रा के नेतृत्व में दीवानी कचेहरी गेट पर धरना हुआ। प्रदेश के मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंक कर विरोध जताया गया।

बार एसोसिएशन महामंत्री पुष्पान्जलि नाथ मिश्र ने प्रदेश बार कांउसिल के निर्देशानुसार आन्दोलन जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष धनुषधारी, आलोक कुमार शुक्ला, प्रशांत कुमार शुक्ला, ट्रेजरार रमेश चन्द्र तिवारी, संयुक्त सचिव रमन कुमार सिंह, पंकज कुमार मिश्र, धर्मेन्द्र कुमार, सदस्य शासी परिषद रामजी अवस्थी, शिव दयाल तिवारी, संतोष कुमार सिंह, उबैद अहमद, पूर्व अध्यक्ष राम छबीले शुक्ला, राम अवल सिंह सेंगर, सूबेदार मिश्र, कुंवर बहादुर सिंह, देवेन्द्र प्रसाद पाण्डेय मौजूद रहे।


दीवानी कचहरी गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।


मिहींपुरवा तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

## नानपारा और मिहींपुरवा में भी जलाए गए पुतले

नानपारा। नानपारा तहसील परिसर में जुलूस निकाला गया। अधिवक्ताओं ने तहसील गेट पर धरना दिया। पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की गई। अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर रहेंगे। बार कौन्सिल के निर्देश पर कार्यक्रम होंगे। उधर मिहींपुरवा आदर्श बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा के नेतृत्व में वकीलों ने जुलूस निकाल कर पुतला फूंका। एसडीएम मिहींपुरवा संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील प्रांगण में अधिवक्ता धरना दिया गया। मिहींपुरवा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जवाहर लाल वर्मा ने बताया हापुड़ में अधिवक्ता पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर तमाम अधिवक्ता घायल हुए।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग

कैसरगंज। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारे बाजी की। मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक का पुतला फूंका। अधिवक्तागण दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लिए जाने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर प्रदेश में लागू करने व हापुड़ लाठी चार्ज में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र, विजय प्रताप सिंह, नसीब खां, विनोद कुमार सिंह चौहान, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, राज किशोर यादव, बालकराम सरोज आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# पंचायत उपचुनाव आज, चार पदों के लिए डाले जाएंगे वोट

**पुख्ता इंतजाम**

- शाम को बूथों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, सात बजे से शुरू होगी वोटिंग
- बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 6825 मतदाता करेंगे मतदातन

बहराइच, संवाददाता। जिले के चार ब्लॉकों में तीन प्रधान व एक सदस्य क्षेत्र पंचायत के पद पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को दोपहर ब्लॉक मुख्यालयों से पोलिंग पार्टियां रवाना हो गईं, जो शाम अपने-अपने बूथों पर पहुंच गईं। 6825 मतदाता उपचुनाव में मतदान करेंगे। सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया चलेगी। शुचितापूर्ण उपचुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बूथों से निर्धारित दूरी पर ही प्रत्याशी व उनके समर्थक मौजूद रहेंगे।

जिले में विभन्न कारणों से रिक्त 24 पदों पर उपचुनाव को लेकर आयोग की ओर से घोषणा की गई थी। इनमें महसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत गदामार कला, मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत कटघर व कैसरगंज के सिरौला ग्राम पंचायत में रिक्त प्रधान व जरवल ब्लॉक के गौर व हिसामपुर के सदस्य क्षेत्र पंचायत पद पर उपचुनाव को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सभी ब्लॉकों से सुबह 11 बजे से पोलिंग पार्टियों के रवानगी का सिलसिला शुरू हुआ। शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने बूथों पर पहुंच गईं। सेक्टर मजिस्ट्रेटों पर बूथों पर पहुंचकर



महसी ब्लॉक मुख्यालय से बूथों को रवाना होती पोलिंग पार्टी।

मतदान की तैयारियों में जुटे रहे। सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। उपचुनाव को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों को मुस्तैद किया गया है।

**तीन प्रधान व एक बीडीसी पद पर 11 प्रत्याशी:** बहराइच। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में तीन ग्राम प्रधान व एक बीडीसी पद पर उपचुनाव हो रहा है। मिहींपुरवा में पांच व अन्य तीन जगहों पर दो-दो सहित कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

**आठ सुबह आठ बजे से होगी मतगणना:** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आठ सितंबर को सुबह उपचुनाव की मतगणना कराई जाएगी। सुबह आठ बजे से मतगणना का कार्य शुरू होगा, जो फाइनल परिणाम आने तक जारी रहेगी। मतगणना स्थल पर प्रत्याशी व उनके एजेंट को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

### चार बीडीसी व 15 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध

बहराइच। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 24 पदों पर उपचुनाव होने थे। इनमें सदस्य ग्राम पंचायत के 15 व चार सदस्य ग्राम पंचायत के पद पर प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है, क्योंकि इन पदों पर एक ही प्रत्याशी की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे।

हिन्दुस्तान

# फर्जी अभिलेखों पर दूसरे की भूमि का कराया बैनामा

- जरवलरोड इलाके में सक्रिय बरजोरों का कारनामा
- एसपी से शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की तहकीकात

बहराइच, संवाददाता। दूसरे व्यक्ति की भूमि को दो जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज के सहारे तीसरे व्यक्ति के नाम बैनामा कर दिया। इसकी भनक लगने पर पीड़ित ने आपत्ति की तो बरजोर मारपीट को आमादा हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी से किया, जिसपर जरवलरोड पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी अभिलेख के सहारे बैनामा, गाली गलौज व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

दरगाह थाने के गुलामअलीपुरा निकट जीजीआईसी स्कूल की भूमि जरवलरोड थाने के जरवल कस्बा में जरवल चीनी मिल मार्ग पर स्थित है। जिस गाटा संख्या में भूमि है उसका आधा हिस्सा कैसरगंज थाने के डिहवा शेर बहादुर गांव निवासिनी नीलम सिंह पत्नी तरुण कुमार के नाम दर्ज है। नीलम सिंह ने अपने हिस्से की साढ़े चौदह बिस्वा भूमि अपने गांव के ही मोहम्मद जहीर खां उर्फ डॉ. राजू पुत्र लल्लन को बैनामा कर दिया। जरवल के मोहम्मद जहीर व अतीक ने अख्तरुननिशा, मिसबहुलनिशा, एजाज अहमद, मुफीद अहमद, रीना बेगम, सरवरी बेगम, नफीसुन बेगम, जाशमा बेगम आदि लोगों को अनिल कुमार के हिस्से की जमीन भी नाजायज रूप से छल- कपट करते हुए बेच दी। शिकायत करने पर दोनों ने गालियां व जानमाल की धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी जो भूमि बची है, उसको भी बेच देंगे। इसकी शिकायत पीड़ित ने एसपी से की।

एसएचओ ददन सिंह ने बताया कि मोहम्मद जहीर खां उर्फ डॉ. राजू पुत्र लल्लन व अतीक अहमद पुत्र अहद के विरुद्ध गाली गलौज, जान माल की धमकी, जालसाजी कर फर्जी अभिलेख बनाने, धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। तहकीकात शुरू कर दी गई है।

हिन्दुस्तान

# गैंगरेप के आरोपियों को नहीं पकड़ रही पुलिस

- पीड़िता के शपथी गवाहों को घर पर जाकर धमकियां दे रहे हैं आरोपी
- एक नामजद पर दर्ज है कई मुकदमें, पीड़िता व परिवार के लोगों में दहशत

बहराइच, संवाददाता। खैरीघाट इलाके की बैवाही पुलिस चौकी के एक गांव में मई के पहले सप्ताह में युवती के साथ हुए गैंगरेप मामले में चार माह बाद भी नामजद आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिससे बेखौफ नामजद आरोपियों की ओर से पीड़िता के गवाहों को घरों पर जाकर जानमाल की धमकियां दी जा रही हैं।

खैरीघाट थाने के एक गांव निवासिनी युवती चार मई की शाम लगभग सात बजे अपने गांव से दूसरे गांव स्थित नए मकान को जा रही थी। रास्ते में पुलिया के पास नशे की हालत में खड़े दो लोग उसे जानमाल की धमकियां देकर झाड़ियों में खींच ले गए, और दोनों ने महिला के साथ गैंगरेप किया।

इनसे छूटकर पीड़िता घर पहुंची। उसने अपने ससुर को वारदात की जानकारी दी। ससुर व अन्य परिजन उसे थाने लाए। पीड़िता ने तहरीर दी, पुलिस केस दर्ज करने के बजाय आजकल पर टरकाती रही। केस दर्ज न होने पर पीड़िता ने 22 मई को एसपी के यहां शिकायत की। फिर भी नतीजा शून्य रहा। जिस पर उसने कोर्ट की शरण ली।

कोर्ट के आदेश पर चार जुलाई को गैंगरेप व धमकी की धाराओं में केस दर्ज हो गया। जिसमें पीड़िता का कोर्ट पर बयान दर्ज होने के बावजूद नामजद कैलाश यादव व रामनिवास यादव को पुलिस की ओर से गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि बैवाही की पुलिस अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रही है। पीड़िता के पति व परिवार को डराया धमकाया जा रहा है।

पीड़िता व उसका पति कई बार आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में स्थानीय प्रशासनिक अफसरों से मिल कर गिरफ्तारी की मांग कर चुका है। इतना ही नहीं नामजद आरोपी खुलेआम घूम कर पीड़िता के गवाहों के घर जाकर धमकियां दे रहे हैं।

कैलाश यादव पर गुंडा एक्ट, लूट, चोरी, गैंगरेप सहित स्थानीय थाने पर 10 से 12 मुकदमा दर्ज हैं। पीड़िता से जानकारी लेने पर बताया गया कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वह मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ जाकर अपनी आप बीती बताएंगी।

हिन्दुस्तान

# सीमावर्ती गांवों में आधार की होगी जांच

बहराइच। सीमावर्ती गांवों में आधार पर सरकार ने नजरें गड़ाई हैं। फर्जी आधार के जरिए सरकारी योजनाओं को हड़पने व अन्य गतिविधियों में शामिल ऐसे लोगों को सामने लाने के लिए सरकार ने आधार के अपडेशन के निर्देश दिए हैं।

भारत-नेपाल सीमा से लगे आठ जिलों में फर्जी आधार के माध्यम से अनाधिकृत लोगों के ठौर लेने व सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की गोपनीय रिपोर्ट पर सरकार अलर्ट हुई है।

# बिजली चोरी में तीन लोगों पर मुकदमा

संसू, बहराइच : मंगलवार को शहरी क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र सिविल लाइन से पोषित 11 केवी हाई लाइन लास टेलीफोन फीडर की सघन चेकिंग मुहल्ला सरस्वतीनगर, माधवरेती, जगतापुर में उप खंड अधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर चेकिंग की गई।

टीम में अवर अभियंता विजिलेंस पवन कुमार, प्रभारी प्रवर्तन दल सुरेंद्र कुमार तिवारी, अवर अभियंता सिविल लाइन अनिल कुमार भारती, घंटाघर मुकेश कुमार पटेल ने कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से उपभोक्ताओं के कनेक्शन की चेकिंग कराई। उप खंड अधिकारी ने बताया कि दो खराब मीटर बदलकर नए लगाए गए। बकाएदार उपभोक्ताओं से तीन लाख की राजस्व की वसूली कर पांच बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। तीन उपभोक्ताओं के मीटर से पहले केबल को काटकर बिजली चोरी करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत एफआइआर की कार्रवाई की गई।

## जैतापुर में फीडर खराब



जैतापुर फीडर सही करते कर्मी • जागरण

संसू, फखरपुर(बहराइच) : मंगलवार सुबह जैतापुर फीडर में खराबी आने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। दो बजे के बाद फीडर ठीक होने पर बिजली मिली। फखरपुर में बने पावरहाउस में आठ फीडर हैं। सुबह 8.45 बजे से 11:45 तक व दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक रोस्टिंग का समय है। ग्रामीण सुभाष दीक्षित, रामजी मिश्र, रामसमुझ पाल, अनुराग यादव ने बताया कि बिजली व्यवस्था खराब होने पर जब फोन मिलाया जाता है तो कर्मचारी बात नहीं करते हैं। एसएसओ बृजेश मौर्य ने बताया कि फीडर बन गया है।

## गर्मी में बिजली कटौती ने बढ़ाई दिक्कत

**जासं, बहराइच** : बारिश नहीं होने से कई दिनों से गर्मी का प्रकोप बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों के हालत और भी बदतर है। बिजली की आवाजाही से लोग पूरी नींद सो नहीं पा रहे हैं।

मंगलवार की रात करीब दस बजे बशीरगंज क्षेत्र में अचानक ट्रांसफार्मर फुंक गया। यह वह समय था, जब लोग खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। बिजली जाने से लोग जाग गए और छतों पर आ गए। करीब आधा घंटे बाद बिजली आई। मंगलवार को दिन में करीब साढ़े 11 बजे शहर में केडीसी के पास रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इससे करीब एक घंटे लोग परेशान रहे। लोगों ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद खराबी दूर की गई। रात में कई मुहल्लों में बिजली की आवाजाही रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग बिजली की आवाजाही से परेशान रहे।

# लेखपाल के खिलाफ धरना

**खैरीघाट (बहराइच)**। लेखपाल पर गलत पैमाइश का आरोप लगाते हुए शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय स्थित बाढ़ राहत शिविर में मंगलवार को ग्रामीणों संग सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने धरना दिया। जिलाधिकारी के नाम मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी अमन कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। -संवाद

# 15 पुलिसकर्मियों को मिली नई तैनाती

- चार को एसओजी एवं एक सर्विलांस में तैनात

संसू, बहराइच : कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसपी ने कई आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने हरदी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल धर्मपाल सिंह, पयागपुर के श्रीनाथ शुक्ल व पुलिस लाइन में तैनात देवेंद्र मिश्र को स्वाट/एसओजी में तैनात किया है। मनीष यादव को एसओजी से मटेरा थाने में तैनात किया है। आनंद कुमार को कोरोना सेल से सर्विलांस, पुलिस लाइन से हेड कांस्टेबल अरुण कुमार को परिवहन शाखा, सुनील कुमार निषाद को थाना रुपईडीहा, कुलदीप यादव को कोतवाली नगर में तैनात किया है।

सोनू यादव को अपराध शाखा से फखरपुर, जितेंद्र कुमार गौर को रिसिया से विशेश्वरगंज, धर्मजीत गुप्त को रिसिया से मोतीपुर, महिला आरक्षी रोशनी देवी को विशेश्वरगंज से कोतवाली मुर्तिहा, विजय लक्ष्मी को दरगाह शरीफ व नयनश्री को कोतवाली देहात से मुर्तिहा कोतवाली में तैनात किया है।

# नेपाल सीमा पर होगी विदेशी नागरिकों के निवास की जांच

जागरण संवाददाता, बहराइच : विदेशी नागरिकों के अवैध रूप से प्रवेश कर भारत में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड बनवाने एवं गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की बढ़ती घटनाओं के बीच भारत सरकार सीमावर्ती गांवों में रह रहे लोगों का आधार सत्यापन कराएगी, ताकि तस्करी समेत हर तरह के राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। हिमालय की तलहटी में इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

नेपाल की खुली सीमा भारत आने-जाने के लिए प्रतिबंध मुक्त है। इसका लाभ राष्ट्र विरोधी ताकतें उठाती रही हैं। हाल ही में चर्चित सीमा हैदर समेत कतिपय प्रकरण

**02** ब्लाकों मिहींपुरवा व नवाबगंज में होगा आधार का सत्यापन

**152** ग्रामसभा और दो नगर पंचायतों में जांच की प्रक्रिया शुरू

सामने आने के बाद भारत सरकार ने नेपाल सीमा से सटे गांवों में रह रहे लोगों के आधार के सत्यापन का फैसला किया है। इस कड़ी में प्रदेश के आठ सीमावर्ती जिलों के 22 विकास खंडों में दस्तावेजों को अपडेट किया जाएगा, जिसमें जिले के मिहींपुरवा व नवाबगंज के 152 गांवों एवं दो नगर पंचायतों में व्यस्क निवासियों के आधार में दस्तावेज



बहराइच स्थित रुपईडीहा बार्डर • जागरण

अपडेट कराया जाना है। इसके अलावा श्रावस्ती जिले के जमुनहा एवं सिरसिया ब्लाकों को भी योजना के तहत चयनित किया गया है। अभी यहां रह रहे लोगों के आधार एकत्र किए जा रहे हैं। अगले चरण में 18 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के अभिलेखों को अपडेट किया जाएगा।

डोर-टू-डोर सर्वे के लिए ग्रामवार टीम का गठन किया जाएगा। प्रत्येक टीम में एक आशा अथवा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, लेखपाल अथवा बीडीओ व एक सिपाही होगा। शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय के अधिकारियों को सम्मिलित किया जाएगा। हर ब्लाक में चार-चार अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित कर आधार में दस्तावेज अपडेट करने समेत पहचान पत्र संबंधी दस्तावेजों भरे जाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



> नेपाल सीमा से सटे गांवों की आबादी के आधार का सत्यापन भारत सरकार के निर्देश पर कराया जा रहा है, ताकि अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोगों का पता लगाया जा सके।
>
> -मोनिका रानी, जिलाधिकारी

**राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाएगी डिश टीवी :** नेपाल सीमा के दस किलोमीटर क्षेत्र में डिश टीवी का सर्वे कराया जा रहा है। योजना के तहत ब्लाक मिहींपुरवा व नवाबगंज में कुल 14641464 (डायरेक्ट-टू-होम) डीटीएच स्थापित होंगे, जिसमें अब तक एक हजार घरों का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद यहां सरकार डिश टीवी की सुविधा देगी, जिस पर लोगों को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाया जाएगा। ब्लाक स्तर पर बीडीओ एवं ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत अधिकारियों को नोडल नामित किया है।

# तीन के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

बहराइच। बिजली विभाग की ओर से मंगलवार को शहर के सिविल लाइंस उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली चोरी व राजस्व वसूली को लेकर अभियान चलाया गया। टीम ने तीन उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराते हुए तीन लाख से अधिक की वसूली की। बिजली विभाग के एसडीओ सदर विजय कुमार की अगुवाई में टीम ने उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले वाले मोहल्ला सरस्वती नगर, माधवरेती व जगतापुर में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया।

एसडीओ सदर ने बताया कि जांच के दौरान बकाएदार उपभोक्ताओं से तीन लाख से अधिक वसूली गई है। दो खराब मीटरों को बदलकर नए मीटर लगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पांच बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को काटा गया। -संवाद

# रूपईडीह पुलिस ने की गश्त

रुपईडीहा। विभिन्न पर्वों को लेकर मंगलवार शाम रूपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने दल बल के साथ सीमा व बाजारों का भ्रमण किया। उन्होंने गलियों व चौराहों पर लोगों से बातचीत की। उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की। इस दौरान उप निरीक्षक अश्वनी पांडेय, हेड कांस्टेबल रवि सिंह, रामवीर चौहान, धर्मनाथ मौजूद रहे। -संवाद

# दुष्कर्म का आरोपित दबोचा

बहराइच : दुष्कर्म के मामले में पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष हरदी सूरज कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपित ननकये ऊर्फ प्रमोद कुमार निवासी मैकूपुरवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके राजी चौराहा नहर पुलिया के पास मौजूद होने की सूचना मिली थी। मामले को गंभीरता से लेकर आरक्षी अचिंतन व परमेश मौर्य के साथ मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण में तीसरा स्थान

**बहराइच।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अन्तर्गत अगस्त में निस्तारित किए गए सन्दर्भों के आधार पर जनपद को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। गुड परफार्मेंस के लिए डीएम ने सभी संबन्धित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को बनाए रखें। प्रदेश में अव्वल स्थान लाने के लिए फरियादियों की समस्याओं का समय के साथ निस्तारण करें। (संवाद)

# तीन प्रधान व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर उपचुनाव आज

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच/महसी/हुजूरपुर। जिले के चार विकासखंडों मे तीन ग्राम प्रधान व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए छह सितंबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। उपचुनाव में 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 6825 मतदाता करेंगे।

जिले के मिहींपुरवा, कैसरगंज, जरवल व हुजूरपुर विकास खंडों में ग्राम पंचायत के उपचुनाव में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत के उपचुनाव में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर तैयारी पूरी करते हुए निर्वाचन व सहायक निवार्चन अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत कटघरा में प्रधान पद के चुनाव में ग्राम पंचायत कटघरा के प्राथमिक पाठशाला के तीन कक्षों में 1860 मतदाता अपने-अपने मतों का प्रयोग करेंगे। महसी विकास खंड के गदामार कला ग्राम पंचायत में प्राथमिक पाठशाला गदामार कला के दो मतदान कक्षों में 1259 मतदाता, विकासखंड हुजूरपुर के ग्राम पंचायत सिरौला के प्राथमिक पाठशाला के दो कक्षों में ग्राम प्रधान के पद पर 2270 मतदाता मतदान करेंगे। वहीं विकास खंड जरवल में क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर प्राथमिक पाठशाला गौर के दो कक्षों व प्राथमिक पाठशाला हिसामपुर के एक कक्ष में १४३६ मतदाता अपने पंसदीदा प्रत्याशी चुनेंगे। उपचुनाव में तीन प्रधान के पदों पर 5389 व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर 1436 मतदाता मतदान करेंगे।

बता दें कि ग्राम पंचायत के उपचुनाव में मिहींपुरवा के कटघरा में प्रधान पद पर पांच, महसी के गदामार कला में प्रधान पद पर दो और हुजूरपुर के सिरौला ग्राम पंचायत में प्रधान के पद पर दो प्रत्याशी चुनाव मैदान अपनी किकस्मत आजमा रहें हैं। वहीं विकास खंड जरवल के क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर भी दो प्रत्याशी-आमने सामने हैं।

### चुनाव में 6825 मतदाता करेंगे 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



बहराइच में बूथ के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टी। -संवाद

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नानपारा (बहराइच)। कोतवाली क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल हेमंत गौड़ ने बताया कि मासूपुर निवासी सिराजुद्दीन ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। उसके खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। मंगलवार को उसे नवाबगंज मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-06-09-2023

# दो को साढ़े तीन साल कारावास की सजा

श्रावस्ती। न्यायालय की ओर से एससीएसटी एक्ट के दो आरोपियों को साढ़े तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदंड से भी दंडित किया गया। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम टेंगरहना निवासी शेरू यादव पुत्र जगदीश प्रसाद व जगदीश प्रसाद पुत्र दीपक यादव पर मजदूरी के रुपये मांगने पर एक व्यक्ति से मारपीट करने के आरोप में सात अप्रैल 2010 को गिलौला थाने में एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धराओं में मामला दर्ज किया गया था।

# 120 लीटर कच्ची शराब बरामद, 12 गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 120 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

# नियम उल्लंघन पर 54 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस की ओर से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 54 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया।

# मेले में सीसीटीवी से अराजक तत्वों की निगरानी होगी



सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर मेला स्थल का निरीक्षण करती डीएम व एसपी।

## तैयारी

श्रावस्ती, संवाददाता। आगामी कजरी तीज मेला को लेकर डीएम कृतिका शर्मा व एसपी प्राची सिंह ने विभूतिनाथ मंदिर मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान बैठक भी की। बैठक के दौरान मेले की सुरक्षा को लेकर व्यवस्था चाक चौबंद करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने कहा कि मेले में आने वाले मेलार्थियों व श्रद्धालुओं को समस्या न हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसलिए सम्बन्धित अधिकारी निरन्तर भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं कजरी तीज मेले से पहले ही चुस्त-दुरुस्त कर लें। जिससे मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी अधिकारी की ओर से इसमें शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कजरी तीज मेला में पालिथीन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहे दुकानदार पालिथीन का प्रयोग न क इसके लिए मेला में व्यवस्था कार्य दे रहे मन्दिर कमेटी के सदस्य दुकानदारों को जागरूक करके प्रे करें। जो भी समान की बिक्री क वह झोले अथवा कागज के लिफा में ही दें।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि मे क्षेत्र में अराजक तत्वों पर कड़ी निगरा के लिए व्यापक मात्रा में सीसीटी कैमरे की व्यवस्था की गई है। इस साथ ही मेलार्थियों के वेश में पुरुष महिला पुलिस तैनाती रहेगी मेलार्थियों के बीच में ही रह अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर मे समाप्ति तक भ्रमण कर शान्तिपूर्ण ढ से मेला सम्पन्न कराएंगे। बैठक एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एएस प्रवीण कुमार यादव, एसडीएम भिन पीयूष जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : एसपी

श्रावस्ती। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व चेहल्लुम को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए मंगलवार को पुलिस कार्यालय में शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक में लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। साथ ही महौल खराब करने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि त्योहार खुशियों का पर्व है। सभी लोग श्री कृष्ण जन्मोत्सव व चेहल्लुम के त्यौहार को शान्तिपूर्ण ढ़ग से मिल-जुल कर मनाएंगे। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र में आयोजकों से समन्वय स्थापित कर त्योहार को शान्ति-पूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराएं। बैठक में एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, सीओ इकौना सन्तोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## अमन चैन से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

संसू, श्रावस्ती : श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व चेहल्लुम को लेकर मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने की। उन्होंने मौजूद लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। एसपी ने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं, जिससे भाईचारे की मिसाल कायम रहे। अमन चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हों।

# जनशिकायतों के निस्तारण में जिले को सूबे में तीसरा स्थान

**जासं, श्रावस्ती** : शासन से अगस्त की आइजीआरएस की रैंकिंग जारी की गई है। इसमें जिले ने टाप-5 में अपनी जगह बनाते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

डीएम कृतिका शर्मा ने बताया कि शासन की मंशानुरूप जनशिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निरंतर समीक्षा की जा रही है। इसके फलस्वरूप जिले को यह मुकाम मिला है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी बधाई के पात्र है। आगे भी इसी प्रकार का प्रदर्शन बनाए रखने की उम्मीद है। जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी शिकायती पोर्टल आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व आनलाइन माध्यमों से प्राप्त अन्य संदर्भों का विशेष रुचि लेकर गुणवत्ता निस्तारण करें। शिकायतकर्ताओं को बार-बार जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े।

# मारपीट के दोषी पिता-पुत्र को सश्रम कारावास

**जासं, श्रावस्ती** : मजदूरी के पैसे मांगने पर एससी युवक की पिटाई करने वाले पिता-पुत्र को साढ़े तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। 5500-5500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

**अदालत से**

विशेष लोक अभियोजक प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया कि गिलौला क्षेत्र के ठेगरहना गांव में सात अप्रैल 2010 को शेरू यादव ने अपने पिता जगदीश के साथ मिलकर मजदूरी के पैसे मांगने पर एससी युवक को जातिसूचक गाली देते हुए पिटाई की थी। गिलौला थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट उमेश कुमार ने पिता-पुत्र को दोष सिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई है।

# सीसीटीवी की निगरानी में होगा कजरी तीज मेला

संवाद न्यूज एजेंसी



विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण करतीं डीएम। -संवाद

श्रावस्ती। कजरी तीज पर सिरसिया के विभूति नाथ मंदिर में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। इसे लेकर मंगलवार को डीएम व एसपी ने मंदिर परिसर का निरीक्षण करके तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

बैठक के दौरान डीएम कृत्तिका शर्मा ने कहा कि कजरी तीज पर विभूति नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों कांवड़ियों का जत्था पहुंचेगा। इसके साथ ही यहां लाखों श्रद्धालु भी जलाभिषेक के लिए आएंगे। ऐसे में उन्हें असुविधा न हो इसके सारे प्रबंध कर लिए जाएं। कहा कि मेला परिसर में पॉलिथीन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। मेले के दौरान बिजली, पानी व आग से सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। यहां पेयजल, पार्किंग, स्वास्थ्य कैंप, सफाई व्यवस्था, बैरिकेटिंग व शौचालय आदि की व्यवस्था भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं एसपी प्राची सिंह ने बताया कि रजिया तालाब से मंदिर तक वॉच टावर, प्रकाश सहित सीसीटीवी का इंतजाम होगा। सादी वर्दी में भी पुलिस तैनात रहेगी।

अराजकतत्वों पर निगरानी के लिए स्पेशल फोर्स तैनात रहेगी। इस दौरान एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, सीएमओ डॉ. एपी सिंह, महंत शिवनाथ गिरी, ज्ञानी बाबा, चंदन गिरी व मेला प्रबंधन समिति के प्रबंधक पद्माकर दुबे आदि मौजूद रहे।

# कजरी तीज मेले में पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी पालीथिन : डीएम

**संसू, श्रावस्ती** : सिरसिया स्थित बाबा विभूतिनाथ मंदिर परिसर में कजरी तीज मेला व कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम कृतिका शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखें। अधिकारी निरंतर भ्रमण कर मेले से पूर्व सभी व्यवस्था दुरुस्त कर लें। इसमें शिथिलता बरती गई तो कार्रवाई होगी।

डीएम ने कहा कि कजरी तीज मेले में पालीथिन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। मेले में व्यवस्था कार्य देख रहे मंदिर कमेटी के सदस्य दुकानदारों को जागरूक करें कि सामान की बिक्री झोले अथवा कागज के लिफाफे में करें। प्रबंध कमेटी से अनुमति लेकर ही मेले में दुकान लगेगी। दुकानों पर डस्टबिन की भी व्यवस्था की जाए। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि मेला क्षेत्र में अराजकतत्वों की निगरानी के लिए सीसी कैमरे की व्यवस्था की गई है। मेलार्थियों के भेष में पुरुष व महिला पुलिस भी तैनात रहेंगे।

# एंबुलेंस कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

**श्रावस्ती।** सीएचसी गिलौला में मंगलवार को एंबुलेंस सेवा का संचालन कर रही संस्था ईएमआर ग्रीन हेल्थ सर्विस की ओर से इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन व पायलट को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान पैरामेडिकल स्टॉफ को आपातकालीन स्थिति में मरीज की जान बचाने की प्रशिक्षक अनुज वर्मा ने जानकारी दी। इस दौरान आशीष कुमार चौहान, पंकज मिश्रा, लालजी सिंह, महेश चंद्र मिश्रा, मुकेश कुमार, निर्मल कुमार व रवि कुमार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में मंगलवार जनता दर्शन के तहत एसपी प्राची सिंह ने जनसुनवाई की। इस दौरान आए 24 प्रार्थना पत्र आएं। जिसमें तेरह भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व छह अन्य विवाद से संबंधित थे। जिसका तत्काल निस्तारण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। (संवाद)

# ग्राम प्रधान के विरुद्ध खोला मोर्चा

**श्रावस्ती।** सिरसिया के ग्राम तेंदुआ रतनपुर के ग्रामीणों ने मंगलवार कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम कृतिका शर्मा को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक सितंबर को ग्राम प्रधान के विरुद्ध विकासकार्य, खुली बैठक व बरसात के पानी के निकासी को लेकर शिकायती पत्र दिया था। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब ग्राम प्रधान व उसका पति शिकायतकर्ताओं पर दलित उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से हस्तक्षेप की मांग किया है। शिकायत करने वालों में चिंताराम, दिनेश, राम नारायण, खुर्शीद, शेषराज, राजिया खातून, मालिक राम, मिश्रीराम, परिक्रमा व पुत्ती लाल सहित कई ग्रामीणों के नाम शामिल है। (संवाद)

# रैतिक परेड का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में मंगलवार एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने रैतिक परेड की सलामी ली। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रों सहित यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर खामियां दूर करने के लिए प्रभारी यूपी-112 को निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर गार्द व परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। साथ ही भोजनालय में पहुंच कर भोजन की गुणवत्ता जांची। उन्होंने डीसीआर, बैरक व शौचालय आदि का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन के आसपास सफाई के लिए आरआई को निर्देश दिया। (संवाद)

## साइबर अपराध से बचने को एडवाइजरी जारी

**श्रावस्ती।** जिले में बढ़ रहे साइबर अपराध को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है। मंगलवार को एसपी प्राची सिंह ने जिलेवासियों के नाम एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कहा गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, इससे डाटा चोरी हो सकता है। लोन लेने से पहले सही प्लेटफार्म का चुनाव करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहने की सलाह दी है। कहा कि साइबर अपराध संबंधित सूचना तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। (संवाद)

## शांति समिति की बैठक

**श्रावस्ती।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व चेहल्लुम को लेकर मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार में शांति समिति की बैठक एसपी प्राची सिंह की अध्यक्षता में हुई। एसपी ने लोगों से जिले में भाईचारे की मिसाल कायम रखने व अमन चैन बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा काम न करें जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हो। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, इकौना संतोष कुमार, जमुनहा सतीश कुमार शर्मा सहित समेत तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। (संवाद)

## महिलाओं व युवतियों को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को शक्ति मोबाइल टीम ने इकौना के बेचू बाबा, संजय पार्क, सिरसिया के राजकीय इंटर कॉलेज गब्बापुर में चौपाल का आयोजन किया। महिला आरक्षियों ने महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के साथ ही हेल्प लाइन नंबरों व साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं के लिए बनाए गए कानून व नियमों, साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट का वितरण भी किया गया। (संवाद)

# 13 साल पुराने मामले में पिता-पुत्र को कैद

**श्रावस्ती।** गिलौला थाना क्षेत्र के ठेंगरहना गांव में तेरह वर्ष पूर्व हुए मारपीट के मामले में मंगलवार को अपर जिला जज ने फैसला सुनाया। जिसमें दोषी पिता-पुत्र को साढ़े तीन साल सश्रम कारावास कारावास समेत 5500-5500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे विशेष अभियोजक प्रेमकुमार मिश्रा ने बताया कि सात अप्रैल 2010 को गिलौला थाना क्षेत्र के ठेंगरहना निवासी पिता-पुत्र शेरू यादव व जगदीश प्रसाद के विरुद्ध मारपीट व जातिसूचक गाली देने के आरोप में केस दर्ज कराया गया था। जिसके विचारण के बाद मंगलवार को अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एससी एसटी उमेश कुमार ने पिता-पुत्र को दोषी मानते हुए फैसला सुनाया। (संवाद)